
वर्ष 72 अंक 334 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 01 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर ▪▪ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

दुनिया को स्वप्नदृष्टाओं की जरूरत है और दुनिया को कर्मवीरों की भी जरूरत है। लेकिन सबसे बढ़कर, दुनिया को ऐसे स्वप्नदृष्टाओं की जरूरत है जो कर्म भी करें।
-सारा बैन ब्रीथनाच



# साहित्य सृजन

## कान्हा अब काहे की देर है



आओ कान्हा अब काहे की देर है
मन टूटा विश्वास है छलनी
तन झुरमुट है सांस निकलनी
रोम-रोम से बस यही टेर है
आओ कान्हा अब काहे की देर है।।
नन्हे नन्हे पायल की रुनझुन
मातु यशोदा दिखती गुमसुम
फोड़ दो मटकी माखन टगां मुडेर है
आओ -कान्हा अब काहे की देर है।।
गोकुल गोप पुकारें कृष्णा
हिय में जगी है अविरल तृष्णा
तुम बिन छलिया ये कैसे दिनों का फेर है??
आओ -कान्हा अब काहे की देर है।।
स्वामी के सीने में लदी है चाकी
आंसुओं में डूबी छठ और राखी
ना मालूम! कहां तुम्हारा खैर है!
रे आओ कान्हा -अब काहे की देर है।।

**विजय शर्मा 'स्वामी', रीवा।**

---

## हे गजानन



मेरे गणपति राजा, आएंगे, खुशियो का मंजर, लाएंगे,
गणपति बप्पा मोरिया, फिर बच्चे बच्चे गाएंगे।
मूसक की वो करे सवारी, रिद्धि सिद्धी साथ हो।
एक हाथ मे पास लिए, और मोदक दूजे हाथ हो।
जिनकी कृपा से सुख समृद्धि, की हरदम बरसात हो।
हम भी उनकी चौखट मे, जाकर के शीष नवाएंगे।
गणपति बप्पा मोरिया, फिर बच्चे बच्चे गाएंगे।
प्रथम पूज्य कहलाते अपने, गौरी पुत्र गणेश हो।
जिनकी पूजा से खुश होते, ब्रह्मा विष्णु महेश हो।
सुख के सागर ये खुश हो फिर क्या रह जाए शेष हो।
जिनकी आरती करे देवता, हम उनके दर्शन पाएंगे।
गणपति बप्पा मोरिया, फिर बच्चे बच्चे गाएंगे।।

**आशीष खरे 'बेरंग'**

---

## गणेश वंदना



गौरा मैया के लाडले गणेश,
आओ भवन मेरे काटो कलेश।
हाथ में लाई पूजा की थाली,
भर दो मेरा दामन है खाली,
आश लगा के दर आई हूँ,
मुझ पर कर दो कृपा अशेष। आओ भवन ........
लड्डू मोदक मन को भावे,
पीत वसन में सुहावे,
मूषक वाह्न हृदय विराजो,
आन करो मेरे गृह में प्रवेश, आओ भवन .......
लंबोदर, गजबदन, विनायक,
चारभुजा शोभित अधिनायक,
हो जाते हैं सफल काम जब,
आशिष हो और दया विशेष। आओ भवन ..........
पार्वती के आँख के तारे,
शिव शंकर के राजदुलारे,
रिद्धि, सिद्धि संग आन विराजो,
महाकाय लगे सुंदर सुवेश।
आओ भवन मेरे काटो कलेश।

**प्रवीणा पाण्डेय, रीवा**

---

## उम्र कट रही है मलाल में




उम्र कट रही है उनकी बस इस मलाल में
दूल्हा बन सके न वो चालीस साल में।
रो रहे हैं वो कुछ इस तरह अब तलक
जैसे आए हुए हों किसी के इंतक़ाल में।
हो न पाएगी शादी जानतें हैं पर मानते नहीं
दिन कट रहे हैं उनके लुगाई के ही ख्याल में।
होने पाए उनकी शादी यदि अब भी तो
दर्जनों बच्चों के बाप बनेंगे वो एक ही साल में।
शादी कब कर रहे हो ? यह सुनते ही
सुन्न पड़ जाते हैं वो लोगों के ऐसे सवाल में।

**आशीष तिवारी 'निर्मल', लालगांव**

---

## किसानी के संकट



खुद को मिटाकर जीवन देना,
तूने सबको सिखाया है।
जन-जन की सेवा करना,
तूने अपना धर्म बनाया है।
धान का दाना जग का परात्मा होता है,
पर जग के हर प्राणी का पेट,
तो केवल किसान ही भरता है।
धूप हो, बरसात हो या ठंडी हवाएँ,
तेरी मेहनत से ही हर घर में रोटियाँ पकती जाएँ।
तेरी हथेली की लकीरें मिट्टी से मिल जाती हैं,
तभी तो धरती माँ की गोद हरी-भरी हो जाती है।
पर अब तेरा संघर्ष और भी बढ़ जाता है,
खाद संकट में तेरी फसल ही सूख जाती है।
तू ही असली धनी है, तू ही असली शान,
तेरे बिना अधूरा है मेरा हिंदुस्तान।

**शबनम शुक्ला, अजगरहा**

---

## विंध्य बघेली!



विंध्य बघेली शान हमारी, बाघों से पहचान है।
सफेद शेरों की धरती से, रीवा की पहचान है।।
बिछिया, सोन, बीहण नदियां, बहती है कल-कल करके।
यहां हुए हैं तानसेन तानों, का संग्रह कर-कर करके।।
यहां विराजी मां काली और मृत्युंजय भोले बाबा।
सीधी में है बाबा बढ़ैरा, क्योंटी और गुढ़ में भैरव बाबा।।
जिस माटी में पले बढ़े, वो विंध्य क्षेत्र की माटी।
धन्य धन्य यह पुण्य धरा, ये विंध्य क्षेत्र की माटी।।
विंध्य बघेली भाषा प्यारी, प्यारी विंध्य की माटी।
विंध्य बघेली शान हमारी, पहचान विंध्य की माटी।।

**अभय चौरसिया, महसांव**

---

## हे अर्जुन



गांडीव उठा कर हे अर्जुन
अब रण में तुम्हें उतरना होगा
है कर्ण महा रथी है महा योद्धा
पूरे बल से तुमको लड़ना होगा।
अन्यथा कर्ण को रोक सके
इतना बल नहीं पवन तेज़ में है
आज कर्ण हैं यह बाण नहीं
सारे दिख रहे काल भेष में है।
है पता माधव को भी यह
की कर्ण बड़ा बल शाली है
क्रोध को शस्त्र बना लेता
लिया तेज विजय विकराली है।
जब तक यह कर्ण खड़ा होगा
तेरी विजय नहीं हो सकती है
अधर्म विजय पा जायेगा
जय तेरी ना हो सकती है।
अधर्म मिटाने हे को पार्थ सुनो
कर्ण का सामना करना होगा
जब रथ से पहिया निकालेगा
संधान तीर तुम्हें करना होगा।
बाकी यह सब देख रहा हूँ मैं
की विजय धर्म की होनी है
कर्ण गिरा यदि धरा पे ना तो
जय तेरी सुनिश्चित होनी है।

**पंडित रावेंद्र तिवारी 'राज', पताई रीवा**

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1376 बूथों पर सुनी मन की बात



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम श्ए'मन की बात के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित कर प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिशए बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्दए हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है। पीएम मोदी के मनत्रक्कीत्रबात के 125वें संस्करण का लाइव प्रसारण को भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बूथ क्रमांक 266 नेक्टर झील पर समस्त बूथ कार्यकर्ताओं और पार्टी के पदाधिकारियों एवं महिला मोर्चा की बहनों के साथ सुना। इस अवसर पर जिले के लोकप्रिय सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार अमोधा तालाब निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी मालाहन टोला धवारी तालाब मध्य प्रदेश शासन कि मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह रामपुर बघेलान विक्रम सिंह विक्की सज्जनपुर के अमृत तालाब में प्रोजेक्टर में मन की बात का सीधा प्रसारण देखा और सुना। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि माह के अंतिम रविवार को पीएम श्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश् के 125वें एपिसोड को भाजपा जिला सतना के सभी 1376 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गणमान्य जन ओर आमजनों द्वारा सुना गया। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोएए उनका दर्द हम सबका दर्दश् उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियोए नमस्कार। मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू.स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए कहीं खेत डूब गए परिवार के परिवार उजड़ गएए पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए सड़कें बह गईंए लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफएसडीआरएफ के जवान अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन.रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरेए लाइव डिटेक्टरए खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानीए ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई।

# उप मुख्यमंत्री ने किया व्हाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण



**जागरण, सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रविवार को मैहर जिले के मुकुंदपुर में स्थित महाराजा मार्तंड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सफेद शेर सहित अन्य वन्य प्राणी के अहाते का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने रेप्टाइल हाउस के निरीक्षण के दौरान सर्प की विभिन्न प्रजातियों के सर्प देखे और उनके रहवास से संबंधित जानकारी भी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सफेद शेर मोहन को देखा तथा उसकी देखभाल और आहार संबंधी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि शनिवार-रविवार सहित अवकाश के दिन में सफारी में बडी संख्या में पर्यटकों का आवागमन होता है। उप मुख्यमंत्री ने पर्यटकों के लिए खानपान, पेयजल आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर वन समिति के सभापति हरीश कान्त त्रिपाठी, डीएफओ मयंक चांदीवाल सहित वन विभाग और सफारी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक विक्रम सिंह की मौजूदगी में सुनी गई पीएम की मन की बात



**जागरण, सतना।** भरत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 125 में मन की बात कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा सज्जनपुर मंडल के बूथ क्रमांक 193 पुरवा में विधायक विक्रम सिंह के मुख्यातिथि में संपन्न हुआ वही कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ने की इस मन की बात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि की श्रेणी पर जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी भाजपा आईटी विभाग जिला संयोजक शिवांक त्रिपाठी रहे।साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण एवं पुरवा तालाब में सफाई अभियान कार्य किया गया आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी पंकज सिंह गुड्डू धर्मेंद्र द्विवेदी राजेश गौतम दिगपाल सिंह कमला शरण पांडेय अनुराग शर्मा नीरज मल्हार संत लाल यादव मनोज पांडेय प्रसून पांडेय राज ललन सिंह महीप सिंह प्रदीप सिंह जिवेन्द्र सिंह पुष्पराज कुशवाहा भगवत सिंह डीपी सिंह रामचरण पाल मुन्ना सिंह कमला शरण पांडेय शैलेंद्र सिंह सेलू दुर्गेश अग्निहोत्री पुसई प्रजापति खेमचंद विश्वकर्मा पवन साकेत राहुल दहिया ज्ञानी शुक्ला सुरेंद्र सिंह छोटा आदिवासी राम मनी आदिवासी भीम शुक्ला धर्मेंद्र कायल गुरुदयाल यादव ललुआ यादव वीरेंद्र प्रताप सिंह धर्मेंद्र सिंह सूर्यप्रताप सिंह कंचन सिंह अशोक सिंह बबलू सिंह सुरेश सिंह जितेंद्र सिंह रामप्रताप सिंह राजेंद्र विश्वकर्मा तीरथ कुशवाहा भोपाल सिंह राजकुमार मिश्र बबलू मिश्र प्रकाश शुक्ला राजभान दुबेदी सहित बूथ स्तर एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल सज्जनपुर के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइकिल रेस में प्रतिभागियों ने लिया भाग



**जागरण, रामपुर बाघेलान।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संडे साइकिल रन का आयोजन विकासखंड युवा समन्वयक ज्योति तिवारी द्वारा साइकिल दौड़ का आयोजन हनुमानगंज स्टेडियम से बस स्टैंड से होते हुए सांदीपनी स्कूल पर समाप्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पांडेय ज्ञान गंगा स्कूल एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दयाराम दहायत सांदीपनि विद्यालय एवं रामराज भारत इंटरनेशनल स्कूल पीटीआई रहे।संडे साइकिल रन के तहत हनुमानगंज स्टेडियम में खिलाड़ियों को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए साइकिलिंग रनिंग इत्यादि की जानकारी देते हुए समन्वयक द्वारा एक दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बालक एवं बालिकाओं की अलग.अलग दौड़ आयोजित कराई गई प्रथम आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया इसके साथ ही साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम खेल दिवस के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आखिरी चरण का कार्यक्रम था जिसमें एक दौड़ स्वास्थ्य का नारा लगाते हुए सभी खिलाड़ियों विद्यार्थियों शिक्षक नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर द्वारा साइकिल दौड़ लगाई गई इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को स्वल्पाहार कराया गया। जिसमे अनामिका सिंह कृष्ण सिंह बालकृष्ण विवेक आदि खिलाड़ियों का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम में प्रतिभागियों और अतिथियों को समन्वयक ज्योति तिवारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

# गौरैया व बिहरा मंडल में मनाई गई कश्यप जयंती



**जागरण, सतना।** जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता सज्जनपुर महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता विजय गुप्ता के आतिथ्य में मनाई गई जयंती। जिला महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कसौधन समाज को प्रत्येक माह सामाजिक बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करते हुए सभी को अपनी सहभागिता निभाना होगा। आपसी मतभेदों को दूर कर सामंजस्य स्थापित करना चाहिए। तभी हमारी सामूहिक शक्ति दिखाई देगी। बिहरा एवं गौरैया मंडल के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, काशी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में समाज के बंधुओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्य रूप से। अरुणेश बनिया, अंकुर गुप्ता, रामलखन गुप्ता, राजू गुप्ता, अंकित गुप्ता, कमलेश गुप्ता गौरैया तथा सन्तोष गुप्ता, ज्ञानी गुप्ता, लालबहादुर गुप्ता, ददन प्रसाद गुप्ता, गणेश गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता, गोलू गुप्ता, खेमराज गुप्ता बिहरा एवं मंडल के सभी पदाधिकारियोंए मातृशक्ति उपस्थित होकर महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई। इस अवसर परप्रतिभावान बच्चों एवं वरिष्ठ समाजसेवीयो को सम्मानित किया गया।

# भजन कीर्तन से कम होते हैं संकट, बढ़ रही आस्था

**जागरण, कोटर।** बस स्टैंड में विराजमान गणपति बप्पा की मनमोहक झांकी। श्री लक्ष्मीनारायण गणेश उत्सव समिति द्वारा लगातार पांच साल से श्री गजानन महाराज गणपति बप्पा मोरया की मनमोहक झांकी सजाई जाती है। जहां हजारों की संख्या में भक्त भजन कीर्तन और पूजा अर्चना उपरांत गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हैं। समिति के कार्यकर्ता के द्वारा आए दिन भजन, कीर्तन, रामायण अन्य कार्यक्रम आयोजि किए जाते है। विकास उर्मलिया, अजय गौतम, रोहित सोनी, कृष्णा प्रताप सिंह छोटू, प्रकाश विश्वकर्मा, केतन अग्रवाल, चक्रधर सिंह, शिवम त्रिपाठी, अमर प्यासी, विपिन अग्निहोत्री, विद्यासागर गर्ग, गुड्डा सिंह, पंकज गौतम, विकास, सागर, रवि, रोहि, पिंटू, संजय, गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव में मगन रहते हैं।

**PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 14 सितंबर रविवार को रीवा में**



**रीवा।** रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), छरू(एंडोक्रिनोलॉजी & मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 14 सितंबर 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक & डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हर्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का ब ?ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बु ?पा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं-9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। advt

# कोटर ऑनलाइन सेंटर में आगजनी, लाखों का नुकसान

**कर्ज लेकर किया था रोजगार अब आगजनी ने छीना परिवार पालने के सपने**

**जागरण, कोटर।** सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद कोटर बस स्टैंड स्थित कृष्णा कॉम्प्लेक्स में विकास ऑनलाइन सेंटर एंड डिजिटल स्टूडियो में 30 अगस्त दिन शनिवार को करीबन 10 बजे शॉर्ट सर्किट से आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। ऑनलाइन सेंटर एंड कियोस्क संचालक रामविकास कुशवाहा पिता श्री शंकर प्रसाद कुशवाहा निवासी बम्हौरी थाना कोटर ने बताया कि हमेशा की तरह मैं अपनी दुकान 09 बजे बंद करके घर चला गया था कि करीब 10 बजे मुझे संतोष गौतम उर्फ बीरू मुझे टेलीफोन करके बताए कि तुम्हारे दुकान में आग लगी है जल्दी आओ तब मैं अपने घर से वापस अपनी दुकान आया देखा तो फायर ब्रिगेड वाले ताला तोडकर आग बुझा रहे थे जो पूरी आग बुझ चुकी थी तथा मेरे दुकान के अंदर कम्प्यूटर, स्टेशनरी, प्रिन्टर, दुकान के काउन्टर, कुर्सिया लैपटाप, कैमरा, पीओएस, डिवाईस मशीन, कूलर एवं दुकान के अंदर रखे समान जलकर नष्ट हो गया है आग मेरी दुकान में लगे बिजली के तार से शार्ट सर्किट के कारण लगी है अन्य कोई कारण नहीं है आग लगने से मेरी दुकान में 8 से 9 लाख के बीच का नुकसान हुआ है।

# राहुल गांधी द्वारा अभद्र टिप्पणी किये जाने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा आज करेगी धरना प्रदर्शन



**जागरण, सतना।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय की अगुवाई में आगामी 1 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं द्वारा अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ महिला मोर्चा द्वारा धरना प्रदर्शन दोपहर 3 बजे रूई मंडी स्टेशन रोड में एकत्रीकरण पन्नीलाल चौक चौक बाजार बिहारी चौक जय स्तम्भ चौक कांग्रेस कार्यालय का घेराव और राहुल गांधी का पुतला दहन महिला मोर्चा करेगी। जिसकी तैयारी बैठक पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख रूप से महापौर योगेश ताम्रकार महिला मोर्चा सह मीडिया प्रभारी प्रियांशा उर्मलिया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार जिला महामंत्री रमाकांत गौतम महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मनीषा सिंह एड अंजना तिवारी जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता मुरारी सोनी जान्हवी त्रिपाठी रेनू सिंह प्रभा पांडेय रेखा सिंह शिवम तिवारी सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू धीरेन्द्र सिंह राठौर अजय सिंह मिंटू सुनील मिश्रा शैलेन्द्र शर्मा महेन्द्र तिवारी शिवांक त्रिपाठी श्रद्धा सिंह प्रीति रैकवार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रस्सा कसी प्रतियोगिता में विजयी ग्रामोदय की महिला टीम सम्मानित



**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित खेल कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पन्न रस्सा कसी प्रतियोगिता में विजयी हुई महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की महिला टीम को कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और सतना के सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य आईएएस ने ग्रामोदय कैंपस वापस लौटने पर सम्मानित किया। इस टीम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छात्राये गरिमा सिंह, अरुंधती तोमर, अदिति तिवारीए कृति राजे सिंह, अनामिका द्विवेद्वी, मानसी द्विवेदी, गायत्री द्विवेदी, श्रेया तिवारी, पल्लवी झा, पूर्णिमा पसायत, तीकतारा प्रधान, माधवी राय, खुशी लोधी, अंजली त्रिपाठी, कनक त्रिपाठी, गंगा देवी, रोशनी सिंह आदि रही। टीम लीडर धनंजय सिंह और श्रीमती सुनीता सिंह ने प्रतियोगी टीम के प्रदर्शन वैशिष्ट्य को प्रस्तुत करते हुए बताया कि रस्सा कसी प्रतियोगिता में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की महिला रस्सा कसी टीम को विजई घोषित किया गया है।

## कला उत्सव जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

**सतना।** रविवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ सइस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा सांस्कृतिक अभिरुचि एवं कलात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहन देना रहा इसमें सतना एवं मैहर जिले के कुल सात विकास खंडो के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की सकार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं संस्था के प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया सतत्पश्चात विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें शास्त्रीय नृत्य एवं लोक नृत्य एकल एवं सामूहिक शास्त्रीय संगीत एवं लोक संगीत एकल एवं सामूहिक नाटक कहानी वाचन, मूर्ति कला और चित्रकला प्रमुख रही स जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता पूर्णतया सफल एवं सार्थक रहीस इस आयोजन में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया एवं कला और संस्कृति के प्रति उनके रुझान को प्रोत्साहित किया विजेता प्रतिभागी आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे निर्णायक मंडल में श्रीमती दीपागौतम, श्रीमती रचना जोशी, श्रीमती रंजना पांडे एवं श्रीमती शकुंतला त्रिपाठी रही सप्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम प्रभारी रत्नेश द्विवेदी एवं श्रीमती पूनम सिंह ने कियास प्रमुख सहयोग प्रेम प्रकाश पाल, श्रीमती अंकिता सिंह, योगेंद्र शुक्ला, कुमारी अनामिका पांडे, राजमणि साहू बनवारी लाल दोहर एवं महेंद्र बर्मन का सहयोग रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरे पुराने पासपोर्ट मे मेरा नाम DIVYA BHARTI MANDAL था जिसे मैं शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम DIVYA BHARTI RAY W/O MANAV RAY कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम DIVYA BHARTI RAY W/o MANAV RAY के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता GRAM SIRSI POST SUNWANI KALAN SIRSI AMANGANJ DISTRICT

**नाम परिवर्तन सूचना**

हम घोषणा करते है कि हम माता एवं पिता DEEPTI SAHU W/O JITENDRA KUMAR SAHU निवासी नई सब्जी मंडी ईदगाह चौक रघुराजनगर सतना जिला सतना म0प्र0 मे हम वा मेरी नावलिक पुत्री KRATIKA SAHU निवास करते है। मेरे नावलिक पुत्री KRATIKA SAHU के पुराने पासपोर्ट मे नाम KRITIKA SAHU लिखा है इस नाम को सुधार कर के (बदल कर) नया नाम KRATIKA SAHU कर लिये है। अब नये नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय।

वर्ष 72 अंक 334 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 01 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

हमारे बहुत से सपने पहले मुश्किल लगते हैं, फिर असंभव लगते हैं, और फिर जब हम अपनी इच्छाशक्ति जुटाते हैं तो वे जल्द ही हमारी पहुंच में आ जाते हैं।
-क्रिस्टोफर रीव

# अगस्त तरबतर: उत्तर-पश्चिम भारत में 24 साल का रिकॉर्ड टूटा

## 2001 के बाद सबसे अधिक बारिश, 1901 के बाद से 13वीं बार इतनी भारी वर्षा




**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त 2025 में बारिश ने 24 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विभाग के अनुसार इस महीने क्षेत्र में औसतन 265 मिमी वर्षा दर्ज हुई, जो 2001 के बाद सबसे अधिक और 1901 के बाद से 13वीं बार इतनी भारी बारिश हुई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सितंबर में भी सामान्य से अधिक वर्षा होने के आसार हैं, जिससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं और बढ़ सकती हैं। अगस्त में लगातार बारिश ने पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में तबाही मचाई।

### दक्षिणी भारत भी तरबतर

पूरे देश में अगस्त महीने में 268.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई, जो सामान्य से 5 फीसदी ज्यादा है। वहीं जून से अगस्त तक देशभर में औसतन 743.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 6 फीसदी अधिक है। सिर्फ उत्तर-पश्चिम ही नहीं, बल्कि दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भी अगस्त में सामान्य से 31 फीसदी अधिक यानी 250.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह 2001 के बाद तीसरी और 1901 के बाद आठवीं बार सबसे ज्यादा रही। जून-अगस्त के दौरान यहां 607.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई, जो सामान्य से करीब 9 फीसदी ज्यादा है।

### सितंबर के लिए चेतावनी

आईएमडी का अनुमान है कि सितंबर में भी बारिश सामान्य से अधिक होगी। दीर्घकालिक औसत (167.9 मिमी) के 109 फीसदी तक रह सकता है। हालांकि पूर्वोत्तर और दक्षिणी भारत के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम हो सकती है।

सितंबर में उत्तराखंड के लिए खतरा ज्यादा है। वहां भारी बारिश से भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की घटनाएं हो सकती हैं। उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं, इसलिए इसका असर गंगा के मैदानी इलाकों तक पहुंचेगा।
-मृत्युंजय महापात्रा, महानिदेशक, आईएमडी




## संक्षिप्त खबरें

### एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट
### लगातार दूसरी जीत के साथ भारत सुपर-4 में



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर-4 में जगह बना ली। रविवार को खेले गए मैच में टीम इंडिया ने जापान को 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत पूल-ए पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंच गया। राजगीर के बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले की शुरुआत भारत ने आक्रामक अंदाज में की। तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके सिर्फ दो मिनट बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। हाफ टाइम तक भारत की यह बढ़त कायम रही। तीसरे क्वार्टर में जापान ने वापसी की कोशिश की। कावाबे ने बेहतरीन बैक हैंड शॉट लगाकर पहला गोल दागा। चौथे क्वार्टर से ठीक पहले हरमनप्रीत सिंह ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। उनका यह दूसरा और भारत का तीसरा गोल था। अंतिम पलों में कावाबे ने फिर गोल कर जापान की उम्मीदें जगाईं थीं।

### रीवा: तीसरी मंजिल से कूदा बुर्जुग, मौत

**जागरण, रीवा।** अपनी बीमारी से परेशान एक वृद्ध ने संजय गांधी मेडिकल कालेज की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग को एक दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती किया गया था। रविवार दोपहर 70 वर्षीय कृष्ण कुमार गुप्ता बाथरूम जाने का बहाना कर वार्ड से बाहर निकले और अचानक तीसरी मंजिल पर पहुंच गए। वार्ड और अस्पताल में खड़े लोग देखते ही रह गए और वृद्ध मरीज ने बालकनी से छलांग लगा दी। गिरने की आवाज सुनकर अस्पताल कर्मचारी दौड़े लेकिन मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ यत्नेश त्रिपाठी के मुताबिक मृतक कृष्ण कुमार बैकुंठपुर निवासी थे और गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। जांच में सामने आया है कि बुजुर्ग लंबे समय से बीमारी से परेशान थे। लगातार 15 दिनों से बुखार आ रहा था और उनमें सेप्टिसीमिया संक्रमण के लक्षण दिख रहे थे। यह एक खतरनाक संक्रमण होता है। माना जा रहा है कि बीमारी के कारण निराश होकर वृद्ध ने यह कदम उठाया है।

## मोदी-जिनपिंग मुलाकात: एससीओ समिट में भारत-चीन की नई शुरुआत

# सीमा विवाद में नरमी, व्यापार सुधार व सहयोग पर फोकस

**बीजिंग, नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल बाद चीन पहुंचे और यहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट से पहले हुई और करीब 50 मिनट चली। दोनों नेताओं की इस मुलाकात ने न केवल द्विपक्षीय रिश्तों में नरमी के संकेत दिए, बल्कि वैश्विक मुद्दों पर भी साझा सहयोग का संदेश दिया।

बातचीत के बाद पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत में 2026 में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया। साथ ही उन्होंने आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए चीन से सहयोग की मांग की। मोदी ने कहा कि आज आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा बन चुका है। ऐसे में सभी देशों को मिलकर काम करना होगा। जिनपिंग ने भी सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि ड्रैगन और हाथी को साथ चलना चाहिए, तभी एशिया और दुनिया की शक्ति संतुलन मजबूत होगा।

आधिकारिक स्वागत समारोह के दौरान पीएम मोदी अन्य नेताओं के साथ ग्रुप फोटो में शामिल हुए। इस फोटो में उनके साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद रहे। इस दृश्य ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में खास संदेश दिया कि विरोधी देश भी साझा मंच पर संवाद कर सकते हैं। मोदी का यह दौरा खास इसलिए भी है क्योंकि जून 2020 की गलवान झड़प के बाद भारत-चीन रिश्ते बेहद खराब हो गए थे। सीमा विवाद, व्यापारिक मतभेद और आपसी अविश्वास बढ़ गया था। ऐसे में मोदी का यह चीन दौरा रिश्तों को सामान्य करने की बड़ी पहल माना जा रहा है।समिट के दौरान पीएम मोदी ने कई देशों के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने नेपाल के पीएम के.पी. ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव, मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली और बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको से द्विपक्षीय वार्ता की। म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग हलिंग से मुलाकात में मोदी ने नेबर्स फर्स्ट पॉलिसी और एक्ट ईस्ट पॉलिसी पर जोर दिया और म्यांमार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का समर्थन किया।



भारत और चीन के सहयोग से 2.8 अरब लोगों का कल्याण जुड़ा हुआ है।
- नरेंद्र मोदी

'ड्रैगन' व 'हाथी' को साथ चलना चाहिए, तभी दुनिया का शक्ति संतुलन मजबूत होगा।
-शी जिनपिंग



### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- **सीमा विवाद में नरमी :** गलवान और देपसांग क्षेत्रों से सैनिक पीछे हटाने पर सहमति बनी। अब पूर्वी और मध्य सेक्टर पर बातचीत जारी है।
- **व्यापार में सुधार :** पांच साल बाद भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुईं। चीन ने भारत को रेयर अर्थ मिनरल्स और खाद-मशीनरी सप्लाई करने का भरोसा दिया।
- **धार्मिक और सांस्कृतिक सहयोग :** चीन ने भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर यात्रा की अनुमति दी। पत्रकारों और पर्यटकों के लिए वीजा नियम आसान किए गए।
- **पानी का डेटा शेयरिंग :** ब्रह्मपुत्र नदी पर डेटा शेयरिंग दोबारा शुरू की गई।
- **अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग :** एससीओ और ब्रिक्स जैसे संगठनों में दोनों देश मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर का समर्थन कर रहे हैं।

### यहां अटके हैं रिश्ते

- **एलएसी का स्थायी समाधान नहीं :** वास्तविक नियंत्रण रेखा अब भी तय नहीं है।
- **ब्रह्मपुत्र पर डैम विवाद :** चीन तिब्बत में विशाल डैम बना रहा है, जिसका भारत विरोध कर रहा है।
- **पाकिस्तान फैक्टर :** पाकिस्तान के साथ चीन की गहरी साझेदारी और भारत की क्वाड में मौजूदगी को लेकर अविश्वास कायम है।
- **व्यापार घाटा :** भारत ने 2020 के बाद चीनी कंपनियों और एप्स पर रोक लगाई। इसके बावजूद चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है।

**ब्रिक्स सम्मेलन से उम्मीद:** मोदी ने जिनपिंग को 2026 ब्रिक्स सम्मेलन में भारत आने का न्यौता दिया। शी ने शुक्रिया कहा और भारत की अध्यक्षता को समर्थन देने का वादा किया।

## मुरैना: सांदीपनी विद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में सीएम की घोषणा

# प्रदेश के 20 लाख किसानों को मिलेंगे सोलर पॉवर पंप

- 37. 67 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगा सांदीपनी विद्यालय का भवन
- 14.92 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा राजा मान सिंह तोमर कॉलेज



**पहले डाकुओं को अब उद्योगपतियों को मिलती है जमीन**

प्रदेश का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। मुरैना जिले को भी अब विकास में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। मुरैना भी विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। कांग्रेस की सरकारों ने डाकुओं को बढ़ावा दिया और युवाओं का भविष्य खराब कर दिया। मगर अब उद्योगपति भी मुरैना जिले में आ रहे हैं। यहां उद्योग इकाई शुरु हो रही हैं। जो देश बदलने का प्रतीक है।
■ डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**जागरण, मुरैना।** प्रदेश के 20 लाख किसानों को बहुत जल्द एक और सौगात मिलने जा रही है। इससे अन्नदाताओं को बिजली के महंगे बिलों से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐलान किया है कि प्रदेश के 20 लाख किसानों को जल्द ही सोलर पॉवर पंप मुहैया कराए जाएंगे। ताकि किसानों को बिजली की समस्या और उसके बिलों से निजात मिल जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुरैना के ग्राम राजौधा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

राधा अष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां सांदीपनी विद्यालय के नए भवन का लोकार्पण एवं शासकीय महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास करते हुए यह बात कही। सांदीपनी विद्यालय का नया सर्वसुविधायुक्त भवन 37 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। जबकि कॉलेज का भवन 14 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से तैयार होगा। इसका नया नाम शासकीय राजा मान सिंह तोमर महाविद्यालय होगा। राजौधा गांव में शासकीय कॉलेज खोलने की घोषणा भी मुख्यमंत्री यादव ने ही की थी। फिलहाल यह कॉलेज गांव के ही एक शाला भवन में लग रहा है। इसमें 240 से अधिक छात्राएं कला संकाय में अध्ययनरत हैं। राधा अष्टमी पर सांदीपनी विद्यालय के भवन के लोकार्पण को एक शुभ संयोग बताते हुए सीएम यादव ने कहा कि शहर-शहर में सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। ऐसे ही सांदीपनि आश्रम में श्रीकृष्ण ने वेद, शास्त्रों और विद्याओं का ज्ञान प्राप्त किया था। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अन्नदाताओं को सम्मान और सुविधा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कुल 12 हजार रुपए सम्मान निधि दी जा रही है। राज्य सरकार अब सभी लाड़ली बहनों को भी दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 की राशि देगी। इसके साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर लैपटॉप, होनहार विद्यार्थियों को स्कूटी, साथ ही साइकिल और गणवेश भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने यहां तहसील पोरसा के ग्राम ओरेठी स्थित प्रसिद्ध आसमानी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

#### बयान... तृणमूल सांसद की मुश्किलें बढ़ीं

## मोइत्रा पर केस दर्ज, शाह पर टिप्पणी से मचा बवाल

**रायपुर, जेएनएन।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ रायपुर के माना थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय निवासी गोपाल सामंतो की शिकायत पर मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (धर्म, जाति, भाषा, जन्मस्थान आदि के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी भड़काना) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा था कि अगर अमित शाह बांग्लादेश से घुसपैठ रोकने में असफल रहते हैं तो 'पहली चीज जो करनी चाहिए वह है अमित शाह का सिर काटकर अपनी मेज पर रखना।'



#### वायुसेना... योग्य महिलाओं की नियुक्ति का आदेश

## उड़ान पदों पर सिर्फ पुरुषों की नियुक्ति गलत: कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच में केवल पुरुषों के लिए आरक्षित पद रखना न्यायसंगत नहीं है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि योग्य महिला उम्मीदवार को तत्काल नियुक्त किया जाए। अदालत ने टिप्पणी की कि अब वह समय नहीं रहा जब सशस्त्र बलों में पुरुष और महिला उम्मीदवारों के बीच भेदभाव किया जा सके। 17 मई 2023 को संघ लोक सेवा आयोग ने सशस्त्र बलों में विभिन्न पदों के लिए अधिसूचना जारी की थी। इसमें वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच के लिए कुल 92 पद घोषित किए गए थे, जिनमें 2 पद महिलाओं के लिए आरक्षित थे। ये दोनों पद भरे गए, लेकिन शेष 90 पदों में से केवल 70 ही पुरुष उम्मीदवारों से भरे गए, जबकि 20 पद खाली रह गए। याचिकाकर्ता महिला उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में सातवें स्थान पर थीं। वह 'फिट टू फ्लाई' प्रमाणपत्र रखती थीं और सभी आवश्यक परीक्षाएं पास कर चुकी थीं। इसके बावजूद, उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई।

#### याचिका... 20 प्रतिशत 'ईबीपी-20' को चुनौती

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री पर सुनवाई आज से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट 1 सितंबर को देशभर में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) की बिक्री को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। आरोप है कि लाखों वाहन चालकों को ऐसा ईंधन इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो उनके वाहनों के अनुकूल नहीं है। एडवोकेट अक्षय मल्होत्रा की जनहित याचिका में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को निर्देश देने की मांग की गई है कि सभी पेट्रोल पंपों पर इथेनॉल-फ्री पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, हर पंप पर पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि उपभोक्ता जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें। याचिका में यह भी कहा गया है कि सरकार देशव्यापी अध्ययन कराए, जिससे पता चले कि गैर-अनुपालन वाले वाहनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल से इंजन पर कितना असर पड़ता है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2023 से पहले बने अधिकांश कार और दोपहिया वाहन इथेनॉल मिश्रण को सहन नहीं कर पाते।

#### सख्ती... पंजीकरण नियमन के लिए याचिका दर्ज

## सुप्रीम कोर्ट से फर्जी दलों पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया है।



**एआई क्रांति** रिलायंस की वार्षिक आम बैठक के दौरान गूगल और फेसबुक ने की बड़ी घोषणा

# भारत के मोहल्लों की दुकान तक एआई पहुंचाएंगे गूगल-मेटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) इस बार महज कारोबारी मंच नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सुपरइंटेलिजेंस के भविष्य की दिशा तय करने वाला मंच बन गई। इस कार्यक्रम में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और फेसबुक (अब मेटा) के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने रिलायंस के साथ मिलकर भारत को एआई-चालित युग में प्रवेश दिलाने की अपनी योजनाओं की घोषणा की।

मार्क जुकरबर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि मेटा का लक्ष्य भारत के हर नागरिक तक 'पर्सनल सुपरइंटेलिजेंस' पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि कंपनी के ओपन-सोर्स एआई मॉडल्स के जरिए यह सपना साकार किया जाएगा।

जुकरबर्ग ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि हमारी एआई सिस्टम्स खुद को बेहतर बनाना शुरू कर चुकी हैं। सुपरइंटेलिजेंस हमारी मौजूदा तकनीकों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और हमें ऐसी चीजें बनाने में सक्षम करेगी, जिनकी कल्पना आज हम नहीं कर सकते।'



### भारत में एआई मार्केट

**1.45** लाख करोड़ रुपए से अधिक का होने की संभावना है भारत में एआई मार्केट 2027 तक बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट के अनुसार

**3** गुना से ज्यादा तेज वृद्धि कर रहा है फिलहाल भारत का एआई बाजार

**122.32** बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा 2035 में भारत का एआई बाजार, मार्केट रिसर्च फ्यूचर (एमआरएफआर) रिपोर्ट के मुताबिक



गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत गूगल के लिए हमेशा से विशेष रहा है और यही वजह है कि कंपनी यहां लगातार निवेश बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जियो और रिलायंस के साथ पिछले एक दशक में हुई साझेदारी ने करोड़ों लोगों तक सस्ती इंटरनेट सेवाएं पहुंचाई हैं और अब यह साझेदारी भारत के एआई भविष्य को गढ़ेगी।

पिचाई ने जामनगर में नए गूगल क्लाउड रीजन की स्थापना की घोषणा की। यह क्लाउड रीजन विशेष रूप से रिलायंस के लिए तैयार किया जाएगा और इसका उद्देश्य भारत के हर स्तर के उद्योग—चाहे बड़ी कंपनियां हों या मोहल्ले की किराना दुकान—को एआई और कंप्यूटिंग की शक्ति से जोड़ना है। उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि यह साझेदारी हर उद्योग और संगठन को बदलने की क्षमता रखती है। एआई भारत को न सिर्फ डिजिटल बल्कि आर्थिक रूप से भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।' भारत के लिए क्या मायने रखती है यह साझेदारी इस साझेदारी का लक्ष्य एआई को कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित रखने के बजाय आम लोगों और छोटे व्यवसायों तक पहुंचाना है।

### गूगल-मेटा और रिलायंस की साझेदारी का असर

रिलायंस और मेटा ने 855 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश के साथ एंटरप्राइज एआई समाधानों की साझेदारी की घोषणा की है। गूगल इस पहल में एआई-रेडी डेटा सेंटर्स बनाने में शामिल होगा।

मेटा अपनी ओपन-सोर्स लाइमा मॉडल पर आधारित एंटरप्राइज एआई समाधानों के लिए रिलायंस के साथ जेवी स्थापित करने की घोषणा कर चुका है।

## हादसा टला: कॉकपिट में अलर्ट, तुरंत बंद किया इंजन

# इमरजेंसी लैंडिंग: दिल्ली से इंदौर आ रही फ्लाइट के इंजन में आग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2913 को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। कॉकपिट को विमान के दाहिने इंजन में आग लगने का अलर्ट मिला, जिसके बाद पायलट ने तुरंत इंजन बंद कर दिया और एक इंजन पर ही विमान को सुरक्षित तरीके से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार लिया।

एयर इंडिया प्रवक्ता ने बताया कि जैसे ही अलार्म बजा, पायलट ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करते हुए यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। लैंडिंग के तुरंत बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रनवे पर मौजूद फायर ब्रिगेड और सिक्योरिटी टीम ने विमान की जांच की।

विमान को फिलहाल ग्राउंड कर दिया गया है और इंजीनियरों की टीम तकनीकी जांच में जुटी है। एयर इंडिया ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट की व्यवस्था की है। कंपनी ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही गोवा से इंदौर आ रही इंडिगो की फ्लाइट को भी तकनीकी खराबी के चलते इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। उसमें भी सभी यात्री सुरक्षित बच गए थे।



# वेंकट वार्ड के नागरिकों को मिली 14 लाख से अधिक के विकास कार्य की सौगात



## क्षेत्रीय पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापौर ने किया सीसी सड़क का भूमिपूजन

**जागरण, कटनी।** गणेशोत्सव पर्व के अवसर पर वेंकट वार्ड के नागरिकों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने रविवार को 14 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। वार्ड के नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हनुमान मंदिर से हरि प्रसाद बल्ली निषाद के भवन तक एवं रेलवे लाइन के किनारे नरेंद्र मार्ग गली में दो स्थलों पर लगभग 14 लाख 18 हजार रुपए की लागत से निर्मित कराई जाने वाली सी सी रोड का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य बीना संजू बैनर्जी और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में स्थानीय वयोवृद्ध महिला श्रीमति आशा देवी जायसवाल एवं दीपिका जायसवाल द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन उपरांत कुदाली चलाकर संपन्न कराया गया।

### विकास कार्यों का सिलसिला रहेगा अनवरत जारी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप नागरिकों की आवश्यकता अनुसार नगर में विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त नगर की सुंदरताए पर्यावरण संरक्षण, सुगम आवागमन हेतु सड़कों का निर्माण, समुचित प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं नागरिकों को मुहैया कराने हेतु निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी को वार्ड के विकास कार्यों हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने की बात कही जाकर उपस्थित जनों को आश्वस्त किया गया कि आने वाले समय में वेंकट वार्ड के साथ साथ संपूर्ण कटनी नगर में भी एकरूपता के साथ विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन के दौरान स्थानीय नागरिकों से कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर नगर निगम को सूचित करने आग्रह किया।

### सुगम होगा आवागमन - पार्षद श्रीमती बैनर्जी

इस अवसर पर वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी ने कहा कि महापौर ने कहा कि गणेशोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों को सड़क निर्माण की सौगात मिलना नागरिकों के लिए उत्सव की खुशी को दोगुना करने वाला पल है। जहां सीसी रोड निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी वहीं बरसात के मौसम में उक्त मार्गों में पानी भराव की परेशानी से निजात मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा विकास कार्यों की सौगात मिलने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बीना संजू बैनर्जी का जोरदार स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया गया तथा आगे भी वार्ड की समस्याओं को इसी तरह गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करने की बात कही। इस दौरान महापौर एवं स्थानीय पार्षद द्वारा क्षेत्र की वयोवृद्ध महिला रुक्मणि निषाद का पुष्पहार से स्वागत कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

# मानव-हाथी द्वंद निवारण हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न



**जागरण शहडोल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, ताला (उमरिया) में मानव-हाथी द्वंद निवारण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ -इंडिया सहित विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों एवं एनजीओ समूह, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-इंडिया, डब्ल्यूसीटी, डब्ल्यूटीआई, टीएनसी,टीसीएफ, टीएलडब्ल्यू के विशेषज्ञों ने सोलर फेंसिंग,एलिफेंट-प्रूफ ट्रेंच, फ्लिकर लाइट, अर्ली वार्निंग सिस्टम, ट्रिप अलार्म, गजरक्षक एप,प्राइमरी रिस्पांस टीम,ग्राम रक्षक,मेरी बीट मेरा अभिमान,ग्रामों में जन जागरूकता अभियान तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे नवीन उपायों पर प्रकाश डाला।साथ ही, हाथियों के लैंडस्केप,हैबिटैट और कॉरिडोर संरक्षण तथा ग्रामीण समुदाय की सुरक्षा हेतु आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाथियों के व्यवहार,फसल प्रबंधन,रेस्क्यू ऑपरेशनों और तकनीकी चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए।पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से द्वंद प्रबंधन और अधिक प्रभावी हो सकता है।कार्यक्रम बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक डॉ.अनुपम सहाय के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक विवेक सिंह के निर्देशन में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारियों एवं वनकर्मियों के समन्वय से संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. अनुपम सहाय ने किया। उन्होंने उमरिया जिले में मानव-हाथी द्वंद की स्थिति, उसके प्रभाव तथा विभाग द्वारा तैयार द्वंद निवारण मैनुअल की जानकारी दी। इस अवसर पर सीसीएफ रीवा राजेश राय, संजय टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे, बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ.अनुपम सहाय,कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू, बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व वन मंडल अधिकारी विवेक सिंह, वन मंडल अधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे, तथा वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधक अमित पटौदी सहित 90 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी व विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# बोलेरो ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर महिला और बाइक चालक घायल

**ब्यौहारी।** नगर के अंतर्गत टंकी तिराहा के पास 3ः00 बजे ब्यौहारी से बोलेरो सीधी तरफ जा रही थी और बाइक सवार भी इस तरफ जा रहे थे इसी दौरान बोलेरो ने ठोकर मार दी जिससे उनके दोनों परिजन घायल हो गए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घायल का नाम मुन्नी कहार,कोटमा शहडोल उसका पुत्र सूरज कहार, महिला शहडोल से चरखरी जा रही थी जहां नशे मे बोलेरो चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया बोलेरो भी बहेरिया पपौध से सीधी की ओर जा रहा था चालक नाम यूनुस है जो शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था घटना 3ः00 की बताई जा रही है घायल को व्यवहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया महिला के कमर में चोट है बाइक चालक के बीच चोट आई।

# पांच नाबालिग बच्चों को मुंबई ले रहा रहा युवक मुड़वारा स्टेशन से गिरफ्तार

## जीआरपी और आरपीएफ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**कटनी।** जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने संयुक्त रूप से मुड़वारा स्टेशन से कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 11072 से 5 नाबालिक बच्चों को जो कि उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के निवासी हैं। जिन्हें एक आरोपी द्वारा उनके परिजनों को प्रलोभन देकर मुंबई ले जाया जा रहा था आरोपी को मुड़वारा स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी सतीश पिता श्रीराम साहू 24 वर्ष जो की सुकुल छपरा थाना हल्दी जिला बलिया उत्तरप्रदेश का निवासी है। आरोपी द्वारा बलिया जिले के पांच बच्चों को उनके परिजनों को प्रलोभन देकर मुंबई ले जाया जा रहा था यह मामला मानव तस्करी से जुड़ा हुआ है। बच्चों को मुंबई की एक चूड़ी फैक्ट्री में बंधक बनाकर कार्य कराया जाता।



जीआरपी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और सभी नाबालिक बच्चों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया। आरोपी लंबे समय से मानव तस्करी से जुड़ा हुआ था जिसे मुखबिर की सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी को पकड़ने में जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप, एएसआई अनिल मरावी, आरक्षक राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक आकाश शुक्ला, आरपीएफ प्रभारी वीरेंद्र सिंह, सब इंस्पेक्टर शिशिर सिन्हा सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# विजयराघवगढ़ पुलिस ने 21 किलो गांजा जब्त किया

## दो युवकों में से एक युवक भागने में सफल, इलेक्ट्रानिक स्कूटी जब्त



**कटनी।** विजयराघवगढ़ की पुलिस टीम ने रेड कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करते आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा की बड़ी जब्ती कर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के लगातार नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर नशा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है जिसके पालन में दिनांक 31 अगस्त को थाना विजयराघवगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवा नम्बर 1 के पास बने नवीन महानदी पुल के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में स्कूटर पर आते दिखे, स्कूटर पर पीछे बैठा पुलिस के वाहन को देखकर स्कूटर से कूदकर भाग गया जिसका पीछा करने पर काफी दूर निकल गया। दूसरे संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। संदिग्ध दीगर थाना क्षेत्र बरही ग्राम छिंदिया टोला निवासी कुदरत उर्फ गोकल पारधी पिता रोहान पारधी उम्र 20 वर्ष का होना तथा भागने वाले संदिग्ध व्यक्ति का नाम रंजन पारधी बताया। संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से 21 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 3 लाख 30 हजार रूपया एवं मोटर साईकल स्कूटर को जब्त किया गया। आरोपियों गण कुदरत उर्फ गोकल पारधी, रंजन पारधी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से मामला कायम कर गिरफ्तार आरोपी को कुदरत उर्फ गोकल पारधी को न्यायालय पेश किया गया एवं अन्य फरार आरोपी रंजन पारधी की थाना विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक अमित शाह, आरक्षक चालक मज्जू कोल, मुखबिर एवं स्वतंत्र साक्षियों की मुख्य भूमिका रही।

## हरिशंकर बाजपेई का निधन

**पन्ना ।** पन्ना टाइगर रिजर्व के सेवानिवृत्त वनपाल हरिशंकर बाजपेई (71) का शनिवार 30 अगस्त 2025 को छतरपुर जिला चिकित्सालय में निधन हो गया। वे मूल रूप से अजयगढ़ तहसील के ग्राम पड़रहा निवासी थे, लेकिन लंबे समय से परिवार सहित छतरपुर जिले के चंद्रनगर में निवास कर रहे थे।बाजपेई ने लगभग 35 वर्षों तक वन विभाग में सेवाएं दीं। वर्ष 2010 में ड्यूटी के दौरान हिनौता परिक्षेत्र में तैनाती के समय हाथी रामू के हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उन्होंने पुनः सेवा जारी रखी।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# कटनी में बूथ स्तर पर सुनीं गई प्रधानमंत्री की मन की बात

## जिलाध्यक्ष, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को जिले में बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनता के साथ सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने मन की बात को शहर के गणेशोत्सव के प्रमुख केंद्र गणेश चौक में विशाल पंडाल में भाजपाजनों तथा श्रद्धालुओं के साथ सुना। श्री टण्डन ने बताया कि जिले भर में प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस अवसर पर जिले के विधायकगण संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग स्थानों पर जनता जनार्दन के साथ प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनी। इसी तरह समस्त मंडलों में मंडल अध्यक्षों ने पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ सार्वजनिक स्थलों



मन की बात सुनीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि जर्मनी के एक फुटबॉल कोच ने शहडोल के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई है। इसके तहत जल्द ही यहां के चार खिलाड़ी जर्मनी की एक अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देशभर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रौशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी हो। गर्व से कहो श्ये स्वदेशी है, इसके अलावा श्री मोदी ने देश विदेश के तमाम विषय शामिल करते हुए जनता को प्रेरक जानकारी दीं।

# सायना इंटरनेशनल स्कूल में खेल दिवस पर आयोजित हुई हॉकी प्रतियोगिता

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के जन्मदिन में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बड़े उत्साह के साथ छात्र शिक्षक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी दीपक बालानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर किया। हॉकी प्रतियोगिता में छात्रों की टीम और शिक्षकों की टीम आमने सामने थी। दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद निर्णायक गोल शिक्षकों की टीम ने कर जीत दर्ज की। मैच के बाद प्राचार्य डॉ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं बल्कि यह अनुशासन, एकता और स्वास्थ्य का प्रतीक हैं। खेल के अंत में विजेता टीम का करतल ध्वनि से सम्मानित किया गया। जिससे विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन में खेल सचिव वैभवी बंसल एवं सहसचिव विजय अहिरवार ने राष्ट्रीय खेल दिवस को समर्पित शपथ कराते हुए कहा कि हम सभी खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अधिवार्षिकीय पूर्ण उप निरीक्षक मानसिंह बिसेन की पुलिस की सेवा में अपवाद को समर्पित



**पन्ना ।** नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा जी के द्वारा उनकी कार्यकुशलता पर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे थाना कोतवाली पन्ना में 2021- 2022 में आए।समय-समय पर इनके द्वारा कई उपलब्धियां हासिल की गई है। 26 जनवरी 2025 को अपराधों के निष्पक्ष निर्णय करना अनुशासित अधिकारी के रूप में मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री,कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के द्वारा सम्मानित किया गया है। समस्त पुलिस स्टाफ सहित , पन्ना तहसीलदार, एस.डी.ओपी.पन्ना, सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सुनादर में खेर माता मंदिर पर रामधुन की बैठकी संपन्न



**पवई ।** पवई जनपद पंचायत के आदिवासी बहुल ग्राम सुनादर में स्थित खेर माता मंदिर पर रविवार को रामधुन की बैठकी भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से प्रभु श्रीराम के भजन व रामधुन गाते हुए श्रद्धा व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम स्थल पर भक्ति और आस्था का विशेष वातावरण देखने को मिला। ग्रामवासियों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रामधुन की बैठकी के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता खेर के दरबार में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने जानकारी दी कि इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत सोमवार को शांतिभंडारा एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। इसमें समस्त श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों एवं आसपास के लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। ग्राम सुनादर में हो रहे इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और लोग बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं।

# गोलबाजार में हुआ पृथ्वी पूजन, 16 सितंबर से रामलीला प्रारंभ

**कटनी।** 1884 में स्थापित शहर की ऐतिहासिक गोलबाजार रामलीला में आज पृथ्वी पूजन के साथ रामलीला की तैयारियों का आगाज हो गया। यहां 16 सितंबर को मुकुट पूजन के साथ रामलीला का आगाज होगा। गौरतलब है कि शहर की यह रामलीला विगत सवा सौ वर्षों से रामलीला के जरिये भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का जनमानस तक पहुंचाने का पुण्य कार्य कर रही है। आज के भौतिकवादी युग में भी इस परंपरागत संस्कृति को जीवित रखने के लिए गोलबाजार रामलीला कमेटी सजग और सक्रिय है। आज पृथ्वी पूजन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, भरत अग्रवाल, रवि खरे, शरद अग्रवाल, पार्षद मौसूफ़ अहमद, रामजी यादव, रणवीर कर्णा, राजेन्द्र सोंधिया, कामेंद्र सिंह, गिरधारी शर्मा, मनीष दुबे, कैलाश गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, अम्बरीष वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, आशीष कंदेले, सचिन तिवारी, शिवम शर्मा,



मंटू गुप्ता, श्रीकांत गर्ग, बादशाह राम, सियालाल निषाद, अंतिम गुप्ता, संतोष कुमार, भोला आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। सचिव भरत अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 16 सितंबर से रामलीला के बेहतरीन मंचन में प्रतिदिन उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है। कमेटी के भरत अग्रवाल ने प्रशासन से रामलीला मैदान में अवैध कब्जा अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कहा कि शहर का यह ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन है जिसमे कतिपय विघ्नसंतोषी लोग मैदान का स्वरूप छोटा करने पर आमादा हैं लिहाजा प्रशासन को इन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 01 सितंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.22 अस्त : आज
05.43 उदय : कल

शहर का तापमान
33.0 ⁰ अधिकत
25.0 ⁰ न्यूनतम



# रामपुर नैकिन की पंचायतों ने इलेक्ट्रॉनिक के नाम पर निकाले 77 लाख

जागरण घोटाला

## जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में आए दिन घोटालों का हो रहा पर्दाफाश

### मोबाइल,रिचार्ज के बाद सामने आया इलेक्ट्रानिक घोटाला




जागरण, सीधी

जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में की ग्राम पंचायतों के आए दिन घोटाले सामने आ रहे हैं। ग्राम पंचायतों ने मोबाइल खरीदी एवं रिचार्ज के नाम पर करोड़ों रुपए का बंदरबाट किया। अब इलेक्ट्रानिक के नाम पर कामता इलेक्ट्रानिक एवं इलेक्ट्रीशियन के खाते में 77 लाख 82 हजार 550 रुपए आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को भेजी गई राशि में से 15 प्रतिशत राशि प्रशासनिक व्यय में खर्च करने का प्रावधान तय किया है। किंतु ग्राम पंचायतों ने 15 प्रतिशत राशि को पंचायत के अन्य कार्यों में न लगाकर अपने निजी स्वार्थ में व्यय कर रहे हैं। इलेक्ट्रानिक सामग्री क्रय करने के नाम पर ग्राम पंचायतों ने एक ही वेंडर कामता इलेक्ट्रानिक एवं इलेक्ट्रीशियन से 77 लाख 82 हजार 550 रुपए क्रय करने वाली पंचायत कुंआ 18 जून 2025 को 23120, कंधवार 26 दिसंबर 24 को 5 हजार, 21 फरवरी 24 को 5 हजार, चोरगड़ी 28 सितंबर 24 को 18 हजार, नैकिन 20 अप्रैल 25 को 18800, पटेहरा 12 अगस्त 24 को 13500, 22 फरवरी 23 को 13 हजार, घुघुंटा 5 अगस्त 24 को 5 हजार, 20 फरवरी 24 को 16 हजार, मढ़ा 11 मई 24 को 2 हजार, खारा 10 अप्रैल 24 को 8 हजार, झगरी 13 अप्रैल 24 को 38200, डिठौरा 24 फरवरी 24 को 10 हजार, बेल्दह 12 फरवरी 24 को 22 हजार इसी तरह ग्राम पंचायत झाला में 16 अक्टूबर 2024 को 30 हजार, 11 सितंबर 2024 को 36 हजार, 10 अप्रैल 24 को 15 हजार ग्राम पंचायत कोष्ठा कोठार में 17 जुलाई 25 को 5690, 7 जनवरी 25 को 9650, 7 अप्रैल 24 को 26090, 9 जनवरी 24 को 6050, 3000, 8 जनवरी 24 को 7400, ग्राम पंचायत शिकारगंज में 22 मार्च 25 को 20700, 28 जून 25 को 16000, 27 अगस्त 23 को 25150, 25 जनवरी 24 को 11 हजार आहरित किया गया है।

### तितिरा शुक्ला में 1 लाख 80 हजार तो साडा में 1 लाख 20 हजार किया आहरित

कामता इलेक्ट्रानिक एवं इलेक्ट्रीशियन के नाम ग्राम पंचायत तितिरा शुक्लान में 1 लाख 80 हजार 700 रुपए आहरित किया जिसमें 2 अगस्त 25 को 18670, 20 जून 25 को 17190, 8 मई 25 को 7200, 10 मार्च 25 को 8700, 3 फरवरी 25 को 5640, 26 फरवरी 25 को 2 हजार, 22 जनवरी 25 को 3 हजार, 18 अगस्त 24 को 2 हजार, 24 मई 24 को 6500, 12 अप्रैल 24 को 14200, 26 जनवरी 24 को 22 हजार, 22 दिसंबर 23 को 20 हजार, 15 अगस्त 23 को 3500, 22 जून 23 को 24500-24500 ग्राम पंचायत साडा के द्वारा 28 जून 25 को 98 हजार, 21 अप्रैल 25 को 22200, ग्राम पंचायत पड़खुरी 588 के द्वारा 9 अप्रैल 24 को 14140, 22 मार्च 24 को 7 हजार, 13 अगस्त 23 को 24 हजार 500, 15 मई 23 को 11700, 24 अप्रैल 23 को 14400, 15 अप्रैल 23 को 21150 रुपए आदि भुगतान शामिल हैं।

### प्रमुख ग्राम पंचायतें

| | |
|---|---|
| तितिरा शुक्लान | 1,80,700 |
| साडा | 1,20,200 |
| पड़खुरी 588 | 92,890 |
| झाला | 81,000 |
| शिकारगंज | 62,925 |
| कोष्ठा कोठार | 57,880 |

# लोकायुक्त पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही 20 हजार की रिश्वत लेते एएसआई ट्रैप





**जागरण, सीधी।** जिले में पुलिस विभाग भी रिश्वत में भला पीछे क्यों रहे। इसका ताजा उदाहरण बीते शनिवार को देखने को मिला। जहां कि मझौली में पदस्थ एएसआई द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा है। जिन्हें कि सीधी लाकर देर रात तक पूंछतांछ करने की कार्यवाही की गई। इस मामले में लोकायुक्त टीम के कई सदस्य का सराहनीय योगदान माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार मझौली के टेकर निवासी पंकज कुमार तिवारी लोकायुक्त पुलिस में 23 अगस्त को शिकायत की थी कि पूर्व में दिए गए चेक गुमने के आवेदन की सत्यापित प्रति के लिए आरटीआई आवेदन लगाया गया था। उसके बदले एएसआई कमलेश त्रिपाठी द्वारा 50 हजार रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने साक्ष्यों की मौजूदगी में शनिवार की रात करीब 7:30 बजे मझौली थाना में ट्रेप की कार्यवाही कर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते आरोपी एएसआई कमलेश त्रिपाठी को पकड़ा गया। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। लोकायुक्त पुलिस रीवा की टीम में शिकायत को लेकर आरोपी को मझौली से सीधी उच्च विश्राम गृह लाया गया जहां की कार्यवाही शुरू की गई जो देर रात तक चला। इस मामले में ट्रैप दल के निरीक्षक उपेन्द्र दुबे, उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार, निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया सहित अन्य सदस्यीय टीम शामिल रहे।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### राहुल गांधी के बयान के खिलाफ भाजपा आज करेगी धरना




**जागरण, सीधी।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में आगामी 1 सितंबर को स्थानीय मानस भवन के सामने के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं द्वारा अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ धरना प्रदर्शन दोपहर 1:30 बजे करेगी। जिसकी तैयारी बैठक पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, संदीप द्विवेदी, जिला महामंत्री अशोक पटेल, विनोद साकेत, ज्योति कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मनीला सिंह चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, पुनीत नारायण शुक्ला, बाबूलाल कुशवाहा, संजय सिंह चौहान, सूर्य प्रताप सिंह, राजेश द्विवेदी, दिनेश गुप्ता, अन्नू पाण्डेय, मुन्ना लाल चौधरी, जितेन्द्र सिंह परिहार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान में नाकाम बीजेपी सरकार: दीपू



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू ने भाजपा की मोहन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों की स्थिति भयावह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्री की दोहरी भूमिका निभाने में पूरी तरह से नकारा साबित हो रहे हैं। पूरी सरकार महिला सुरक्षा एवं महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर बुरी तरह से असफल साबित हो चुकी है। कांग्रेस प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार केवल कागजों पर महिला सुरक्षा का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि जमीनी हकीकत बेहद खतरनाक है। विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक 21,175 महिलाएं एक महीने से अधिक समय तक लापता रहीं। यानी हर दिन औसतन 38 महिलाएं प्रदेश से गायब हो रही हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि गुमशुदगी की रिपोर्टिंग और महिलाओं की ट्रेसिंग प्रणाली प्रदेश में पूरी तरह फेल हो चुकी है। इसी अवधि में प्रदेश में 10,840 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए, यानी हर दिन लगभग 20 महिलाएं और नाबालिग बच्चियां बलात्कार का शिकार बनीं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि बीते एक साल में महिलाओं पर होने वाले अपराधों में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह न सिर्फ डरावना सच है बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं नकारा गृह मंत्री के मुंह पर करारा तमाचा है।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा थाना चुरहट के अपराध क्रमांक 446/25, धारा 296, 115(2), 109(1), 324(4), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट में पंजीबद्ध प्रकरण के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम उद्घोषित किया गया है। फरार आरोपियों में निखिल सिंह चौहान पिता मढ़ोले सिंह चौहान निवासी गाड़ा थाना कोतवाली जिला सीधी, रतनेश सिंह गहरवार पिता उमा सिंह गहरवार निवासी अमिलिया थाना अमिलिया जिला सीधी, डेविड उर्फ अभिनव सिंह परिहार पिता जगदीश सिंह परिहार निवासी डेनिहा थाना कोतवाली जिला सीधी आदि शामिल हैं। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु अब तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। अतः पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा प्रत्येक आरोपी की गिरफ्तारी पर दस हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। जो कोई भी व्यक्ति उपरोक्त आरोपियों के संबंध में ठोस जानकारी देगा, गिरफ्तारी में सहयोग करेगा अथवा स्वयं गिरफ्तारी करेगा, उसे घोषित इनाम राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### समिति व दुकानदार किसानों को न करें गुमराह: पुष्पराज



**जागरण, सीधी।** जिले के समाजसेवी पुष्पराज मिश्रा ने कहा कि खाद विक्रय करने वाली समितियां एवं दुकानदार किसानों का गलत इस्तेमाल न करें। यूरिया देने सहित अधिकतर यह सुनने को मिल रहा है कि जिंक सहित अन्य सामग्री जबरजस्ती देते हैं जो किसानों के खेतों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही होनी चाहिए। पुराना बस स्टैंड में स्थित मिश्रा बीज भंडार के संचालक पुष्पराज मिश्रा ने आगे कहा कि दो-चार दिनों में खाद की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। शासन-प्रशासन इसके लिए पूरा प्रयास कर रहा है। उन्होने आगे कहा कि किसानों को वास्तविक लाभ मिले इसके लिए भाजपा सरकार हरदम काम करती है। उन्होने बताया कि प्रशासन सजग है। अवैध रूप से जो काम करेंगे उस पर कसावट की जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग के डीडीए राजेश सिंह चौहान किसानों के लिए सदैव संकल्पित रहते हैं। उनके माध्यम से किसानों की हर मदद कराई जा रही है। वहीं एक जवाब में श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का काम हल्ला करना है वह खाद क्या दिला पाएंगे। वह भी जमाना था जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब किसान खाद एवं बीज के लिए भटकते रहते थे। आज स्थिति सामान्य है। किसानों को सलाह देते हुए पुष्पराज मिश्रा ने कहा कि किसान अपनी जमीन में ज्यादा यूरिया न डालें। एक किसान का हवाला देते हुए उन्होने बताया कि वह क्षमता से ज्यादा यूरिया डाल लिए थे। घोघरा निवासी किसान लालमणि तिवारी ने 55 ढिस्मिल जमीन में धान बोए हैं। लेकिन उन्होने एक बोरी यूरिया डाल दिया जिससे धान पीली हो गई है। इस तरह की गलती किसान न करें।

### शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**जागरण, सीधी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के सभी 210 शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के विषय शिक्षको एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी एवं शासकीय उमावि क्रमांक 2 सीधी में जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के निर्देशन और सहायक संचालक ओशो उत्सव, शम्भू नाथ त्रिपाठी, रामाधार पाण्डेवा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में सभी 6 विषय के मास्टर ट्रेनरों द्वारा 10 वीं में पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को विषय पढ़ाने के नए तरीकों व नवीन तकनीक की जानकारी दी गई। एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अकादमिक गुणवत्ता में वृद्धि एवं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट सुधारने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर हाई स्कूल के सभी 6 विषयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण में हिंदी विषय मे 143, अंग्रेजी में 143, संस्कृत में 142, गणित में 152, सामाजिक विज्ञान में 157 और विज्ञान में 145 कुल 882 शिक्षको को 28 अगस्त से 30 अगस्त के मध्य राज्य स्तर से प्रशिक्षित सभी विषय के चार-चार मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया।

# विद्यालय चरित्र निर्माण और संस्कारों की प्रयोगशाला: डॉ. राजेश

## हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम का वचन पत्र विमोचन

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का अभिनव प्रयास



जागरण, सीधी

विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता अनुशासन, संस्कार एवं उत्कृष्ट परिणामों की दिशा में एक अभिनव पहल के अंतर्गत हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम का संकल्प पत्र सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा विमोचित किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण चरित्र निर्माण समग्र विकास और संस्कारों की प्रयोगशाला है। यह संकल्प विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों में विद्यालय के प्रति गौरव और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगा। इसके साथ ही मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सीधी के समस्त पदाधिकारी कलेक्टर सीधी स्वारोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डये, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी पवन कुमार सिंह से भेंट कर कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी प्रदान कर उत्ताशय का संकल्प पत्र सौंपा गया। समस्त अधिकरियों द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। शत प्रतिशत हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का वाचन शासकीय अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। इस अभियान का उद्देश्य सभी विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाना, शैक्षिक गुणवत्ता व परीक्षा परिणामों में सुधार, अनुशासन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा, विद्यार्थियों में सेवा समर्पण और संस्कार का विकास करना है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, जिला सचिव रामजी शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष निकिता सोनी, पूर्व संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, संभागीय सदस्य सुभाषचंद्र द्विवेदी, पूर्व संगठन मंत्री संकर्षण प्रसाद मिश्र, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश प्रताप सिंह, वालेंदु शेखर दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी कुमुद पाण्डेय, सचिव सिहावल सतीश कुमार पाण्डेय, कमलेश कुमार शुक्ला, नागेंद्र तिवारी, गिरजेश सिंह, राजीव गुप्ता, श्रीमती रंजना शर्मा, साधना मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी आजम खान नूरी, विकास शर्मा सहित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सीधी के पदाधिकारी उपस्थित रहे और इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# बाणसागर नहर में डूबे व्यक्ति का दूसरे दिन मिला शव

## कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत की है घटना



जागरण, सीधी

जिले के कमर्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर की नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसका शव आज दूसरे दिन मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विवेक द्विवेदी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर नहर में डूबे व्यक्ति को तलाश करने एसडीआरएफ टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा होने तक उसका कही सुराग नहीं मिल पाया था और रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया। आज रविवार को पुनः रेस्क्यू टीम द्वारा खंगाले जाने की शुरुआत सुबह से ही शुरू कर दी गई थी जिसे अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर नहर में पाया गया है। दरअसल पूरा मामला जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत ग्राम पितरिहा का बताया जा रहा है, जहां नहर में रामसखा कोल पिता समयलाल कोल अचानक गिर गया, जिसकी वजह से डूबने से उसकी मौत हो गई है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस परिजनों से जानकारी जुटा रही है। शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लापता किशोरी हैदराबाद से सकुशल हुई बरामद

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस की सक्रिय कार्यवाही से थाना अमिलिया पुलिस टीम ने हैदराबाद से अपहृत किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। दिनांक 26 अगस्त 2025 को फरियादी द्वारा थाना अमिलिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। प्रकरण में तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। किशोरी की तलाश हेतु थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने निरंतर प्रयास, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर सेल की मदद से सुराग जुटाते हुए हैदराबाद से बालिका को सकुशल बरामद किया। इस उल्लेखनीय कार्रवाई में निरीक्षक राकेश कुमार बैस, सउनि अजीत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रोहित सिंह परिहार, राजेंद्र सिंह, आरक्षक दीपेंद्र सिंह, बृजेश सिंह बैस तथा साइबर सेल, सीधी से आरक्षक प्रदीप मिश्रा एवं कृष्ण मुरारी द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

### हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे के भीतर हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाई जारी है। जानकारी के अनुसार 30 अगस्त 2025 को फरियादी रामलखन साकेत निवासी बमुरी थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता सरिमन साकेत उम्र लगभग 50 वर्ष मवेशी चराते समय अपने घर के पास जंगल में लकड़ी काट रहे थे तभी दीपक साकेत, रामायण साकेत एवं रामनरेश साकेत को मना कर रहे थे। मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज करते हुए घातक हमला किया। दीपक साकेत ने टांगी से सिर पर वार वार किए, रामायण साकेत ने लाठी से प्रहार किया, रामनरेश साकेत ने पत्थर से हमला किया। घटना में सरिमन साकेत गंभीर रूप से घायल हुए। सूचना पर 100 डायल पुलिस पहुँची और घायल को जिला अस्पताल सीधी पहुँचाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार उपरांत उन्हें गंभीर हालत में एसजीएमएच रीवा रेफर किया गया। थाना कोतवाली में धारा 296, 115(2), 109, 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने सिर्फ24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमे वैधानिक कार्रवाई जारी है। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, सउनि राजमणि रजक, प्रधान आरक्षक सूरज सिंह, प्रधान आरक्षक संजय मौर्या एवं महिला प्रधान आरक्षक सुनीता यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### मुकेश ने सिल्वर मेडल अर्जित कर बढ़ाया जिले का मान




**जागरण, सीधी।** जिले के निधपुरी भदौरा के लाल मुकेश कुमार गुप्ता ने जबलपुर मे 30 अगस्त को सम्पन्न हुए अंडर 23 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स 100 मीटर की दौड़ मे सीधी जिले के तरफ से भाग लिए जिसमे मुकेश ने पूरे मध्य प्रदेश मे द्वितीय स्थान अर्जित कर सिल्वर मेडल अर्जित किया है, जिनका चयन आल इण्डिया दौड़ प्रतियोगिता मे हो गया है जो 6 से 7 अक्टूबर को तेलंगाना मे भाग लेंगे मुकेश ने बताया की मप्र के सभी 55 जिले के धावक भाग लिए थे। 100 मीटर की दौड़ मे पूरे मध्यप्रदेश से 2 लोगों का चयन हुआ है, जिसमे मैंने दूसरा स्थान अर्जित किया हूँ। मुकेश ने बताया की यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कराया गया था जिसमे मुझे सिल्वर मेडल के सांथ प्रमाण पत्र दिया गया है। मुकेश की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम, इनके पिता रामसजीवन गुप्ता, भाई रोशन लाल गुप्ता, उदयराज गुप्ता, इन्द्रप्रकाश गुप्ता गोतरा, जितेंद्र गुप्ता कुसमी, धर्मेंद्र गुप्ता, पुष्पराज कुशवाहा, कमलेश गुप्ता गोतरा, आरएन सिंह परिहार, दिनेश गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, राकेश गुप्ता सहित क्षेत्र के अन्य लोगों ने बधाई शुभकामनायें प्रेषित किये हैं।

# स्वास्थ्य, अनुशासन एवं पर्यावरण के प्रति जागरुकता आवश्यक: सांसद

## फिट युवा, विकसित भारत के संकल्प के तहत संडे आन साईकिल रैली का आयोजन

### अस्पताल चौराहा, गांधी चौराहा से अंबेडकर चौराहा तक हुई रैली





जागरण, सीधी

सांसद खेल महोत्सव के तृतीय दिवस सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में फिट युवा, विकसित भारत के संकल्प के तहत संडे आन साईकिल रैली का आयोजन अंबेडकर चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। साइकिल रैली अस्पताल चौराहा, गांधी चौराहा में गांधी प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए अंबेडकर चौराहा में समाप्त किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि युवा ही विकसित भारत की नींव हैं। निःसंदेह, ऐसे आयोजन स्वास्थ्य, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। सीधी जिले की जनता और युवाओं के उत्साह ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। सांसद ने कहा कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान इस महोत्सव का लक्ष्य है। सांसद ने कहा कि इस महोत्सव का पहला फेस तीन दिवस का आज से समाप्त हो जाएगा। यह भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड के माध्यम से अधिक से अधिक करें और आगे बढ़कर इसका लाभ ले। हमारे जिले के खिलाड़ी देश और विदेशों में खेल सकते हैं उन्हें इस अवसर का लाभ लेना चाहिए। सांसद ने कहा कि यह महोत्सव ग्राम पंचायत स्तर, खण्ड स्तर एवं जिला स्तर से संसदीय क्षेत्र स्तर तक मनाया जाएगा। इसके लिए 29 अगस्त से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गया है जो 20 सितंबर तक जारी रहेगा। 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जावेगा। सांसद ने युवाओं को इस महोत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सांसद द्वारा सभी को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने हेतु शपथ के द्वारा कृत संकल्पित कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल युवा प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि फिट इंडिया मिशन द्वारा 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है जिसका प्रेरक थीम एक घंटा खेल के मैदान में है। इस आंदोलन का उद्देश्य जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के लिए हर दिन कम से कम एक घंटा शारिरिक गतिविधियां करने महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम एसडीएम राकेश शुक्ला, तहसीलदार राकेश शुक्ला, पार्षद पूनम सोनी, डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, अजय मिश्रा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित मानिंद शेर अली खान सहित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

बिना पढ़े ही गर्व करने वाले, दरिद्र होकर भी बड़े-बड़े मनोरथ करने वाले और बिना कर्म किए ही धन पाने की इच्छा रखने वाले मनुष्य को पंडित लोग मूर्ख कहते हैं। - वेदव्यास



# जब रूसी बाबुश्किन ने बोली हिंदी... हमें उनसे सीख लेने की जरूरत

"भारत स्थित रूसी दूतावास के अधिकारी रोमन बाबुश्किन का प्रेस वार्ता के दौरान ठेठ हिंदी बोलना, भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए एक सीख हो सकती है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं, जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है।

● उमेश चतुर्वेदी ●

आज के रूस और उसके पूर्ववर्ती सोवियत संघ में हिंदी की पढ़ाई-लिखाई 1957 से ही शुरू हो गई थी, इस लिहाज से रूस के किसी नागरिक का हिंदी बोलना महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता। लेकिन आज के दौर में भारत स्थित रूसी दूतावास के दूसरे नंबर के अधिकारी रोमन बाबुश्किन अगर हिंदी के चंद लफ्जों का इस्तेमाल करें, तो वह अहम हो जाता है। रूस से तेल खरीद के चलते अंकल सैम की आंखें इन दिनों भारत पर लाल हैं। इसी संदर्भ में 20 अगस्त को रूसी दूतावास ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी।

उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन की शुरुआत बाबुश्किन ने हिंदी के दो वाक्यों से करके भारतीय भाषा प्रेमी पत्रकारों का दिल जीत लिया। बाबुश्किन का पहला वाक्य रहा, 'सभी का हार्दिक स्वागत है।' पत्रकारिता जगत की हस्तियों की श्रवणेंद्रिय इस हिंदी प्रयोग का झटका झेल रही थीं कि बाबुश्किन ने ठेठ भारतीय सांस्कृतिक अंदाज में दूसरा वाक्य छोड़ दिया, 'हम शुरुआत करेंगे...भगवान गणेश के साथ। गणेश चतुर्थी आ रही है।'



बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकती है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं, जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है। आजाद भारत की राजनीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर किस कदर विभाजित हुई है, इसे समाज तो रोज ही झेलता-देखता है। इस विभाजक सोच का ही असर है कि हमारी अपनी भाषाओं के बीच भी झगड़े पैदा किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के विरोध में राजनीति खूब खड़ा कर रही है और इसके जरिये वह अपना सियासी उल्लू ही सीधा करती है। नैरंतर्य और सकारात्मकता के लिहाज से देखें, तो इसके सामाजिक विघटन की नींव ही मजबूत हो रही है। अस्मिताबोध को जगाने की आड़ में भाषाई वैमनस्य की राजनीति का एकमात्र मकसद सामाजिक विघटन को बढ़ाना और उस बंटे समाज के बीच से अपने खांचे में फिट बैठने वाला बड़ा समर्थक आधार वर्ग तैयार करना है। इसीलिए जब नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के जरिये प्राथमिक शिक्षा की बात होती है, तो हिंदी को किनारे लगाने के लिए तमिल राजनीतिक अस्मिता उठ खड़ी होती है। कन्नड़ और बांग्ला भाषाबोध भी हिंदी के खिलाफ उठ खड़ा होता है। दिलचस्प यह है कि स्थानीय भाषाबोध के इन खिलाड़ियों के लिए वह अंग्रेजी अपनी हो जाती है, जिसकी कथित तौर पर वैश्विक व्यापकता है। हालांकि, हकीकत यह है कि अंग्रेजी की व्यापकता गहराई से देखें, तो अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और हांगकांग में ही है।

अंग्रेजी को तो बाबुश्किन ने भी अपना रखा है। भारतीय पत्रकारों के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाद में वह अंग्रेजी में ही बोले। लेकिन हिंदी में बोलकर उन्होंने एक तरह से भारतीय लोगों का दिल जीतने की कोशिश की। ठीक उसी अंदाज में, जिस अंदाज में नरेंद्र मोदी स्थानीय समुदायों के दिल तक अपनी पैठ बनाने के लिए स्थानीय भाषाओं के कुछ शब्दों के साथ अपने भाषण की शुरुआत करते रहे हैं। पता नहीं, बाबुश्किन ने हिंदी बोलकर वहां उपस्थित कितने भारतीय पत्रकारों का दिल जीता, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और सोशल मीडिया पर जब से उनकी मीठी हिंदी प्रचारित हुई है, उन्होंने ठेठ भारतीयों का दिल जरूर जीत लिया है। सोवियत संघ में हिंदी फिल्में काफी पसंद की जाती रही हैं। एक दौर में राजकपूर की फिल्में खासा लोकप्रिय रही हैं। राजकपूर अभिनीत फिल्म श्री 420 का गीत 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' एक दौर में सोवियत संघ के घर-घर का पसंदीदा गीत बन गया था। कम्युनिस्ट शासन के दौर में रूस की राजधानी मास्को में हिंदी के दो प्रकाशक भी सक्रिय रहे, प्रगति प्रकाशन और रादुगा प्रकाशन। इन प्रकाशनों के जरिये रूसी लेखकों के साथ ही लेनिन, स्टालिन आदि की रचनाएं हिंदी में अनूदित होकर सस्ते में उपलब्ध होती थीं।

## दो पत्रिकाएं भारत में थीं प्रचलित

एक दौर में सोवियत संघ की दो पत्रिकाएं 'सोवियत देश' और 'स्पूतनिक' भारत में बहुत प्रचलित थीं। हिंदी की वहां पढ़ाई भी खूब होती है। इसकी शुरुआत 1955 में हुई। उसके पहले तक रूस की भारत में दिलचस्पी संस्कृत भाषा और साहित्य के अध्ययन तक सीमित थी। साल 1955 में सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री निकिता ने भारत का दौरा किया। इसी दौरे में उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा, 'हम यह देखेंगे कि हमारे देश की शिक्षा प्रणाली ऐसी विकसित हो, जिसमें सर्वश्रेष्ठ और सर्वगुण-संपन्न नई पीढ़ी हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को सीखे।' इसी के बाद सोवियत संघ में हिंदी प्रकाशन और पढ़ाई-लिखाई की शुरुआत हुई। आज रूस के मास्को राजकीय विश्वविद्यालय, रूसी राजकीय मानविकी विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय संबंध विश्वविद्यालय, सांक्त पितेरबूर्ग विश्वविद्यालय, विद्यालय क्रमांक 19, मास्को, फार ईस्ट विश्वविद्यालय, ब्लादीवोस्तक आदि में हिंदी पढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही मास्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र में हिंदी की कक्षाएं चल रही हैं, जिनमें हर आयु वर्ग के लोग हिंदी सीख रहे हैं। साफ है कि विदेशी लोग हिंदी सीख रहे हैं, भारत आए विदेशी हिंदी बोल रहे हैं। इस्कॉन के मंदिरों में जाकर देखा जा सकता है, भगवान कान्हा के विदेशी भक्त भी मीठी हिंदी में बात करते मिल जाएंगे, लेकिन हमारी ही राजनीति के ही एक वर्ग को हमारी हिंदी से परहेज है। ऐसे लोगों के लिए बाबुश्किन की मीठी हिंदी एक तरह मीठा उलाहना है। बाबुश्किन जैसों की जुबान से निकली हिंदी भारतीय भाषा प्रेमियों के लिए नव उत्साह के संचार का जरिया है। ऐसे सुखद पलों से हिंदी ही नहीं, भारतीय भाषा प्रेमी भी प्रेरित होते हैं। काश हमारी राजनीति भी इसे समझती, इससे प्रेरित होने की कोशिश करती और भाषा के नाम पर होने वाली विभाजनकारी राजनीतिक कर्म से बचती।

# जेलेन्स्की का सूट, ट्रंप के इरादे और दुनिया की टी-शर्ट

## दृश्य एक

*तारीख- 22 फरवरी 2025*
*स्थान- अमेरिका, वॉशिंगटन डी. सी., राष्ट्रपति का कार्यालय*
*किरदार- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप , यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेन्स्की, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस, कुछ पत्रकार और अन्य।*
*इतनी बड़ी मुलाकात के लिए भी जेलेन्स्की अपने नियमित कपड़े ही पहन कर आए थे। टी-शर्ट और कार्गो पैंट। अपने ही अंदाज में वे पत्रकारों के सामने ही लाइव कैमरे पर डोनाल्ड ट्रम्प से भिड़ गए। अपने देश के लिए, उसके हितों के लिए। उस समय एक पत्रकार ने उनसे पूछ भी लिया था- आप इतनी बड़ी मुलाकात के लिए भी इतने साधारण कपड़े पहन कर आए हैं?*
*जेलेन्स्की ने पलटकर पत्रकार से ही पूछ लिया था -आपको कोई तकलीफ है क्या?*

## दृश्य दो

*तारीख- 18 अगस्त 2025*
*स्थान- वही - अमेरिका, वॉशिंगटन डी. सी., राष्ट्रपति का कार्यालय*
*किरदार- ये भी वही - अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेन्स्की, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस, कुछ पत्रकार और अन्य। अब सबकुछ बदला हुआ था। कपड़ों से लेकर व्यवहार तक। शिष्टाचार दोनों ओर से बह रहा था। ट्रंप और जेलेन्स्की दोनों ओर से। जेलेन्स्की इस बार सूट पहनकर आए थे। उसी पत्रकार ने फिर उनसे कहा कि आप इस सूट में अच्छे लग रहे हो! ट्रंप भी तपाक से बोले- हां मैंने भी इनसे यही कहा। फिर जेलेन्स्की से बोले ये वही पत्रकार हैं जिन्होंने आपको पिछली बार टोका था! जेलेन्स्की बोले- हां मैं इनको पहचान गया। मैंने तो सूट पहन लिया है पर इन्होंने वही सूट पहना है जो उस दिन पहना था!*



"जेलेन्स्की का सूट आज के समय का एक बहुत बड़ा प्रतीक है। सूट पहनकर दुनिया को उपदेश देने वाली ये शक्तियां अपनी नीति और नीयत में कितनी बौनी हैं, ये समझना जरूरी है। अपने बदन पर स्वाभिमान का टी-शर्ट पहनकर घूमने वाला कोई देश इनको पसंद नहीं आएगा। सूट की इन महाशक्तियों के सामने दुनिया के टी-शर्ट, गमछे और बंडी को अपना स्वाभिमान और अस्तित्व बचाना ही इस वक्त की सबसे बड़ी चुनौती है।

● जयदीप कर्णिक ●

हरहाल, इस वैश्विक घटनाक्रम की संक्षिप्त लेकिन अतिशय नाटकीय दृश्यावली में फरवरी 2025 से अगस्त 2025 के इन छह महीनों में बहुत कुछ बदल गया है। जेलेन्स्की के कपड़े ही नहीं बदले हैं बल्कि हावभाव भी बदल लिए हैं। फरवरी की मुलाकात तीखी नोंक-झोंक में बदल गई थी। जेलेन्स्की के लिए बना भोजन धरा रह गया था और उन्हें एक तरह से धकियाकर ओवल दफ्तर से बाहर कर दिया गया था। इस मुलाकात के बाद ट्रम्प और जेलेन्स्की के कई मीम भी बने थे, जिसमें दोनों को हाथापाई तक करते हुए बताया गया था।

अबकी दोनों बहुत सुकून से मिले। न केवल घंटों मुलाकात चली, बल्कि यूरोप के अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी वहीं बुला लिए गए थे। ब्रिटेन, फ्रांस , जर्मनी सब। ये ही वो शक्तियां हैं, जिन्होंने यूक्रेन को कहा था कि चिंता मत करो हम तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हें रूस के खिलाफ लड़ने में पूरी मदद करेंगे। पूरी मदद करेंगे पर खुद नहीं लड़ेंगे। हमारा एक भी नागरिक या सैनिक नहीं मरेगा। नागरिक और सैनिक सब यूक्रेन के मरेंगे।

आखिर क्या बदला इन छह महीनों में? फरवरी में ट्रंप उसी गुरूर में जी रहे थे कि एक फोन करुंगा और रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा दूंगा!! उनको लगा जेलेन्स्की घुटनों के बल आएंगे और जो कहा जाएगा मान जाएंगे। हुआ ठीक उलट। पुतिन को समझाने गए तो उन्होंने भी झिड़क दिया।

ट्रंप को समझ आया कि मामला पेचीदा है और यूं शेखी बघारने से कुछ नहीं होगा। तो टैरिफ का दांव खेला। उसमें भी अपने ही जाल में घिर गए।

आखिर पुतिन अपनी ही शर्तों पर मिलने के लिए तैयार हुए। चंद रोज पहले अलास्का में मिले भी। आसमान में गुजरते बमवर्षक अमेरिकी जहाजों के बीच नीचे जमीन पर जब ट्रंप और पुतिन मिले तो दुनिया की राजनीति का एक नया अध्याय लिखा जा रहा था। दो बढ़े ध्रुव, दो बड़ी ताकतें मिल रही थीं, और जिनको समझ नहीं है उन्हें समझा रही थीं कि अब न तो दुनिया दो ध्रुवीय रह गई है, न एक ध्रुवीय, न बहुध्रुवीय। अब दरअसल ध्रुव तो है,, पर वो कोई देश नहीं हैं। वो सिर्फ एक ही चीज है और वो है पैसा, वो है व्यापार। अब सारे बढ़े राष्ट्राध्यक्ष एक क्रूर व्यापारी की तरह व्यापार कर रहे हैं। दांव पर यूक्रेन जैसे छोटे देश लगे हैं और बिसात पर इन्हें मोहरे की तरह उपयोग में लाया जा रहा है, इसीलिए तो ट्रम्प और जेलेन्स्की की तोड़ा मुलाकात के ठीक पहले अमेरिका का ये बयान आ जाता है कि इस बातचीत में यूक्रेन के लिए नाटो की सदस्यता और डोनाबास पर रूस का कब्जा एजेंडे में नहीं हैं! ट्रंप और पुतिन के बीच क्या बात हुई होगी उसे समझने के लिए ये इशारा ही काफी है। कितने आश्चर्य की बात है कि जिस नाटो की सदस्यता को लेकर ये सारा बखेड़ा खड़ा हुआ, वही एजेंडे से बाहर हो गई। यूक्रेन तो पूरी तरह ठगा गया। ऐसे में जेलेन्स्की के पास सूट पहनकर आने और अपना अस्तित्व बचाने के लिए झुककर बात करने के अलावा विकल्प ही क्या रह गया है? दुनिया के ये व्यापारी चौधरी आखिर मसखरे से राष्ट्रपति बने और अपनी शर्तों पर जीना चाहने वाले जेलेन्स्की को झुकाकर ही माने।

इस पूरे मामले में इन व्यापारी शक्तियों का कैसा दोगलापन रहा। भारत सहित दुनिया के सब देशों को रूस से व्यापार रोकने के लिए धमकाते रहे और खुद उसी रूस से व्यापार करते रहे। इधर पुतिन इनकी टेबल पर आ गए तो अब जेलेन्स्की को भी सूट पहना दिया। यही समझने वाली बात है। जेलेन्स्की का सूट आज के समय का एक बहुत बढ़ा प्रतीक है। सूट पहनकर दुनिया को उपदेश देने वाली ये शक्तियां अपनी नीति और नीयत में कितनी नंगी हैं, ये समझना जरूरी है। अपने बदन पर स्वाभिमान का टी-शर्ट पहनकर घूमने वाला कोई देश इनको पसंद नहीं आएगा। सूट की इन महाशक्तियों के सामने दुनिया के टी-शर्ट, गमछे और बंडी को अपना स्वाभिमान और अस्तित्व बचाना ही इस वक्त की सबसे बड़ी चुनौती है।

# महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाएं आज भी उपेक्षित

"पीढ़ियों से, महिलाओं ने खुद की देखभाल करने की बजाय दूसरों की देखभाल को प्राथमिकता दी है। यह शांत निस्वार्थता-जिसे अक्सर ताकत के रूप में सराहा जाता है- ख़तरनाक हो जाती है जब स्वास्थ्य प्रणालियाँ भी यही उपेक्षा दर्शाती हैं। जब समाज यह मान लेता है कि वह इंतज़ार करेगी, और चिकित्सा चुपचाप मान जाती है।

● डॉ. प्रीता रेड्डी ●



पूरे भारत में, स्कूल जाने, काम पर जाने, बूढ़े माता-पिता और त्योहारों की योजना बनाने के बीच, एक महिला को एहसास होता है कि उसने तीन सालों से अपनी वार्षिक जाँच नहीं करवाई है। उसने अपने जानने वाले सभी लोगों को बेहतर खाने, ज़्यादा सोने, रोज़ाना टहलने की सलाह दी है, फिर भी, उसका अपना स्वास्थ्य एक उप-विचार बना हुआ है, किराने की सूची और मीटिंग नोट्स के बीच कहीं लिखा हुआ। यह एक जानी-पहचानी विडंबना है। और, यकीन मानिए, एक महंगी विडंबना भी।

इसके परिणाम केवल नैदानिक ही नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी हैं। स्वास्थ्य उत्पादकता का आधार है। चूँकि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले भविष्य की कल्पना करता है और चाहता है कि अधिक महिलाएँ कार्यबल में प्रवेश करें, इसलिए उनकी भलाई राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए। कोई भी अर्थव्यवस्था तब तक फल-फूल नहीं सकती जब तक उसकी आधी आबादी संरचनात्मक रूप से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो। महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास महिला-केंद्रित स्वास्थ्य से शुरू होता है।

दशकों से, महिलाओं को नैदानिक परीक्षणों से बाहर रखा गया। क्रूरता के कारण नहीं, बल्कि गलत सुविधा के कारण। हार्मोन। जोखिम। जटिलता। ये आधी आबादी को उसी विज्ञान से अलग करने के कारण दिए गए थे जिसका उद्देश्य उनकी सेवा करना था। ऐसा करने में, चिकित्सा मुख्य रूप से पुरुष शरीर क्रिया विज्ञान पर आधारित एक संदर्भ मॉडल के इर्द-गिर्द विकसित हुई, जिसमें महिला लिंग की ज़रूरतों और बारीकियों को अक्सर अनुसंधान और नैदानिक प्रशिक्षण में अनदेखा कर दिया जाता था। आज भी, महिलाओं को अक्सर निदान में देरी और असमानताओं का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, अध्ययनों से पता चलता है कि दिल के दौरे के दौरान उनके गलत निदान की संभावना काफी अधिक होती है, क्योंकि उनके लक्षण अक्सर पाठ्यपुस्तकों में वर्णित पारंपरिक पुरुष-केंद्रित पैटर्न से भिन्न होते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को दर्द से राहत मिलने की संभावना भी अधिक होती है, और उनके लक्षणों को अक्सर मनोवैज्ञानिक कारणों से जोड़ा जाता है। इसके अलावा, एंडोमेट्रियोसिस और स्व-प्रतिरक्षी विकार जैसी स्थितियाँ महिलाओं में काफी आम हैं। इन पर अभी भी कम शोध किया जाता है, कम धन दिया जाता है, और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में इन्हें पर्याप्त रूप से शामिल नहीं किया जाता है। ये कमियाँ दुर्लभता के कारण नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थागत कमियों के कारण हैं। यह उपेक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों में ही नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी के प्रतीक्षा कक्षों में भी व्याप्त है। महिलाएँ जाँच में देरी करती हैं। वे असुविधा को सहन करती हैं। वे दर्द को कम आंकती हैं। विभिन्न संस्कृतियों और आय स्तरों में, उन्हें चुपचाप सहने, थकान को सामान्य मानने और देखभाल को तब तक टालने के लिए तैयार किया गया है जब तक कि इसे अनदेखा न किया जा सके। अच्छा स्वास्थ्य एक ऐसी चीज़ बन जाता है जो वे देती हैं, लेकिन शायद ही कभी प्राप्त करती हैं। और जब वे इसे प्राप्त करती हैं, तो अक्सर उन्हें एक ऐसी व्यवस्था मिलती है जो उन्हें समझने के लिए तैयार नहीं होती।

## महिलाओं को मानक के रूप में शामिल किया जाए

इस पैटर्न में कुछ दार्शनिकता है। स्वास्थ्य केवल विज्ञान नहीं है; यह दर्शाता है कि हम किन बातों को महत्व देते हैं। बहुत लंबे समय से, हमारी पसंद ने महिलाओं को लगातार और व्यवस्थित रूप से बाहर रखा है। इस कहानी को फिर से लिखने के लिए नेक इरादों से कहीं ज़्यादा की ज़रूरत है। यह माँग करता है कि शोध में महिलाओं को मानक के रूप में शामिल किया जाए, न कि धारणा के रूप में। निदान मानदंड महिलाओं की प्रस्तुतियों को प्रतिबिंबित करें, न कि केवल पुरुषों के आधार-रेखाओं को। डॉक्टरों को बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। और महिलाओं को-व्यवस्थाओं द्वारा, विज्ञान द्वारा, और समाज द्वारा-यह याद दिलाया जाता है कि उनका स्वास्थ्य कोई भाग्य नहीं है, या त्याग के बाद मिलने वाला इनाम नहीं है। यह बाकी सभी चीज़ों का प्रारंभिक बिंदु है। तो, क्या होगा अगर वह सीधे डॉक्टर के पास चली जाए? क्या होगा अगर वह उस अपॉइंटमेंट को अगले हफ़्ते के लिए टालना बंद कर दे? क्या होगा अगर दुनिया, एक बार के लिए, उसके साथ आधे रास्ते में मिले-उस देखभाल के साथ जो उसे स्पष्ट रूप से देखे, और विज्ञान जो उसका पूरी तरह से अध्ययन करे? शायद, तब, वह केवल अपनी ज़िम्मेदारियों के कैलेंडर को ही सहन नहीं करेगी, बल्कि उससे आगे बढ़ जाएगी। और वास्तव में, यहीं से चिकित्सा का भविष्य शुरू होना चाहिए!

## कर्नाटक के वस्त्रों, उनकी बुनाई और उनसे जुड़ी कहानियों पर एक नज़र...

# शिव और पार्वती द्वारा बुनी गई इलकल साड़ी



"हाथ से बुनी गई साड़ी असल में शिव और पार्वती की कृति होती है। लेकिन पार्वती, या पम्पा, छाया में ही रहती हैं। 'पंपा' पार्वती का दूसरा नाम है, जो ध्यानमग्न शिव को विवाह के लिए प्रेरित करने की आशा रखती है।



## चालुक्य वंश से आई इलकल साड़ी

इलकल साड़ी में सूती और रेशमी बुनाई की जाती है। यह मुख्य साड़ी बागलकोट क्षेत्र की इलकल है, जो आठवीं शताब्दी की एक प्राचीन बुनाई तकनीक है जिसमें शरीर में सूती और पल्लू में रेशमी बुनाई का इस्तेमाल किया जाता था। इसके अलावा, 'खन्न' भी है, जो मेरे लिए एक नई खोज है, जो विशेष रूप से ब्लाउज बनाने के लिए बुने गए कपड़े में चमकदार ज्यामितीय ग्रिड-शैली की बुनाई है। बलदोटा का कहना है कि इलकल और खन्न दोनों चालुक्य वंश से आए हैं। उत्तर के बनारस और दक्षिण के कांजीवरम की चमक-दमक में, शांत इलकल ज़्यादा ध्यान आकर्षित नहीं करती। लेकिन यह पारखी लोगों के लिए ज़रूरी है।

● नम्रता ज़कारिया ●

सलमान रुश्दी ने अपने उपन्यास 'विजय नगरी' (2023) में विस्मृत देवी पंपा देवी को जीवनदान दिया है। रुश्दी की पंपा एक ऐसी महिला है जो अपनी माँ के सती की राख में समा जाने के बाद पुनर्जन्म लेती है। वह हमेशा के लिए जीने की प्रार्थना करती है और उसे 247 साल का जीवन प्रदान किया जाता है, जिसके दौरान वह दुनिया के सबसे खूबसूरत शहर, बिस्नागा या 'विजय नगरी' का निर्माण और शासन करेगी। उसकी मृत्यु के बाद, यह शहर खंडहर में बदल जाएगा। बिस्नागा ही कर्नाटक का विजयनगर है। पंपा पार्वती का दूसरा नाम है, जो ध्यानमग्न शिव को विवाह के लिए प्रेरित करने की आशा रखती है। यह तुंगभद्रा नदी का पुराना नाम भी है और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हम्पी का प्राचीन नाम भी। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कपड़ा क्षेत्र की समर्थक लवीना बाल्डोटा ने अपनी नवीनतम प्रदर्शनी का नाम 'पम्पा- कर्नाटक के वस्त्र' रखा, जो हम्पी बाज़ार में 17वीं शताब्दी के पत्थरों से सजे मंटप्पा प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित की गई थी। यह प्रतिष्ठित विरुपाक्ष मंदिर से कुछ ही फीट की दूरी पर है, जिसके परिसर में पम्पा देवी का एक छोटा सा मंदिर है। यह संयोग ही है कि बाल्डोटा द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी उस सप्ताह में आयोजित हुई, जिसमें दुनिया भर की महिलाओं का जश्न मनाया जाता है। कर्नाटक के वस्त्र, भले ही अधिकांशतः पुरुषों द्वारा बुने जाते हों, खेतों में काम करने वाली लड़कियों के प्रति श्रद्धांजलि के अलावा और कुछ नहीं हैं। पतले किनारों वाले साधारण हाथ से बुने हुए सूती कपड़े, जो किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित नहीं करते। वे केवल अपने चटकीले प्राकृतिक रंगों के कारण ही अलग दिखते थे- मदार लाल, हल्दी जैसा पीला, वनस्पति हरा और नीलांबरी नेवी जो नील से प्राप्त होते थे। सजावट ज्यामितीय वर्गों या कपड़े पर बने साफ-सुथरे धारियों से होती थी।

## खास बुनाई तकनीक

इलकल की खासियत यह है कि इसके मुख्य ताने और पल्लू के ताने को करघे पर ही हाथ से एक साथ पिरोया जाता है, जिसे 'टोपे टेनी' तकनीक कहते हैं। कभी-कभी कपड़े की संरचना को सूती से रेशमी में बदलने के लिए कोंडी या तीन-शटल तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी बात, पल्लू में हमेशा लाल रंग होता है और मंदिर के गुंबद जैसा दिखने वाला एक त्रिकोण आकार होता है। टोपे टेनी पल्लू का बहुत सम्मान किया जाता है और इसे कर्नाटक के वस्त्रों का प्रतीक माना जाता है। पारंपरिक किनारों को चिक्की, गोमी, जरी, गद्दीदादी या आधुनिक गायत्री कहा जाता है। स्थानीय हस्ती रमेश अयोदी पास के अनेगुंडी स्थित किष्किंधा ट्रस्ट एनजीओ में हमसे मिलने आए थे। मुझे उनकी किष्किंधा की दुकान से एक बेहद आधुनिक और साधारण काली-सफ़ेद साड़ी बहुत पसंद आई और मैंने उसे ख़रीदा भी। परिसर में एक महिला कारीगर ने मुझे बताया कि उसने यह साड़ी बनाई है। मैंने उससे कहा कि वह ग़लतफ़हमी में है क्योंकि मैंने इसे रमेश से ख़रीदा था। वह जवाब देती है, 'हम पति-पत्नी हैं...,' हमने यह साड़ी साथ मिलकर बनाई थी। भारत के अधिकांश हिस्सों में, बुनकर पुरुष ही होता है। लेकिन उसकी सहायक हमेशा उसकी पत्नी ही होती है। वह अक्सर सूत कातती और बेलन भी चलाती है। वह पहले उसके लिए करघे से पहले का सारा धागा तैयार करती है, जब तक कि वह करघे के लकड़ी के ढाँचे में धागा नहीं डाल देता और अपनी क्लिक-क्लैक बुनाई शुरू नहीं कर देता। हाथ से बुनी गई साड़ी असल में शिव और पार्वती की कृति होती है। लेकिन पार्वती, या पम्पा, छाया में ही रहती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एसीएस बने रस्तोगी व शुक्ला, आदेश जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 1994 बैच के आईएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी और शिव शेखर शुक्ला को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर प्रमोट किया गया है। शासन द्वारा शनिवार को जारी आदेश के अनुसार प्रमुख सचिव स्तर के इन दोनों अफसरों की पदस्थापना यथावत रखी गई है। यह आदेश एक सितंबर से लागू होगा। दीपाली रस्तोगी के पास पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के एसीएस पद के अलावा विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। इसी तरह शिवशेखर शुक्ला के पास एसीएस संस्कृति एवं पर्यटन, आयुक्त सह संचालक स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव भारत भवन, ओएसडी सह आयुक्त पर्यटन एवं एमडी मप्र पर्यटन विकास बोर्ड का दायित्व होगा। शुक्ला के पास एसीएस धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।





### कांग्रेस घर-घर जाकर चैक करेगी वोटर लिस्ट

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को दो दिवसीय मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इसका मकसद राहुल गांधी के वोट चोरी के मुद्दे पर प्रदेश की मतदाता सूची का गहन सत्यापन और पुनरीक्षण करना था। इस दौरान संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रभारी ललित सेन, चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया कार्यकर्ताओं को बताया कि कांग्रेस अब हर विधानसभा में घर-घर जाकर इस अभियान को चलाएगी। इस दौरान बूथ लेवल एजेंट सभी मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का अभियान बताते हुए कहा कि हर सही मतदाता का नाम सूची में होना चाहिए और किसी भी तरह की वोट चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### वन विकास निगम के एमडी का आदेश निरस्त किया जाए

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने वन विकास निगम के प्रबंध संचालक द्वारा जारी किए गए आदेश को श्रमिक विरोधी बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने पत्र में कहाकि वन विकास निगम के प्रबंध संचालक के श्रमिक विरोधी आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि मप्र वन विकास निगम के प्रबंध संचालक एचयू खान ने आदेश जारी करके विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 240 दिवस से ज्यादा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को सेवा में न रखा जाए। जबकि वन विकास निगम में वर्षों से श्रमिक लगातार सेवारत हैं। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्रम अधिनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

### केंद्र सरकार के ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को हाईकोर्ट में चुनौती

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के समक्ष केंद्र सरकार के ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया है कि कानून युवाओं के मौलिक अधिकारों का हनन है। फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे कौशल-आधारित खेलों को भी यह कानून अवैध बता रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई अगले हफ्ते करने के निर्देश दिए। रीवा की क्लबूबम 11 स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ पुष्पेंद्र सिंह ने याचिका दायर की है। तर्क दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट और कई हाई कोर्ट पहले ही फैंटेसी स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित खेल बता चुके हैं।

# हमारी राष्ट्रीय अस्मिता व स्वाभिमान है स्वदेशी उत्पादः सीएम

## कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय संगोष्ठी में स्वदेशी अभियान के पोस्टर एवं जन अभियान परिषद के ब्रोशर का विमोचन

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री एवं जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान-सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया वोकल फॉर लोकल अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आत्मीय आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने दीप प्रच्चवलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस ब्रोशर में स्वदेशी वस्तुओं की सूची दी गई है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में इस एमओयू का दोनों संगठनों द्वारा परस्पर आदान-प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। आरंभ में आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई।



### स्वदेशी एक बड़ा विषयः खंडेलवाल

संगोष्ठी में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वदेशी एक बड़ा विषय है। राच्य सरकार स्वदेशी के प्रति जागरूकता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम सभी अपने मानस में, अपने आचरण में स्वदेशी भाव लाएं, तभी हमारा देश विकसित और समृद्ध बनेगा। हम अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाए रखें और सरकार के स्वदेशी भाव से जुड़े हर काम, हर अभियान में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर जागृति लाएंगे, तभी तो स्वदेशी की भावना हर नागरिक तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी सुधीर दाते, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, इसी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम आदि उपस्थित थे।

### जनअभियान परिषद् स्वदेशी जागरण सप्ताह मनाएगाः नागर

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि यह राच्य स्तरीय संगोष्ठी स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से आयोजित की गई है। दोनों संगठन स्वदेशी के प्रति जागृति लाने के लिए प्राण-प्रण से जुटे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जनअभियान परिषद स्वदेशी जागरण सप्ताह मनाएगा। हम इसे जन-जन का अभियान बनाएंगे। उन्होंने बताया कि हम सरकार के हर अभियान को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। विगत 30 मार्च से 30 जून तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद ने 40 लाख लोगों की सहभागिता कराई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जन अभियान परिषद ने 17 लाख से अधिक पौधे रोपने में मदद की और करीब 1.5 लाख से अधिक महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा।

### धार्मिक पर्यटन के लिए सर्वाधिक पर्यटक आए मध्यप्रदेशः मोहन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार ने पर्यटन विकास को रोजगार से जोड़ा है। पर्यटन बढ़ता है, तो लोगों को रोजगार के नए-नए अवसर मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में पर्यटन क्षेत्र बहुत तेजी से विकास कर रहा है। इसमें मध्यप्रदेश भी पीछे नहीं है। गत वर्ष धार्मिक पर्यटन के लिए देश में सर्वाधिक पर्यटकों ने मध्यप्रदेश को ही चुना। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जारी संदेश में कहा कि हमारी सरकार सभी क्षेत्रों को समान रूप से बढ़ावा दे रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने शनिवार को ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की गई है। इससे पहले रीवा और उज्जैन में टूरिज्म को लेकर ऐसी ही कॉन्क्लेव आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कूनो में देश का पहला राष्ट्रीय चीता अभयारण्य है। साथ ही चंबल नदी के आसपास घड़ियाल अभयारण्य भी है। कछुओं की लुप्त प्रजातियों का भी संरक्षण मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। माधव नेशनल टाइगर पार्क को इसी साल लोकार्पित किया गया है। पर्यटन विकास के जरिए प्रदेश का भविष्य और उज्वल और समृद्ध हो, सभी युवाओं को रोजगार मिले, हमारी सरकार इसी भावना से काम कर रही है। मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के कई स्थान हैं। देश में कुल 66 स्थान विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिन्हित किए गए हैं, इनमें से 27 मध्यप्रदेश में स्थित हैं। यह राच्य के लिए बेहद गौरव की बात है।

# नेहरू और गांधी को पढ़ेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता, पीसीसी में लाइब्रेरी शुरू



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मप्र कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) में शनिवार से लाइब्रेरी की सुविधा शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने इसे संगठन के वैचारिक और बौद्धिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बताया है। इस लाइब्रेरी में कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा, और महात्मा गांधी व जवाहरलाल नेहरू की जीवनी एवं उससे जुड़ा साहित्य उपलब्ध रहेगा। कांग्रेस की योजना है कि आने वाले समय में इस लाइब्रेरी का विस्तार किया जाएगा ताकि कार्यकर्ता यहां आकर अपने नेताओं और पार्टी के बारे में च्यादा जानकारी हासिल कर सकें। लाइब्रेरी के संचालन का जिम्मा कांग्रेस के विचार विभाग को सौंपा गया है। यहां आने वाले समय में नए प्रकाशन और साहित्य भी उपलब्ध होंगे। कांग्रेस प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से इस मौके पर अपील करते हुए कहा कि वे खाली समय में नेहरू और गांधी के विचारों को पढ़ें, जिससे वे पार्टी की विचारधारा से और भी बेहतर ढंग से जुड़ सकें।

# पीजी में 1.20 लाख प्रवेश, 75 हजार सीटें रह गईं खाली

## प्रवेश प्रक्रियाः एनसीटीई कोर्स की कल जारी होगी मेरिट


**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के पीजी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चार महीने चली काउंसलिंग के दौरान पीजी में एक लाख बीस हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। जबकि गत वर्ष एक लाख 15 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए थे। यह संख्या पिछले साल के मुकाबले पांच हजार अधिक है। इसके बाद पीजी में करीब 75 हजार सीटें रिक्त बनी हैं, जो अब रिक्त ही रहेंगी। वहीं यूजी में कुल 3 लाख 58 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। यह संख्या पिछले साल में मुकाबले 33 हजार 558 कम है। गत वर्ष 2024-25 में यूजी में तीन लाख 91 हजार 580 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। वर्तमान में दो काउंसलिंग और तीन सीएलसी के बाद विभाग तीन लाख 58 हजार विद्यार्थियों का ही प्रवेश करा सकता है। अभी भी विभाग गत वर्ष के आंकडे से करीब 33 हजार के फासले पर बना हुआ है। विभाग ने पीजी में प्रवेश के लिए 15 अगस्त से सीएलसी का स्पेशन राउंड शुरू किया था। शनिवार को प्रवेश लेने की आखिरी तारीख थी। 15 दिन में इस राउंड में 13 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

### 12वीं के रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ा, पर प्रवेश का ग्राफ गिरा

प्रदेश में निजी और सरकारी कालेजों में यूजी के प्रवेश की गड़बड़ाई हुई है। दोनों कोर्स में जारी हुए रिजल्ट की अपेक्षा प्रवेश काफी कम हैं। जबकि 12वीं का रिजल्ट गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान सत्र में 18 फीसदी ज्यादा रहा है। इसके बाद विभाग ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रवेश तो नहीं दे पाया है। बल्कि गत वर्ष के अपेक्षा प्रवेश में काफी पिछड़ गया है। जबकि 12वीं का रिजल्ट बेहतर होने के कारण प्रवेश का ग्राफ ऊपर जाना चाहिए था। प्रवेश में हुई गिरावट की वजह कोई और नहीं बल्कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और काउंसलिंग का सही तरीके से संचालन नहीं कराना है। उनकी अनदेखी के कारण 12वीं पास काफी विद्यार्थी कालेजों में प्रवेश से वंचित बने हुए हैं।

**यूजी-पीजी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| यूजी सीटें | 5,54,901 |
| यूजी प्रवेश | 3,60,000 |
| पीजी सीटें | 1,94,825 |
| पीजी प्रवेश | 1,20,000 |



| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| बीएड | 58,977 | 55,963 |
| बीएबीएड | 3,450 | 2,847 |
| पीबीएड | 150 | 127 |
| एमपीएड | 325 | 308 |
| बीईएलएड | 100 | 90 |
| एमएड | 3,160 | 2,044 |
| बीपीएड | 1,550 | 1,392 |
| बीएससीबीएड | 2,800 | 2,151 |
| बीएड-एमएड | 250 | 185 |

### एनसीटीईः दो सितंबर को सीटों का आवंटन

एनसीटीई कोर्स का तीसरा अतिरिक्त राउंड चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार पंजीयन की अंतिम तिथि थी। इसमें विभाग को ज्यादा संख्या में पंजीयन नहीं मिले हैं। विभाग सोमवार को उनकी मेरिट सूची जारी करेगा। दो सितंबर को सीटों का आवंटन किया जाएगा। विद्यार्थी छह सिंतबर तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। फीस जमा नहीं करने की दशा में प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। मौजूदा स्थिति में 560 बीएड कालेजों की 58 हजार 977 सीटों में से 55 हजार 963 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है।

**कोर्स की स्थिति**

| | |
|---|---|
| प्रदेश में कालेज | 775 |
| प्रदेश में कुल सीट | 70,762 |
| कुल प्रवेश | 65,197 |

# रेत से भरा ट्रक कच्चे मकान में घुसा, तीन लोगों की मौत

## तीन घंटे की मशक्कत के बाद निकाले जा सके शव



**जागरण, झाबुआ।** प्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है, तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क हादसों में असमय लोगों की मौतें भी हो रही हैं। ताजा मामला झाबुआ जिले का है, जहां रेत से भरा ट्रक सड़क किनारे बने कच्चे मकान में जा घुसा। हादसे में घर के अंदर सो रहे देसिंग पिता नूरा मेड़ा (27), उनकी पत्नी रमिला (25) और बेटी आरोही (6) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर फरार हो गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद तीनों शव निकाले जा सके।

झाबुआ के पुलिस अधीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा शनिवार तड़के 4 से 5 बजे के बीच हुआ है। झाबुआ जिले के कालीदेवी थाना क्षेत्र के ग्राम फतीपुरा के समीप चोरण माता घाट उतरते वक्त यह हादसा हुआ। ट्रक घाट उतारते वक्त चालक की लापरवाही से ट्रक असंतुलित होकर एक मकान के ऊपर जाकर पलटा गया, जिससे 3 लोगों के दबने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक छोटा उदयपुर से राजगढ़ के रास्ते झिरी गांव होते हुए आ रहा था। तभी यह हादसा हो गया।

# तालाब के गहरे पानी में डूबने से दो किशोरियों की गई जान

## मोर छठ सिराने गई थी दोनों, नहाने के दौरान हादसा



**जागरण, ग्वालियर।** जिले में बड़ा हादसा हो गया। मोर छठ सिराने के लिए गईं दो किशोरियां की तालाब के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल घटना आरोन थाना के भगवानपुर गांव की है, जहां शादी के बाद किशोरियां मोर छठ सिराने गई थी। मोर सिराने के बाद वे दूसरी तरफ जाकर नहाने लगीं। इस दौरान वे घहरे पानी में चली गई और उनकी डूबने से मौते हो गई। मृतकों में 15 वर्षीय ज्योति बंजारा और सपना बंजारा शामिल हैं। घटना की सूचना पर आरोन पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक घंटे बाद मिले शवः घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरोन थाना प्रभारी अतुल सिंह चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किशोरियों की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया, लेकिन उससे पहले डूबी लड़कियों के शव पानी के ऊपर तैरते मिल गए।

### गांव में पसरा मातम

बताया गया है कि दोनों किशोरियों के घर पास-पास हैं। एक ही मोहल्ले में दो किशोरियों की मौत से वहां पर मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों किशोरी काफी गहरी दोस्त थी। एक-दूसरे को बचाने में ही दोनों की जान गई है।

# तीन हफ्ते में पूरा करना है 8 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर का बचा काम

## गांधी जयंती पर मिल सकती है मेट्रो की सौगात

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सितंबर माह में होने वाले कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी निरीक्षण से पहले भोपाल मेट्रो के 8 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम 100 फीसदी पूरा किया जा रहा है। शनिवार को एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत बनाए जा रहे मेट्रो स्टेशन और सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो पर बचे हुए काम को तेजी से पूरा करने को कहा। बता दें कि प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम पूरा करने के लिए एमडी पहले अल्टीमेटम जारी कर चुके हैं, जिसके बाद सभी स्टेशनों और कॉरिडोर पर 24 घंटे काम किया जा रहा है। टीम का फोकस डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और साकेत नगर मेट्रो स्टेशन पर है। तीनों ही स्टेशनों पर एंट्री एग्जिट प्वाइंट अभी अधूरे हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक वर्क और सौंदर्यीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। तीन सप्ताह में 8 किमी के कॉरिडोर का काम कर लिया जाएगा।



### एमडी सुबह ही पहुंचे सुभाष नगर डिपो

शनिवार को एमडी एस कृष्ण चैतन्य सुबह 11 बजे ही सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो पहुंच गए और अधिकारियों और कॉन्ट्रेक्टर से बचे हुए काम को तेजी से पूरा करने को लेकर जानकारी ली। इस दौरान एमडी ने इन्स्पेक्शन बे लाइन, रिपेयर बे लाइन, विभिन्न सिस्टम रूम, टेस्ट ट्रैक, आग्जिलियरी सब-स्टेशन, ट्रैक्शन सब-स्टेशन, एड्मिन बिल्डिंग मे कंट्रोल रूम, प्रमुख सिस्टम रूम्स, डिपो रोड, रैम्प एरिया, अनलोडिंग-बे, बॉउन्ड्री वॉल, ट्रैनिंग बिल्डिंग, पम्प रूम, फायर एनओसी और ड्रैनेज व्यवस्था की जानकारी ली।

**आयोजन** — ग्वालियर रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव में मध्यप्रदेश पर्यटन के डिजिटल प्रचार-प्रसार के लिए एमओयू

# पर्यटन को बढ़ावा देने 75 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत

**जागरण, ग्वालियर/भोपाल।** शनिवार को ग्वालियर के राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विवि परिसर में आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने एवं विरासतों के संरक्षण के लिए 75 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिलान्यास एवं विमोचन किया पर्यटन को बढ़ावा देने 75 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत ग्वालियर में ऐतिहासिक फूलबाग क्षेत्र में 17 करोड़ रुपये के विकास कार्यों और राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में 58.46 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के डेलबर्टो संस्था के सहयोग से प्रदेश की पारंपरिक शिल्प एवं बुनाई कला को बढ़ावा देने के लिए शिल्पकारों के उत्पादों के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ग्वालियर किले के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई कार्ययोजना का विमोचन किया गया। वहीं मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों, गतिविधियों और आयोजनों के व्यापक स्तर पर इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज़ेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध किया गया। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।



### ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड अंचल को मिलेंगे नए आयामः तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निवेश के लिए किए जा रहे सर्वांगीण प्रयास मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को बल देंगे। साथ ही रोजगार प्रदान करने में ये कदम मील का पत्थर साबित होंगे। श्री तोमर ने भरोसा जताया कि ग्वालियर में आयोजित पर्यटन कॉन्क्लेव से ग्वालियर-चंबल एवं बुंदेलखंड अंचल में आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में बहुत सारी संरचनाएं मूर्त रूप लेंगी। श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कॉन्क्लेव एवं औद्योगिक मीट का विकेंद्रीकरण किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।



### कॉन्क्लेव के आ रहे हैं सार्थक परिणामः सिलावट

ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव की जो श्रृंखला चलाई जा रही है, उसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगे। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राच्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि ग्वालियर की पुण्य भूमि में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटन के क्षेत्र मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए हम सभी सतत प्रयासरत हैं। प्रदेश प्राकृतिक रूप से समृद्ध है। हमारा गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति है। यूनेस्को की कुल 62 साइट्स में 18 साइट्स सिर्फ अकेले मध्यप्रदेश में हैं, जिसमें 3 स्थायी सूची में और 15 संभावित सूची में हैं।



### पर्यटन नीति-2025 और प्रावधानों का प्रेजेंटेशन

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने प्रदेश के पर्यटन की विशेषताओं, प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत संरक्षण, ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय कला पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पर्यटन नीति-2025 और मध्यप्रदेश पर्यटन फिल्म नीति-2025 के प्रमुख प्रावधानों और निवेशकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही ग्वालियर और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों के विकास कार्य और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित किया।

### निवेशकों ने साझा किये अनुभव

वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस्सार समूह, एविड लर्निंग के सीईओ और रॉयल ओपेरा हाउस मुंबई के क्यूरेटर असद लालजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र का तेज गति से विकास हो रहा है। हम सभी इस विकास में अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं। भारतीय टूर ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने कहा कि यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव प्रदेश के पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच हैं। लगभग 200 से अधिक ट्रैवल और टूर ऑपरेटर टूर के माध्यम से ग्वालियर के आस-पास के क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। नीमराना होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमन नाथ ने कहा कि यह वक्त भारतीय विरासत और संस्कृति के पुनर्जागरण का है। मध्यप्रदेश में हर पर्यटक और निवेशक के लिए सब कुछ है। यह पूरे भारत में कनेक्टिविटी के मध्य केंद्र के रूप में कार्य करता है। उद्योग स्थापित करने के लोकेशन के रूप में मप्र सर्वश्रेष्ठ है।

### मप्र की फिल्म नीति ने शूटिंग बनाई आसानः मिश्रा

अभिनेता और कलाकार पीयूष मिश्रा ने कहा कि ग्वालियर में रहकर उन्होंने सिनेमा में काम करने का सपना देखा। यहां थिएटर की ट्रेनिंग ली और अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के सपने को 2015 में पूरा किया। प्रदेश में अभिनेताओं की एक्सपर्ट शॉट की कार्यशाला के माध्यम से युवा कलाकारों को सिनेमा क्षेत्र की विधाएं सिखाने के लिए कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश फिल्म नीति ने प्रदेश में फिल्म शूटिंग को आसान बनाया है।



### छात्रसंघ चुनाव के मामले में जवाब के लिए मोहलत

**जागरण, जबलपुर।** विश्वविद्यालयाओं व महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर मामले में अनावेदकों की ओर से जवाब के लिये समय की राहत चाही गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने उक्त प्रार्थना स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिये मुलतवीं कर दी। हाईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। यह मामला छात्र नेता अदनान अंसारी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय ने पक्ष रखा। याचिका में प्रदेश के समस्त विवि में चुनाव की पुनः बहाल किये जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लिंगदोह समिति की सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 2017 से अब तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। जबकि छात्रों से 250 प्रति वर्ष छात्रसंघ शुल्क लिया जा रहा है, लेकिन चुनाव नहीं कराये जाते है। कई सालों से छात्रसंघ चुनाव संपन्न नहीं हुए है, जो कि अनुचित है। मामले की पिछली सुनवाई पर न्यायालय ने विवि को शासन से स्ट्रंक्शन प्राप्त कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये थे।

# जनजाति कार्य विभाग ने दो कॉलम तुड़वा बिल्डिंग को दी अनुमति





**जागरण, मंडला ।** आदिवासी बाहुल्य जिले मंडला में भ्रस्टो का चारागाह बना हुआ है और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के साथ साथ जिला प्रशासन चैन की बंशी बजा रहा है इन्हें जिले में कौन विभाग में क्या चल रहा कौन परेशान है और कौन मालामाल हो रहे है इसे कोई लेना देना नही है इन्हें जिम्मेदार केवल अपनी डियुटी कर अपनी मौजूदगी दे रहे है को हम है आप लूट लो कोई कुछ नही करेगा क्योंकि शिकायत होगी तो हमारे पास ही होनी है और जाँच भी हमे करनी है, और जिले के विभाग निर्माण एजंसी और ठेकेदारों को भय मुक्त सरकारी धन की लूट मची और निर्माण कार्यों में हो रही लूट में सब का अपना अपना हिस्सा बना हुए है और वह समय समय मे पहुँच रहा है शायद इसलिए भी जिले के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर नही देखना मुनाशिव नही समझते हैं।वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में स्कूल और छात्रावास के नव निर्माण भवनों का कार्य तेजी से चल रहा है और इन भवन निर्माण कार्य की रेख देख जिले के पी डब्ल्यू डी पी आई यू की से हो रहा पर इन विभाग के इंजीनियरिंग और एस डी ओ उपयंत्रियों के द्वारा चल रहे भवन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता फ़ील्ड में न देख कार्यालय में बैठ ही देखी जाने की जानकारी मिल रही और ठेकेदारों को बेलगाम छोड़ दिया वह रेत की मिट्टी युक्त रेत और काली डस्ट का उपयोग कर मौत का भवनों का निर्माण कार्य जारी है। जहाँ कुछ दिनों पहले ही विकास खंड बीजाडांडी के अंतर्गत ग्राम विजयपुर में बालक छात्रवास का निर्माण 3.42 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा है! नवनिर्माण भवन की कालम भरभरा के गिर गई निर्माण कार्य में ठेकेदार और विभाग की पोल खुल गई जहाँ यह दिखाई पड़ गया कि ठेकेदार और विभाग के द्वारा खुल्लम खुल्ला लापरवाही बरती गई है ! जिसे गांव वालो ने संज्ञान में लेकर कार्य बंद करवा दिया गया था और उसकी शिकायत विभाग और अन्य जगह की हुई थी लेकिन 4 -5 दिन कार्य बंद होने के बाद उपयंत्री द्वारा जांच तो की गई लेकिन जांच कैसी की इसका खुलासा ग्रामवासियों ने किया की उपयंत्री द्वारा प्लंथ के ऊपर के 2 कालम नाम मात्र के लिए तुड़वा दिया गया जिससे गांव का माहौल को शांत किया जा सके ग्रामवासियों का कहना है की जहा प्लंथ में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ था ! जहा से सुखी गिट्टी निकल रही थी जहां बिगर जाला बिछाए ही कालम खड़े कर दिए गए थे जहा बिना जुड़ाई के बीम डाल दी गई थी जहा सूखे ईंट लगा कर बीम डाली गई थी उसे उपयंत्री ने कुछ कहा ही नहीं ऊपर ऊपर तुड़वा कर काम चालू करवा दिया ये जांच थी या विभाग द्वारा नाटकीय कार्यक्रम कर ठेकेदार को अपनी गोद मे बिठाल कर उसे पुनः कार्य करने छोड़ दिया है।

**सरकार के खजाना का वहीं चोर वहीं सिपाही, आदिवासी बच्चे मरे तो मरे ऐसी सोच से दिया अंजाम :** ग्रामवासियों ने बताया कि जब जांच चल रही थी तो उपयंत्री और ठेकेदार साथ में आए और जांच चालू कर दी और किसी को जानकारी भी देना उचित नहीं समझा जब उपयंत्री को ही जांच करना था तो जांच का विषय का मतलब क्या था वही उपयंत्री मूल्यांकन करे और वही जांच, वाह विभाग की गोल मोल प्रक्रिया का मतलब सीधा था खुद और ठेकदार से मिलीभगत अनुसार सरकार के खजाने को लूट सको तो लूट कि निति कि तर्ज पर जांच हो रही थी ग्रामजन जन का कहना था विभाग आदिवासी बच्चो का मसीहा बनना चाहता है तो जांच के लिए विभागीय उपयंत्री को क्यों भेजा मंडला में बैठ कर जांच कर लेते ग्रामवासियों को जानकारी लगी की जांच करने कोई आया है तब ग्रामवासी वहां पहुंचे और देखा की उपयंत्री कालम तोड़ने को बोल रहा है जब उपयंत्री को नीचे की स्थिति गांव वाले द्वारा बताई गई तो उपायंत्री बोला में सब देख रहा हु सब सुधरवा दूंगा आप लोग यहां भीड़ मत लगाओ यहां से भाग जाओ सब टूटेगा और वही दूसरे दिन 2 कालम टूटे और ऊपर से कार्य चालू कर दिया गया।

**जनजाति कार्य विभाग ही है लुटेरा ,वहीं मूल्यांकनकर्ता वहीं है जाँचकर्ता :** जनजाति कार्य विभाग में दूसरा संतोष शुक्ला की जगह उपयंत्री तिवारी को लाया है यह विभाग मंडला में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर गया है छात्रवास निर्माण में प्लंथ जहा बिना बिछाए जाल में खड़ी हो जाएं और मूल्यांकन कर्ता ही जांच करे तो क्या जांच का निष्कर्ष निकलेगा आप समझदार है वहीं चोर वहीं सिपाही है, पर विभाग और उच्च अधिकारी भी जानते है उसके बाद भी ध्यान न देना यह साबित करता है बोले तो कद्दू कटेगा तो सबमे बटेगा सिद्ध भी हुआ और उच्च अधिकारी भी खामोश है मतलब सीधा है उच्च अधिकारी तक इसका कमीशन जाता होगा और साथ में कुछ जनप्रतिनिधियों को भी तभी उपयंत्री को जांच दी गई है ऐसा न करे गरीब आदिवासियों के साथ बच्चे पढ़ने आयेंगे और जिस तरह से बिल्डिंग की प्लंथ हुई है उसे तो ग्रामवासियों ने प्लंथ गिरने का नजारा स्वयं देखा है जो भविष्य में कई बच्चो को काल के गाल में सामने तैयार हो रही है ! जब यह छात्रावास भवन कई आदिवासी बच्चो को मौत कि नींद सुला देगी तब शासन प्रशासन जागेगा फिर जांच होगी कलेक्टर के माध्यम से पैसा से अभिभावक का दिल जितने का काम होगा सब ग्राम जन चाहते है ऐसी नौबत न ही आए।

## बिल्डिंग का हो गया भुगतान सड़क में उतर आए ठेकेदार उपयंत्री बाँट रहे पैसा

वही सूत्र बताते है कि सेटिंग से बिल्डिंग का भुगतान हो गया है एक हवा के झोंके में प्लंथ जमींदोज हो गया अब उपयंत्री और ठेकेदार बोले तो चोर चोर चोर मोसेरे भाई अपनी करतूत को ढकने पैसे खरीद फरोख्त कर रहे है लूटने की भी होड़ मची है चर्चा का विषय बना हुआ है उपयंत्री और ठेकदार द्वारा जनप्रतिनिधियों और कुछ नेता पत्रकारों को हरे हरे करारे नोटों से जाँच एवं खबर न छापने के एवज में नोट कि बरसात कर रहे है ! नोट कि गड्डी ने शांति कि राह पर चलने को मजबूर कर दी ! क्यों की जांच निष्पछ जाँच हुई तो उपयंत्री का बर्खास्त होना तय है और मंडला जिला से ठेकेदार ब्लैकलिस्ट होना भी तय है। क्यों की सूत्रों से खबर है, मंडला में बैठे बैठे उपयंत्री ने मूल्यांकन करके ठेकदार को निर्माण से अधिक का भुगतान करवा दिया गया है जिसे उपयंत्री को डर है की जांच अगर बढ़ी तो प्लंथ तो तोड़ना पड़ेगा ही साथ मे में भी सस्पेंड हो जाऊंगा इसलिए ठेकदार द्वारा कुछ नेताओं से सरपंच के पास फोन करवा के कार्य चालू करने का और गांव में माहौल शांत करने का दबाव बनाया जा रहा है और सरपंच उपसरपंच को लालच भी दिया जा रहा है की कार्य चालू करवाए लेकिन ग्राम वासियों के माहेल के आगे दबाओ से काम नहीं चलने पर ठेकदार द्वारा 2 कालम तोड़ कर कार्य चालू करवा दिया गया है लेकिन ग्रामवासियों और छेत्रवासियो का कहना है की अगर बिना प्लंथ तोड़े अगर कार्य होता है तो हम इसकी शिकायत ईओडब्लू और कोर्ट जाने को तैयार है जिससे हमारे आदिवासी के बच्चों को भविष्य में कोई खतरा न हो सके और प्लंथ तुड़वा कर नए सिरे से दूसरे ठेकेदार और दूसरे विभाग के उपयत्री से कार्य चालू करवाएंगे अगर निर्माण कार्य नही रुकता है कुछ दिन में तो आंदोलन होगा जिसके जिम्मेदार शासन प्रशासन होंगे। और आखिर कार कब तक चैन की नींद सोते रहेंगे जिले के विधायक सांसद और जिला प्रशासन क्योंकि विभाग ठेकेदार से साठगांठ कर अपनी जेबें भरने में लगा है कल कोई घटना होती है जो जबाब किसको देना विभाग को या ठेकेदार को या फिर जिला प्रशासन और जिले के जनप्रतिनिधि जो चैन की नींद से आराम फरमा रहें हैं।

# डिंडौरी में भाजपा ने रैली निकाल कर राहुल गांधी का पुतला फूंका



**जागरण, डिण्डोरी ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में डिंडोरी जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली निकालकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उनकी दिवंगत पूज्य माताजी को लेकर बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से कही गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन आक्रोश रैली निकालकर पुतला दहन व नारेबाजी की गई। यह यात्रा जिला भाजपा कार्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग से रानी अवंती बाई बस स्टैंड पहुंची जहां राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि देश और दुनियाभर में आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए इंडि. ठगबंधन की नफरत दिनों-दिन और बढ़ती जा रही है। नफरत की आग में जलने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दल के नेता अब राजनीतिक मर्यादा एवं संस्कारों को छोड़कर असभ्यता की सीमा लांघ चुके हैं। अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि शर्म की बात है कि जिनके मंच से इस तरह की ओछी टिप्पणी की गई इस अभद्रता पर उनका मौन बताता है कि वे इससे भली-भांति परिचित थे। राहुल और तेजस्वी ये अच्छी तरह समझ लें कि उन्होंने केवल प्रधानमंत्री जी की दिवंगत माताजी ही नहीं बल्कि संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान किया है। देश की जनता इस अक्षम्य कुकर्म पर उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। अब तो विरोध प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत अवध राज बिलैया वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, राजेंद्र प्रसाद पाठक जिला महामंत्री जयसिंह मरावी जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर दिलीप ताम्रकार बद्री प्रसाद साहू जिला मंत्री सपना जैन राजेंद्र प्रसाद दुबे जिला मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चौकसे जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, वर्षा कुशराम, सुदामा बर्मन लक्ष्मी प्रसाद दरकेश, आकाश नामदेव, अनिल साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवदिया मरकाम अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, अजा जिला अध्यक्ष परसराम नागेश, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, करंजिया जनपद उपाध्यक्ष गीता पट्टा, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हेमसिंह राजपूत, अविनाश छाबड़ा हर्षवर्धन कटारे राजेंद्र परमार ओम प्रकाश ठाकुर, शालिनी मरावी, बृजेश तिवारी, दिलीप चौबे, तरुण ठाकुर, भागीरथ उरैती, यशवंत तोमर, मोहन सिंह राठौर, सरस्वती सारथी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रतिबंध के बाद भी ग्राम पंचायत में सोलर लाइट लगाकर एलईडी के नाम पर किया सात लाख का भुगतान

## कुंभकर्णी नींद में सो रहे पंचायती राज के अधिकारी ठेकेदार और सरपंच, सचिव का खुला भ्रष्टाचार

**जागरण, डिंडोरी।** डिंडौरी जिले के मझियाखार में कुछ दिनों पहले भाजपा जिलाध्यक्ष के आगमन के नाम पर वाहन व्यय में हजारों रुपए व्यय किए जाने का मामला पूरे सूबे चर्चा का विषय बना था, लेकिन अब उससे भी बड़ी धांधली और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है।ग्राम पंचायत मझियाखार में विद्युत सामग्री सप्लाई करने वाले ठेकेदार वंश सोलर एनर्जी ने सरपंच, सचिव और अधिकारियों से मिलकर शासन के आंखों में मिर्ची झोंकने का काम किया है इसके बावजूद भी जिम्मेदार नहीं जागे, जिसके चलते ठेकदार ग्राम पंचायतों को जमकर चूना लगा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश शासन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्रालय द्वारा ग्राम पंचायतो सहित स्थानीय निकायों एवं सरकारी संस्थाओं में सोलर लाइट खरीदी/लगाने में 07 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि शासन के संज्ञान में आया है कि सोलर लाईट बहुत जल्द अनुपयोगी हो जाते हैं, और उपयोगित राशि व्यर्थ हो जाती हैं,जिसके चलते सोलर लाईट/सोलर ट्री,/सोलर स्टड/सोलर हाई मास्ट को प्रदेश के शासकीय संस्थानों में प्रतिबंधित किया गया है ।लेकिन ग्राम पंचायत मझियाखार के सरपंच सचिव और ठेकेदार ने मिलकर शासन के निर्णय और आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए प एलईडी खरीदी के नाम पर वंश सोलर एनर्जी को 789000 रु का भुगतान 28/06/2025 को किया है। जबकि गांव में एलईडी की बजाय सिर्फ 30 नग प्रतिबंधित सोलर लाईट लगाए गए हैं।इस तरह से शासन की राशि को जिम्मेदारों के द्वारा खुर्द बुर्द किया जा रहा है, इस तरह के बेखौफ भ्रष्टाचार से निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जिले के उच्च अधिकारियों के उदासीनता के चलते ग्राम विकास की राशि सरपंच सचिव और ठेकेदार के द्वारा सरेआम लूटा जा रहा है वहीं जिम्मेदार तमाशबीन बने हुए हैं।ग्राम पंचायत माझियाखार में 15वें वित्त, पांचवे वित्त की राशि बगैर कार्य कराए ही अन्य व्यय और मनमानी करते हुए आहरण किया गया है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह हैं। अगर इसी तरह कागजों में विकास होता रहा तो वास्तव में गांवों का विकास कभी भी संभव नहीं है।

# मन की बात का 125वां संस्करण : मंडला जिले के प्रत्येक बूथ पर उत्साह के साथ हुआ श्रवण



**जागरण, मंडला।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम के 125वें ऐतिहासिक संस्करण का मंडला जिले में उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सहित मण्डल के प्रत्येक बूथों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने हर भारतीय को प्रेरित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री जी की सोच और संदेश को घर-घर एवं हर बूथ तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि मन की बात राष्ट्र के जन-जन को जोड़ने का माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा, राष्ट्रप्रेम और विकास की नई चेतना का संचार करता है। प्रधानमंत्री जी के प्रेरक संदेश से आज देश का हर वर्ग किसान, युवा, महिला, खेल एवं उद्यमी जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में सहभागी बन रहा है। विशेष उल्लेखनीय है कि विगत माह मंडला जिले के लगभग 73 प्रतिशत बूथों पर मन की बात का श्रवण किया गया, जो यह दर्शाता है कि जिले का प्रत्येक बूथ लगातार सक्रियता से प्रधानमंत्री जी के संदेशों को आत्मसात कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मन की बात के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशभर की घटनाओं, उपलब्धियों और प्रेरणादायी कार्यों की जानकारी साझा करते हैं, जिससे न केवल सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है बल्कि भाजपा का हर बूथ कार्यकर्ता निरंतर सक्रिय और जागरूक बना रहता है। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि बूथ स्तर तक इस कार्यक्रम की पहुंच यह साबित करती है कि मन की बात केवल संवाद ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चा /प्रकोष्ठ सहित बूथ स्तर तक बड़ी संख्या में देखा एवं सुना गया।

# स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का हुआ शुभारम्भ

## पदमी ने सहजार और नर्मदा ने फेंड्स को दी मात



**जागरण, मंडला ।** रविवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का शुभारम्भ जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष सोनू भलावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले की 16 टीम भाग ले रही है। इन टीमों को 4 पूल में बांटा गया है। प्रतियोगिता का पहला मैच सहजार और पदमी के बीच खेला गया। खेल के पहले हॉफ में सहजार के मोहन मरावी ने गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी। यह बढ़त सेकंड हाफ में भी काफी देर तक बरकरा रही लेकिन सेकंड हाफ की आखरी 10 मिनिट में पदमी के केशू और राम कुमार ने एक के बाद एक लगातार 2 गोल कर निर्णायक बढ़त बना ली। इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच राम कुमार रहे।दूसरा मैच नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब और आज़ाद सोपर्ट्स क्लब जंतीपुर के बीच खेला गया। यह मुकाबला एकतरफा नज़र आया और नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब ने 8 / 0 से आज़ाद सोपर्ट्स क्लब जंतीपुर को मात दी। नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से प्रिंस व बॉबी ने 3 - 3 और अभिषेक व प्रथम ने 1 - 1 गोल किया। इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच का पुरुस्कार प्रिंस उइके को प्रदान किया गया। जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप शर्मा, जिला फुटबाल संघ व नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अनिल सोनी, राजेंद्र शर्मा, पार्षद विनय वरदानी, अली इमाम अंसारी, योगेश चौरसिया, अशरफ अली, पंकज उसराठे, मुजबी हसन, बिलाल अहमद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आज दिनांक 01 सितम्बर, दिन सोमवार की दोपहर 2 बजे पहला मैच मेकल फुटबॉल क्लब मंडला व यंग स्टार फुटबॉल क्लब और दोपहर 03:30 बजे दूसरा मैच खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला व खैरी फुटबॉल क्लब के बीच खेल जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

# अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया युवक

**छतरपुर ।** जिले के थाना बमनौरा पुलिस ने सौंरई तिराहा प्रतीक्षालय के पास अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। बमनौरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिशिर तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूर्य प्रताप सिंह उर्फ बीपी सिंह परमार पुत्र देवेंद्र सिंह परमार निवासी ग्राम मवई थाना बमनौरा का नाम पहले से मारपीट और एससी-एसटी प्रकरणों में भी शामिल था। पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण के दौरान सौंरई तिराहा रामटौरिया पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पाकर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी का अवैध हथियार के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है और उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# 13 सितंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक संपन्न

**जागरण, छतरपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष रवींद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण के साथ एवं तहसील विधिक सेवा समितियों नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर एवं बडामलहरा के साथ वीडियों कॉफेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया गया कि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए। बैठक में विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार देवलिया, जिला न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा, निवेश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जायसवाल, सचिव वि.प्र. सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट रानो बघेल, प्रेरणा जैन, अरविंद गुर्जर, संघशिखा वंशकार, आकांक्षा गर्ग उपस्थित रहे।

# युवाओं को दिये जा रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का छठवां दिन



**जागरण, लवकुशनगर।** शासकीय महाविद्यालय लवकुश नगर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय में चल रहे 30 दिवसी अलपावधी रोजगार प्रशिक्षण शिविर के छठवें दिन आज मुख्य वक्ता के रूप में राजवीर सिंह भदोरिया बी टी यम कृषि विभाग लवकुश नगर के द्वारा कार्यक्रम प्रभारी डॉ अभय कुमार गुप्ता के ? निर्देशन में रोजगारउन्मुखी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें भदौरिया ने छात्र-छात्राओं को कृषि के संदर्भ में सभी पहलुओं पर जानकारी प्रदान की और रेखा अहिरवार ने छात्रों को फसल में हो रही दिक्कतों के समाधान के उपाय बताएं कार्यक्रम का संचालन आशीष सोनी ने किया कार्यक्रम में दीपक गुप्ता प्रतिभागी छात्र छात्रा एव सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा।

## टूटी पुलिया में गिरा वाहन, मां-बेटे की मौत

**छतरपुर ।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में विक्रमपुर रोड पर ग्राम पुतरी के पास बनी पुलिया के टूटे होने से बड़ा हादसा हो गया। दरअसल बीती रात राजनगर से महाराजपुर आ रहे दोपहिया वाहन के पुलिया में गिर जाने से मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बरसात में ही बह गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने समय पर इसका निर्माण शुरू नहीं किया, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। घटना में राजनगर निवासी रोहित पुत्र मुन्नालाल चौरसिया उम्र 21 वर्ष और उसकी मां संध्या चौरसिया उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार की केवल एक छोटी बच्ची ही बची है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बरसात के समय ही पुलिया बह जाने की खबर दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने अनदेखी की, जिसकी वजह से यह दुर्घटना घटी।

# 4 से 14 सितंबर तक होगा जलबिहार महोत्सव

## मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार समिति द्वारा की जा रहीं भव्य तैयारियां

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम करने वाली श्री श्री 1008 श्रवण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार समिति गल्लामंडी छतरपुर के द्वारा विगत 82 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य जलबिहार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोर-जोर से की जा रही है । समिति के महासचिव पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि जलबिहार महोत्सव में श्रवण द्वादशी 4 सितंबर को शहर के प्राचीन मंदिरों के विमान जलबिहार हेतु शोभायात्रा के रूप में मां अन्नपूर्णा मंदिर गल्ला मंडी से प्रताप सागर तालाब पर जाएंगे जहां ठाकुरजी का जलबिहार होगा विमान वापिसी के उपरांत मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण गल्लामंडी में 11 दिनों तक भगवान विराजमान रहेंगे जहां 4 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रतिदिन भव्य महाआरती प्रसाद वितरण व मंचीय धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा । समिति द्वारा जिसकी तैयारियां लगातार जारी है। मेले में दुकान लगाने के लिए संपर्क करेंसमिति के अध्यक्ष सोनू गुप्ता ने बताया कि 82 वें जलबिहार महोत्सव के दौरान कार्यक्रमों के साथ साथ मेले का भी आयोजन किया जाता है जहां एक ओर श्रद्धालु विमानों के दर्शन व कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं वहीं दूसरी ओर मेले का लुप्त उठाते हैं। मेले में घरेलू सामान, खाने-पीने की दुकानें व बच्चों के लिए झूले उपलब्ध रहते हैं। जो भी दुकानदार मेले में अपनी दुकान लगाना चाहता है वह मेले के अध्यक्ष सोनू गुप्ता मो. नं. 7000987193, मेला संयोजक नारायण मिश्रा मो.9131463210, महासचिव पं. सौरभ तिवारी मो. 9977902074 से संपर्क कर सकता है।

# बियर हाउस में पकड़ा गया हथियार बनाने का अड्डा क्राइम ब्रांच और जतारा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई






## अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

जागरण, टीकमगढ़। भोपाल क्राइम ब्रांच और जतारा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए टीकमगढ़ जिले के जतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामगढ़ गांव में बड़ी सफलता हासिल की। यहां एक किराए के बियर हाउस में गुपचुप तरीके से चल रही अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया। कार्रवाई में पुलिस ने हथियार बनाने की मशीनें, औजार और कच्चा माल जप्त किया है।

## चोरी के आरोपी से खुला राज

सूत्रों के अनुसार भोपाल क्राइम ब्रांच ने हाल ही में चोरी की वारदात में शामिल एक आरोपी को पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास मौजूद हथियार टीकमगढ़ जिले के रामगढ़ गांव में खरीदे गए थे। इसी सुराग पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच आरोपी को साथ लेकर टीकमगढ़ पहुंची और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ओर थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक के सहयोग से बियर हाउस पर दबिश दी।

## बियर हाउस में हथियार बनाने का धंधा

पुलिस की छापामार कार्रवाई में यह खुलासा हुआ कि बियर हाउस को केवल गोदाम के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था, बल्कि यहीं पर अवैध हथियारों का निर्माण भी किया जा रहा था। बियर हाउस को सुरेंद्र विश्वकर्मा नामक व्यक्ति ने किराए पर लिया हुआ था। सुरेंद्र मूल रूप से टीकमगढ़ जिले के कुडीला थाना अंतर्गत चंदेरी गांव का निवासी है और कुछ समय से रामगढ़ में रहकर मिस्त्री का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह गाड़ियों की बॉडी बनाने का काम भी करता था, लेकिन इसी के साथ अवैध हथियारों का निर्माण कर उन्हें बेचने का कारोबार भी चला रहा था।

## मशीनें और सामग्री बरामद

दबिश के दौरान पुलिस ने बियर हाउस से कई तरह की मशीनें और हथियार बनाने के औजार जब्त किए। इनमें ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, हथौड़े, स्प्रिंग्स, चैम्बर पार्ट्स और देशी कट्टों के अधबने ढांचे शामिल हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यहां से बने हथियार आस-पास के जिलों और आपराधिक तत्वों तक सप्लाई किए जाते थे।

## अधिकारियों ने नहीं दिया बयान

कार्रवाई में शामिल क्राइम ब्रांच के अधिकारी कैमरे पर कुछ भी कहने से बचते रहे, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह मामला एक संगठित अवैध हथियार निर्माण नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। सुरेंद्र से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके संपर्क में और कौन लोग थे और किन जिलों में हथियार की सप्लाई की जाती थी।

## पुलिस की जांच अभी जारी

पुलिस ने बियर हाउस से जब्त सामग्री को सुरक्षित कर लिया है और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियों का मानना है कि आने वाले दिनों में इस कार्रवाई से पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो सकता है।

# प्रकृति की गोद में समानता का संगम वन विभाग और ग्रामीणों का सामूहिक भोज

टीकमगढ़। जतारा रेंज में वन विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य है वन सुरक्षा और ग्रामीणों के बीच सहयोग को और मजबूत बनाना। इसी क्रम में रविवार, 31 अगस्त 2025 को पिपरट नर्सरी में दूसरा समानता सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, वन समिति सदस्यों, ग्रामीणों और पूरे वन अमले ने एक साथ भोजन बनाया और परोसा। सभी ने बिना किसी अधिकारी-कर्मचारी भेदभाव के प्रकृति की गोद में सौहार्दपूर्ण वातावरण में भोजन का आनंद लिया।



## हर रविवार सामूहिक भोजन का नवाचार

जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में 15 अगस्त से यह नवाचार प्रारंभ किया गया। इसके तहत जतारा रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी कैंपस द्व जतारा, लिधौरा, पलेरा, लार और पिपरट द्व में हर रविवार सामूहिक भोजन किया जाएगा। वहीं इस पहल का उद्देश्य है की ग्रामीणों और वन समिति सदस्यों को शासन की योजनाओं से जोड़ना। वन विभाग और स्थानीय समाज के बीच हिरारकी और असमानता की दूरी को मिटाना। वन सुरक्षा और वानिकी कार्यों में सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना।

## आजीविका और वन सुरक्षा में ग्रामीणों की अहम भूमिका

इस अवसर पर रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने ग्रामीणों और समिति सदस्यों से संवाद करते हुए वनोपज से आजीविका और वन सुरक्षा में ग्रामीणों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

## ग्रामीणों ने की सराहना

आयोजन में शामिल ग्रामीणों और पत्रकारों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इससे वन विभाग और समाज के बीच की दूरी खत्म होगी और वन संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और मजबूत होगी।

# उत्साह उमंग के साथ मनाई गई राधा अष्टमी

पन्ना । पन्ना धाम मोहल्ला स्थित बाई जू राज महारानी जी मंदिर में राधा रानी का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में झीलना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात विभिन्न स्वर्ण आभूषणों से राधा रानी का श्रृंगार किया गया। दोपहर होते होते सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुंदरसाथ मंदिर प्रांगण में पहुंचने लगे और ढोलक में मजीरो से गायन शुरू हुआ। दोपहर 12ः00 जन्मोत्सव हुआ और जैसे ही पर्दा खुली उपस्थित श्रद्धालु सुंदर साथ में राधा रानी के दर्शन किए और श्रीफल अर्पित कर राधा अष्टमी मनाई। तत्पश्चात बड़ी आरती से राधा रानी की आरती की गई और भोग लगाया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों में प्रसाद और पंचामृत वितरित किया गया। महारानी राधा रानी के जन्मोत्सव मनाने पहुंचे महिलाएं, बच्चे सभी रंग बिरंगे कपड़े पहने हुए थे वहीं माय लाइफ सोलह सिंगार करके अपनी राधा रानी को मनाने पहुंची थी।

# गुनौर विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



पन्ना । गुनौर विधानसभा क्षेत्र गुनौर के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत कोट खमरिया में 20 लाख रूपए लागत के सीसी रोड का लोकार्पण एवं 11 लाख 20 हजार रूपए लागत के आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बड़ी सौगात प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीयजनों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि जनता के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहकर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास किया जाएगा। गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को ईमानदारी के साथ शासकीय योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एवं शासन की मंशानुरूप सभी विकास कार्यों को क्रियान्वित कराने के साथ ही प्रशासन के माध्यम से जनकल्याण के कार्य भी कराए जाएंगे। गुणवत्तायुक्त पक्की सड़कों के साथ ही बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान केन्द्रित कर क्षेत्र की विकास योजना तैयार की जाएगी। इससे नागरिकों के जीवन स्तर में बदलाव और खुशहाली आएगी। विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी बनने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ स्थानीय स्तर पर टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलसी बाई, जपं सदस्य ममता बाई एवं सरपंच आशा यादव भी उपस्थित रहीं।

## तिल्ली उरदांनी में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम का अवलोकन

पवई। प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण तिल्ली उरदांनी में किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोह्नी आनंद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया, कार्यालय मंत्री श्री जमुना खटीक, श्री आर.पी. बागरी एवं मंकू श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम के बाद जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया तथा प्रधानमंत्री के संदेशों पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जय भाजपा, विजय भाजपा, जय हिंद, जय भारत, वंदे मातरम के जयघोष लगाए और प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में किए जा रहे कार्यों पर विश्वास व्यक्त किया।

# कलाकारों की भाव-भंगिमाएं और मुरली की मधुर तान ने कर दिया दर्शकों को भाव विभोर





## पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का चौथा दिन

जागरण, पन्ना । संस्कृति विभाग द्वारा 27 से 31 अगस्त तक राधाष्टमी के अवसर पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में प्रति दिवस रासलीला, भक्ति गायन एवं स्थानीय लोक नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है। समारोह के चौथे दिन पूर्वरंग अंतर्गत शैलेन्द्र सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा मोनिया नृत्य और आकांक्षा राजपूत एवं साथी, दतिया द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

बुंदेलखंड का मोनिया लोकनृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक किया जाता है। ग्वाला समुदाय अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। मुख्यतः ग्वाला समुदाय का नृत्य है मोनिया। छोटे बच्चे कृष्ण का रूप धर कर हाथ में लाठी लेकर घर-घर जाते हैं और बांसुरी की लय, ढोलक की थाप पर विभिन्न हस्त पद संचालन के साथ नृत्य करते हैं और अन्न प्रसादी प्राप्त करते हैं। बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ यह नृत्य किया जाता है। गांवों में छोटी छोटी टोली बनाकर यह नृत्य किया जाता है। आकांक्षा राजपूत एवं साथी, दतिया द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियां और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियां कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं। नेग-न्यौछावर बांटती हैं। मंच पर जब बधाई नृत्य समूह के रूप में प्रस्तुत होता है, तो इसमें गीत भी गाए जाते हैं। बधाई के नर्तक, चेहरे के उल्लास, पद संचालन, देह की लचक और रंगारंग वेशभूषा से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं।

अगले क्रम में माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलाकारों ने बरसाने की लीलाएं मंचित कीं। श्रीकृष्ण और राधा रानी की प्रेम लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों की भाव-भंगिमाएं और मुरली की मधुर तान ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। लट्ठमार लीला, जो बरसाने की अनोखी परंपरा है। निर्देशक ने बताया कि यह केवल नाट्य नहीं, आत्मा की अनुभूति है। बरसाना की हर गली में राधा रानी की लीला बसी है। बरसाना की लीलाएं न केवल आध्यात्मिक आनंद देती हैं, बल्कि सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ती हैं। रासलीला के कार्यक्रम में श्रद्धालुगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित रहे। संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

# वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल अपडेशन का अभियान

## वाहन स्वामी सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं कर सकते हैं अपडेट

पन्ना । परिवहन विभाग द्वारा मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इन्फार्मेशन सेंटर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नम्बर अपडेट कर सकते हैं। प्रदेश में वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। परिवहन विभाग ने जानकारी दी है कि वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है।

अपडेट प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए, मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है। मोबाइल अपडेशन की विस्तृत प्रक्रिया मध्यप्रदेश परिवहन पोर्टल के पर उपलब्ध है।

# शराबी पति ने पीट-पीट कर किया अधमरा, अस्पताल में भर्ती

पन्ना। अजयगढ़ पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति के मोहल्ले की ही एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं। वह हमेशा ही शराब के नशे में रहता है और उसके साथ मारपीट करता है। चोट दिखाती महिला,आरोपी पति सेना के एक जवान का अमानवीय चेहरा सामने आया है। आरोपी जवान ने अपनी पत्नी को इतनी बेरहमी से पीटा है कि वह मरणासन्न अवस्था में पहुंच गई है।अस्पताल में पीड़ित महिला का इलाज जारी है। हालांकि, इस घटना को लेकर आरोपी जवान या महिला के ससुराल पक्ष की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। आरोपी पति इंडियन आर्मी में हवलदार है और शराब का आदी है। वह अक्सर नशे में पत्नी के साथ मारपीट करता है। इस बार उसने पत्नी को पीटकर अधमरा कर दिया। पीड़ित पत्नी ने मोहल्ले की एक महिला से नाजायज संबंधों का आरोप लगाया है। हलां कि ये जांच का विषय है। इस बात की सच्चाई विवेचना उपरान्त पुलिस के द्वारा बताई जायेगी

इंडियन आर्मी में हवलदार के पद पर पदस्थ सतीश अवस्थी की पत्नी वर्षा अवस्थी ने आरोप लगाया है कि उसका पति शराब का आदी है और मोहल्ले की एक महिला से उसके पति के नाजायज संम्बंन्ध है। जब-जब वह छुट्टी पर घर आता है, तब-तब उस पर बेरहमी से अत्याचार करता है।

व्रत के महिला को पति ने बेरहमी से पीटा यह पीडित महिला के द्वारा बताया गया। घटना शुक्रवार शाम की है। पत्नी ने बताया कि वह संतान सप्तमी का व्रत रखे हुए थी और सहेली से फोन पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान नशे में धुत पति घर पहुंचा और बिना कुछ सुने उस पर टूट पड़ा। आरोपी पति ने जमकर मारपीट की, जिससे महिला अधमरी हालत में मकान के सामने पड़ी रही। शोर-गुल सुनकर मोहल्ले वासी पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़िता की शिकायत पर अजयगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि महिलाओं पर हो रहे ऐसे अत्याचारों पर आखिर कब अंकुश लगेगा।

# तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का समापन

## कलेक्टर के नेतृत्व में छत्रसाल पार्क से निकाली गई साइकिल रैली




पन्ना । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया था। रविवार को सुबह संडे ऑन साईकिल रैली के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर नगर के छत्रसाल पार्क से कलेक्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में साईकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं पर्वतारोही तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्रांण्ड एम्बेस्डर गौरी अरजरिया भी उपस्थित रहीं। एसडीओपी एवं जिला खेल व युवाकल्याण अधिकारी शिवप्रताप सिंह बघेल ने छत्रसाल पार्क से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संडे ऑन साईकिल रैली कोतवाली चौक, गांधी चौक, महेन्द्र भवन, अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बल्देव चौक से होते हुए वापस छत्रसाल पार्क में समाप्त हुई। रैली समापन के बाद 29 एवं 30 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर को स्मृति चिन्ह तथा विशिष्ट अतिथि पर्वतारोहणी गौरी अरजरिया को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित खेल संघों के प्रतिनिधि, क्रीड़ा अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

# स्टेट बैंक शाखा अजयगढ़ के भवन के स्थानांतरण को लेकर लोगों में आक्रोश

## नियमों का पालन न करने के लगाए जा रहे आरोप

पन्ना। अजयगढ़ नगर में इकलौती स्टेट बैंक शाखा है जिसका स्थानांतरण हो रहा है द्य यह बैंक बाँदा रोड में स्थापित होगा द्य जनसंख्या वृद्धि एवं लेन देन ज्यादा होने के कारण इसे व्यवस्थित किया जाना जनहित में अच्छा है जहाँ वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह हो द्य पेयजल सुविधा हो एवं सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा को लेकर सुरक्षित जगह बैंक स्थानांतरित हो द्य परन्तु अजयगढ़ में कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर यह बैंक बाँदा रोड में फर्जी तरीके से बैंक को गलत जानकारी देकर मुख्य मार्ग से लगभग 200 मीटर अन्दर सकरी गली में स्थापित कराया जा रहा है जहाँ पर चार पहिया वाहन आने जाने में समस्या होगी साथ ही वहाँ पर पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होगी द्य ऐसे में बैंक के खाताधारिकों को काफ़ी असुविधा होगी द्य खासतौर पर महिलाओं को आने जाने में असुविधा होगी और असुरक्षित महसूस करेंगी द्य उक्त बैंक में बड़े छोटे व्यापारियों के साथ साथ शासकीय विभागों का ज्यादातर लेनदेन इसी बैंक में होता है द्य स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर बताया कि उक्त बैंक यदि स्थानांतरित किया जाना था तो शहर में एक किलो मीटर के अन्दर और मुख्य मार्ग में किया जाना चाहिये अन्यथा शहरवासी विरोध प्रदर्शन करेंगे द्य जिस स्थान पर बैंक की शिफ्टिंग की जा रही है वहाँ पर पार्किंग हेतु कोई भी निजी भूमि पार्किंग के लिये उपलब्ध नहीं है द्य साथ ही उक्त मार्ग उत्तर प्रदेश को जाने का मुख्य मार्ग है ऐसे में लूटपाट की घटनाएँ घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है द्य




भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त स्थल का निरीक्षण कर पुनर्विचार कर बैंक स्थानांतरित करने में रोक लगाकर पुनः नवीन स्थल चयन करना जनहित में आवश्यक है द्य बैंक के लिए स्थल चयन माधोगंज से जयस्तम्भ चौक से पुराना बस स्टैंड, कछियाना मोहल्ला या मण्डी रोड में कहीं भी बैंक को शिफ्टिंग किया जाये द्य और वर्तमान में जिस स्थल को चयन किया गया है और वरिष्ठ कार्यालय को वास्तविक जानकारी से अवगत नहीं कराया गया है द्य इसकी गहराई से जांच कराकर कार्यवाही की जाना चाहिए द्य तथा नवीन स्थल चयन किए जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाकर खाताधारिकों एवं जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर बैंक हस्तांतरित किए जाने की माँग स्थानीय रहवासियों के द्वारा की गई है द्य अब देखना यह है कि बैंक प्रबंधन इस ओर कितना ध्यान देता है।

# बाल कविता से गूँज उठा विद्यालय का सभागार नौनिहालों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन

## डीपीएस निगाही में हुआ कविता पाठ का आयोजन

जागरण, निगाही



दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में पूर्व. प्राथमिक कक्षाओं के नौनिहालों के लिए हिंदी भाषा में अंतर कक्षीय कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि नन्हें बच्चों की मंचीय झिझक दूर करने और उनकी भाषिक अभिव्यक्ति को उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से कराई जाती है और नौनिहालों की प्रतिभा के स्वाभाविक क्रमिक विकास की भरपूर कोशिश की जाती है। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों ने भी उपस्थित होकर उनका उत्साह वर्धन किया। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में बाल वाटिका एक बाल वाटिका दो बाल वाटिका तीन एवं पहली कक्षा के कुल पचपन नौनिहालों ने भाग लिया एवं अपनी तोतली वाणी में बाल कविताएँ सुनाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में हिंदी शिक्षक नारायण प्रसाद मिश्र ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया।वही प्रतियोगिता प्रभारी रश्मि सिंह ने प्रतियोगिता संबंधी जानकारी देते हुए कनिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा भार्गवी श्रीवास्तव को औपचारिक स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित किया और तत्पश्चात विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग के सांस्कृतिक सचिव सक्षम त्रिपाठी और जोएला बिनु जॉन को आगे के उद्घोषणा कार्य के लिए निर्देशित किया।दोनों उद्.घोषकों ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सारे प्रतिभागियों को बारी.बारी से बुलाया और बीच.बीच में प्रस्तुत की गई कविताओं पर प्रासंगिक टिप्पणियाँ करके आयोजन को आकर्षक और मनभावन बनाया। बच्चों ने पेड़ समय का महत्व पानी बचाओ माँ तू कितनी अच्छी है चिड़िया रानी तितली रानी बारिश हाथी राजा फूलों से तुम हँसना सीखो कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती पुष्प की अभिलाषा झाँसी की रानी धरती का संदेश पाँच अंक तुम मुझको कब तक रोकोगे क्लास के मॉनिटर चाँद का कुर्ता नर हो न निराश करो मन कोआदि बाल सुलभ प्रेरक कविताएँ अपनी अलग.अलग शैलियों में सुना कर सबको मोहित कर दिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्राचार्य श्री थापर अजीत सिंह भगवान प्रसाद द्विवेदी एवं डा.नारायण प्रसाद मिश्र ने इन बच्चों की प्रस्तुतियों के उच्चारण एवं शैलियों का बारीकी से मूल्यांकन किया और समुचित निर्णय दिए।इस आयोजन का एक और मुख्य आकर्षण था विद्यालय की नृत्य शिक्षिका नीलू सेन के निर्देशन में पूर्व. प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों द्वारा जुंबा नृत्य की प्रस्तुति। इस नृत्य के माध्यम से नन्हें.मुन्ने बच्चों ने ऊर्जा से भरे हुए अपने नृत्य से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। बच्चों ने रंग.बिरंगे कपड़ों में न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया बल्कि उत्साह और आत्मविश्वास का भी परिचय दिया। निर्णायक मंडल के सदस्य अजीत सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों के कविता पाठ की सराहना करते हुए इसका महत्व समझाया और बच्चों को अच्छी.अच्छी कविताएँ पढ़ने.सुनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें शब्दों की स्पष्टता और उच्चारण पर भी ध्यान देने की सलाह दी। प्राचार्य श्री थापर ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे बच्चों का काव्य पाठ न केवल उनकी भाषा कला को निखारता है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने नौनिहालों की कविता पाठ की सराहना की एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए आगंतुक अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग के प्रधान छात्र आरव शाहवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ज्ञात हो कि बाल वाटिका एकएदो और तीन के प्रतिभागियों के लिए चार.चार पुरस्कार जबकि पहली कक्षा के लिए तीन पुरस्कार निर्धारित किए गए थे। विजित प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता प्रभारी रश्मि सिंह ने बताया कि बाल वाटिका एक के अभिनव यादव ने चौथा वर्तिका सिंह ने तीसरा रिद्धिमा गुप्ता ने दूसरा तथा जयनेंद्र हरि पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बाल वाटिका दो की कृशा साहू को चौथा प्रज्वल तिवारी को तीसरा आकृति कुमारी एवं अद्विका चौहान को दूसरा तथा प्रनील शर्मा को पहला स्थान मिला जबकि बाल वाटिका तीन से अवनिक प्रताप सिंह को चौथा आलोक कुमार जायसवाल को तीसरा प्रिशा रामगड़े को दूसरा तथा विहान वर्मा को प्रथम स्थान मिला। वहीं पहली कक्षा के सारा जार्ज को तीसरा कृत्वी बिश्वास को दूसरा तथा मुहम्मद हुज़ैफ़ा कमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य श्री थापर ने विजित प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद संगीत शिक्षक नवेंदु नाथ तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रगान हुआ और प्रतियोगिता संपन्न हुई।



### भगवान के पंडाल को भी नहीं छोड़ा शातिर चोरों ने

## गणेश पंडाल के दान पेटी से उड़ाई 7000 से अधिक की रकम

**जागरण, बैढ़न।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में चोरों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है स्थिति यह हो गई है कि कर अब भगवान के मंदिर एवं पंडाल पर भी ड़ाका डाल रहे हैं । ऐसा ही वाक्य बीती रात का है जब शातिर चोरों ने बिलौंजी स्थित नवयुवक संघ गणेश उत्सव समिति के पंडाल में स्थापित गणेश प्रतिमा के पास रखी दान पेटी से 7000/ से अधिक की रकम पार कर दी। जानकारी के मुताबिक नवयुवक संघ गणेश उत्सव समिति बिलौंजी द्वारा गणेश चतुर्थी पर प्रतिवर्ष गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाती है एवं इस प्रतिमा की सुबह.शाम आरती की जाती है जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन भगवान गणेश के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए दूर दराज से आते हैं गणेश पंडाल में भगवान को चढ़ावा चढ़ाने के लिए समिति द्वारा दान पेटी लगाई गई है जहां लोग अपने श्रद्धा रूप भगवान को चढ़ावा चढ़ा कर दान पेटी में डालते हैं बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी को तोड़कर दान पेटी में रखें 7000/ से अधिक की रकम पार कर दी घटना की जानकारी आज सुबह समिति के सदस्यों को लगी जब उन्होंने देखा कि दान पेटी टूटी हुई है गणेश पंडाल से शातिर चोरों द्वारा दान पेटी को तोड़े जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं।

## अपने समग्र कार्ड का ई केवाईसी करना सुनिश्चित करें

**जागरण बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के उपायुक्त आर पी बैस ने नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले सभी नागरिकों से अपने समग्र कार्ड का आधार से लिंक करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया है कि वर्तमान समय में शासन के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी वार्डो में अभियान चलाकर नगर निगम के सभी वार्डो में निवास करने वाले हितग्राहियों के समग्र कार्ड आधार से लिंक करने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा कहा गया है कि समग्र ई केवायसी नहीं कराने की स्थिति में जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ से हितग्राही वंचित रह सकते हैं। अतः इस असुविधा से बचने हेतु सिंगरौली नगर निगम के सभी रहवासी अपने अपने वार्ड प्रभारी से संपर्क कर अपनी समग्र आईडी का ई केवायसी कराना सुनिश्चित करें।

# 266 के स्थान पर 1000 में बिकी यूरिया

### यह कोई हैरान करने वाली बात नहीं

### मामला जगत बीज भंडार थाना रोड सरई का



**जागरण, सरई।** सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के आदेश का उनके जिले में ही खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार सरई में जगत बीज भंडार में किसानों से यूरिया की एक बोरी का दाम 500 से 1000 रूपए तक वसूला जा रहा है। जबकि कलेक्टर का साफ निर्देश है कि दुकान चाहे सरकारी हो या प्राइवेट यूरिया किसानों को मात्र 266 रुपए में ही दिया जाएगा। परंतु सरई में यूरिया की बोरी 500 में धड़ल्ले से बेची जा रही है। जबकि कलेक्टर ने सभी प्राइवेट दुकानों के लिए वकायदे नोडल अधिकारी नियुक्त किया है फिर भी प्राइवेट दुकानों में किसान कैसे अधिक रेट पर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। जगत बीज भंडार सरई के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी की सह से यूरिया वितरण में धांधली की जा रही है। कुछ किसानों को अधिक मूल्य पर यूरिया बेचकर दुकानदार अपना कोरम पूर्ति करने में लगे हुए हैं। इस संबंध में पूर्व सरपंच बाबूलाल प्रजापति का आरोप है कि आज 2.00 बजे रात से जगत लाल साहू के यहां यूरिया बिक रही है। पूर्व सरपंच प्रजापति का कहना है कि मैं तहसीलदार सरई को फोन लगाया तो उन्होंने मेरा नंबर ब्लैक लिस्ट कर दिया। किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि रात में यूरिया का बिक्री करना सरल काम नहीं है निश्चित ही इसमें प्रशासन की सह होगी यह बात लोगों के दिमाग में बार.बार गूंज रही है। क्या भाजपा के राज्य में यही दिन देखने को मिलेगी कि अन्नदाता यूरिया के एक.एक दाने के लिए ठोकर खा रहे हैं।

# पार्टी के अंतिम छोर पर रहने वाले कार्यकर्ता तक अपनी पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाऊंगा : प्रवीण

### नवनियुक्त अध्यक्ष का ग्रामीण अंचल में जगह जगह हुआ स्वागत

**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर सिंगरौली के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान का आज सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के ग्राम पिपरा कुरंद ऊर्ती ओरगाई मझोली हिरवाह चोकरा ग्राम में जगह जगह कार्यकर्ताओं तथा कांग्रेस परिवार द्वारा स्वागत किया जा रहा है । युवा नेता को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय जिले में बहुत ही उत्साह का माहौल है हर कार्यकर्ता अपने चहेते नेता के स्वागत में विभिन्न ग्रामों में भारी भीड़ के साथ एकत्रित होकर खुशनुमा माहौल में उत्साह के माहौल में स्वागत कर रहे है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर सिंगरौली के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी के बीच में मुझ जैसे कार्यकर्ता को जो सम्मान मिल रहा है यह मेरे राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है । उन्होंने कहा कि मुझे कांग्रेस के राहुल गांधी के प्रक्रिया से जिला अध्यक्ष बनाया गया है हमारी पूरी कोशिश होगी कि पार्टी के अंतिम छोर पर रहने वाले कार्यकर्ता तक अपनी पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाऊं उन्होंने कहा कि आज भाजपा राज में आम जनता के ऊपर अधिकारी कर्मचारी अन्याय कर रहे है उन्हें खाद बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है स्थानीय युवा साथियों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है कंपनियों द्वारा जबरजस्ती जमीन किसान की प्रशाशन के इशारे पर हथियाई जा रही हम सब कांग्रेस जन मिलकर जनता की लड़ाई सड़क पर उतर कर लड़ेगे इसमें आप सब ग्रामीण जनो का सहयोग चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आज जनता को गुमराह कर भाजप सत्ता में आई है लाडली बहने तीन हजार के इंतजार में बैठी है किसानों को धान की राशि बढ़ाकर नहीं दी जा रही है गरीबों को बिजली बिल भेजकर प्रताड़ित किया जा रहा है हर जगह सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है सबको मिलकर इस निकम्मी सरकार को बदलना है कार्यक्रम में बराबर साथ में जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महामंत्री जुल्फिक्कार अली युवा नेता राणा प्रताप सिंह युवा नेता सौरव सिंह रघुवंशी साथ रहे।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



### खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया

**जागरण, बैढ़न।** राष्ट्रीय खेल दिवस 25 के उपलक्ष्य में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक तथा नोडल अधिकारी जिला सिंगरौली मनीष खत्री के मार्गदर्शन में एवं खेल अधिकारी पी.एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के नेतृत्व में प्रतिदिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार आज राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में परिणाम 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग . प्रथम स्थान निशांत वर्मा द्वितीय स्थान जीशान खान तृतीय स्थान लकी पनिका। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रथम स्थान सुजल द्विवेदी द्वितीय स्थान चंदू वर्मा तृतीय स्थान अंकुश तिवारी। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग . प्रथम स्थान अंतिम पनिका द्वितीय स्थान कोमल साकेत तृतीय स्थान सौम्या ताम्रकार। प्रतियोगिता का संचालन एवं निर्णय की भूमिका प्रियंक तिवारी शालू खान कुंदन शमा पंकज सिंह अमित सैनी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग से ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार मिश्रा द्वारा निभाई गई। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना अनुशासन एवं फिटनेस को प्रोत्साहित करना रहा। इसी प्रकार विकासखण्ड चितरंगी में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय चितरंगी से प्रारंभ होकर मंत्री चौराहा तक निकाली गई। साइकिल रैली में शिक्षक पवन बैस ब्लॉक समन्वयक जगदीश सिंह मरकाम तथा विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## निजी केंद्र में प्रशासन की निगरानी में किसानों को मिली राहत

### महुआगांव में यूरिया खाद वितरण



**जागरण, निवास।** निवास एवं महुआ गांव के क्षेत्रीय किसानों को यूरिया खाद की किल्लत को देखते हुए जिला कलेक्टर एवं उपसंचालक कृषि ने विशेष व्यवस्था की। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विस्तार अधिकारियों की जिले के सभी निजी खाद वितरण केंद्र पर ड्यूटी लगाई गई है। जिससे जिले के सभी किसानों को बड़ी राहत मिली है। इसी क्रम में महुआ गांव और निवास में कृषि अधिकारी अंकित पांडे तथा निवास पुलिस चौकी का स्टाफ मौके पर उपस्थित रहकर शासकीय दर पर कतारबद्ध व्यवस्था के तहत खाद वितरण सुनिश्चित कराया गया। प्रशासन की निगरानी में वितरण प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रही। किसानों ने भी सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया कि समय पर खाद उपलब्ध होने से फसल के वृद्धि में राहत मिलेगी।

## कांग्रेस ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी: झब्बू



**रीवा।** जिला कांग्रेस कार्यालय उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेंस कमेटी के शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने चिरहुला, बोदाबाग, ढेकहा ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बूथ एवं पंचायत स्तर में कमेटियों के गठन के लिए एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे शहर अध्यक्ष के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वार्ड एवं पंचायत स्तर तक की कमेटियों का गठन वार्डों एवं पंचायतों में जाकर किया जायेगा एवं जमीनी व ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करके पार्टी में जोड़ा जायेगा। वार्ड एवं पंचायतों का सघन दौरा किया जायेगा साथ ही मण्डलम अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्षों के साथ वार्ड एवं पंचायतों में बैठकों का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, संगठन मंत्री सज्जन पटेल, बोदाबाग ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, ढेकहा ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी काकू, उपस्थित रहे।

# रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड 25 पाने वाली पहली भारतीय संस्था बनी एजुकेट गर्ल्स

### एशिया का सबसे बड़ा सम्मान दो करोड़ से ज़्यादा बच्चियों को स्कूल लौटाने वाली सामुदायिक पहल को मिला अंतरराष्ट्रीय गौरव

**जागरण, बैढ़न।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 25 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित करने की आज घोषणा की गई है । एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देनेए उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है। जो नए भारत के निर्माण में सहायक होगा साथ ही सतत विकास 2030 के लक्ष्य पूर्ति में मददगार होगा। अब एजुकेट गर्ल्स का नाम उन महान हस्तियों की सूची में शामिल हो गया है जिनमें सत्यजीत रे एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी किरण बेदी विनोबा भावे दलाई लामा मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाज़ाकी जैसे दिग्गज शामिल हैं। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन ने कहा यह हमारे लिए और भारत के लिए ऐतिहासिक पल है। यह सम्मान भारत के उस जन.आंदोलन जैसी मुहिम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाता है जो सबसे दूरदराज़ गांव की एक बच्ची से शुरू हुई और अब लाखों बच्चियों की ज़िंदगी बदल चुकी है। यह अवॉर्ड हमारे समर्पित टीम बालिका वालंटियर्स सहयोगी संस्थाओं समर्थकों और सबसे बढ़कर उन लाखों बच्चियों के नाम है जिन्होंने अपना हक शिक्षा वापस पाया। अगले दस सालों में हम एक करोड़ से भी ज़्यादा शिक्षार्थियों तक पहुँचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और भारत के इस मॉडल को दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी साझा करना चाहते हैं। हमें पूरा यकीन है कि जब एक लड़की पढ़ती है तो वह कई औरों को साथ लेकर आगे बढ़ती है और पूरे समाज में बदलाव लाती है। एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा हमारे लिए शिक्षा सिर्फ़ विकास का साधन नहीं बल्कि हर लड़की का बुनियादी अधिकार है। यह सम्मान बताता है कि जब सरकार कॉरपोरेट परोपकारी संस्थाएं और समुदाय मिलकर काम करते हैंए तो गहरी सामाजिक और संरचनात्मक चुनौतियों को बदला जा सकता है। हम भारत सरकार के प्रयासों और सहयोग के लिए आभारी हैं जिन्होंने इस मिशन को संभव बनाया। साथ ही मालदीव की शाहिना अली और फिलीपींस के फादर फ्लावियानो विलनुएवा को भी बधाई जिनके काम ने हम सभी को प्रेरित किया है। 2007 में बनी एजुकेट गर्ल्स अब तक 30 हज़ार से ज़्यादा गांवों में काम कर चुकी है। 55000 से अधिक सामुदायिक वालंटियर्स टीम बालिका की मदद से इसने 20 लाख से ज़्यादा बच्चियों को स्कूल वापिस लाने और 24 लाख से अधिक बच्चों की बेहतर पढ़ाई में मदद दी है। आने वाले समय में संस्था का लक्ष्य है कि एक करोड़ से अधिक बच्चों तक पहुँचा जाए और शिक्षा के जरिए ग़रीबी और अशिक्षा के चक्र को तोड़ा जाए। रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाता है जिन्होंने साहस और नयेपन के साथ समाज में गहरा बदलाव लाने का काम किया हो। इस साल भारत की एजुकेट गर्ल्स के साथ मालदीव की शाहिना अली और फिलीपींस के फादर फ्लावियानो एल. विलनुएवा को भी यह पुरस्कार मिला है। 2025 के बाकी रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड विजेताओं में मालदीव की शाहिना अली और फिलीपींस के फादर फ्लावियानो एंटोनियो एल.विलनुएवा शामिल हैं। शाहिना अली को प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ उनकी लड़ाई और मालदीव के नाजुक समुद्री तंत्र को बचाने के लिए सम्मानित किया गया है। वहीं फादर विलनुएवा को मनीला के हज़ारों बेघर और ग़रीब लोगों की गरिमा बहाल करने के लिए यह अवॉर्ड मिला है। 2025 के सभी विजेताओं को यह सम्मान 7 नवंबर को फिलीपींस की राजधानी मनीला के मेट्रोपॉलिटन थिएटर में आयोजित 67वीं रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड सेरेमनी में औपचारिक रूप से दिया जाएगा। इस मौके पर उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम को फाउंडेशन के आधिकारिक फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर लाइव देखा जा सकेगा।

### अवॉर्ड के बारे में

रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड एशिया का सबसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान माना जाता है। यह उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाता है जिन्होंने साहस और रचनात्मकता के साथ एशिया में मानवीय विकास के मुद्दों को सुलझाया हो और समाज को बेहतर बनाने में ठोस योगदान दिया हो।

### एजुकेट गर्ल्स के बारे में

एजुकेट गर्ल्स एक सामाजिक संस्था है जो राज्य सरकारों के साथ मिलकर ग्रामीण और शैक्षिक रूप से पिछड़े इलाकों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देती है। इसका काम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शिक्षा का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है। 2007 से अब तक संस्था ने राजस्थान मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश और बिहार के 30 हज़ार से अधिक गांवों में 20 लाख से ज़्यादा लड़कियों का स्कूल में दाखिला करवाने मे मदद की है। इसके साथ ही 55000 से अधिक सामुदायिक वालंटियर्स टीम बालिका का नेटवर्क भी खड़ा किया है।

## खेल एक नजर

### ओलंपिक में पदक जीत जाती तो संन्यास ले लेती : लवलीना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। लवलीना ने कहा, जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस (ओलंपिक) तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था। अगर मैं वहां पदक जीत लेती तो खेल को अलविदा कह सकती थी। फ्रांस की राजधानी में 27 वर्षीय लवलीना लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन महिला मिडिलवेट (75 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की चैंपियन ली कियान से हार गई। लवलीना से जब पूछा गया कि क्या 2028 में होने वाले ओलंपिक खेल उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है, उन्होंने कहा, हां ऐसा संभव है। मैं पेरिस ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक जीत सकती थी, क्योंकि पोडियम तक पहुंचने वाली सभी खिलाड़ियों को मैं पहले हरा चुकी थी। जिससे मेरे खेल के स्तर का पता चलता है।

### किरोस और हसन ने सिडनी मैराथन में नए रिकॉर्ड बनाए

**सिडनी, जेएनएन।** इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड की सिफान हसन ने रविवार को सिडनी मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। उन्होंने पिछले रिकॉर्ड में एक मिनट से भी अधिक समय का सुधार किया। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी हमवतन अदिसु गोबेना से 10




सेकंड आगे रहा। हसन ने महिलाओं की दौड़ में अपना दबदबा बनाते हुए 2:18:22 का समय लेकर जीत हासिल की, जो पिछले साल इथियोपिया की वर्कनेश एडेसा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से लगभग तीन मिनट कम है। कीनिया की ब्रिगिड कोसगेई उनसे 34 सेकंड पीछे रहीं, जबकि एडेसा ने 2:22:05 मिनट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### पाकिस्तान की यूएई पर जीत में चमके अयूब और नवाज

**शारजाह, जेएनएन।** पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज सैमअयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि हसन नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें छह छक्के शामिल हैं। कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की



तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज (21 रन देकर दो विकेट) ने भी किफायती गेंदबाजी की, जबकि सलमान मिर्जा और अयूब ने एक-एक विकेट लिया। दोनों टीमें नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले त्रिकोणीय सीरीज में कम से कम एक बार फिर से आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की तीसरी टीम अफगानिस्तान है।

# यूएस ओपन : स्वियातेक लगातार 5वीं बार अंतिम-16 में, वर्ल्ड नंबर तीन ज्वेरेव बाहर

कजाखस्तान के बुब्लिक पहली बार चौथे दौर में, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से सामना



जेएनएन, न्यूयॉर्क

दुनिया के नंबर तीन टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14वें नंबर के टॉमी पाल यूएस ओपन के तीसरे दौरे में उलटफेर का शिकार हो गए। वहीं महिला एकल वर्ग में वर्ल्ड नंबर 2 इगा स्वियातेक, अमेरिका की कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने अगले राउंड में प्रवेश किया। जर्मनी के ज्वेरेव को शनिवार देर रात को 25वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के हाथों तीन घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-7, 4-6, 4-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। 2020 के उपविजेता ज्वेरेव ने पहला सेट जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन इसके बाद वह अपनी लय कायम नहीं रख पाए और हार गए। उनके पहले ग्रैंड स्लैम का इंतजार और बढ़ गया है। फेलिक्स की यह ज्वेरेव के खिलाफ नौ मैचों में तीसरी जीत है। पिछले सात साल में यह पहला मौका है, जब ज्वेरेव तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। फेलिक्स का सामना अब रूस के आंद्रे रूबलेव से होगा, जिन्होंने हांगकांग के कोलमैन वोंग को पांच सेट तक चले मुकाबले में 2-6, 6-4, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अमेरिका के पॉल को कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में हार मिली। बुब्लिक ने 7-6, 6-7, 6-3, 6-7, 6-1 से जीत दर्ज कर पहली बार साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। बुब्लिक की टक्कर अब दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर से होगी। सिनर ने पिछले साल के क्वार्टर फाइनल के बाद पहली बार न्यूयॉर्क में कोई सेट गंवाया, लेकिन फिर खुद को संभालते हुए 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव पर 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से जीत हासिल की।



### आमने-सामने होंगी कोको गॉफ-नाओमी ओसाका

पोलैंड की इगा स्वियातेक ने लगातार पांचवीं बार अंतिम-16 का टिकट कटा लिया। दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा ने रूस की अन्ना कालिंस्काया को एक घंटे 56 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6, 6-4 से मात दी। अब उन्हें रूस की ही एक अन्य खिलाड़ी एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से पार पाना होगा, जिन्होंने लॉरा सिगमंड को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद माइया ने मारिया सकारी को 6-1, 6-2 से और अमांडा एनिसिमोवा ने जैकलीन क्रिस्टिन को 6-4, 4-6, 6-2 से पराजित किया। गाफ और ओसाका भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रहीं। अब यह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी। दोनों पूर्व चैंपियनों के बीच इससे पहले यूएस ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थीं। उन्होंने 15 साल की गाफ को सीधे सेटों में हरा दिया था। कोको ने मैग्डेलेना फ्रेच को 6-3, 6-1 से और ओसाका ने दारिया कास्तकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। ओसाका 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंची हैं। वहीं अमेरिकी खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने युगल में अपना विजय अभियान जारी रखा है। 45 साल की वीनस ने लैला फर्नांडीज के साथ मिलकर उलरिके ईकेरी और एरी होजुमी को 7-6, 6-1 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। वीनस 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के युगल में खेल रही हैं।

## बडोनी का प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा दोहरा शतक, अंकित 198 रन पर आउट

### दलीप ट्रॉफी: उत्तर और मध्य क्षेत्र पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में

जेएनएन, बेंगलुरु

आयुष बडोनी (204) के नाबाद दोहरे शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र (नार्थ जोन) ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे और आखिरी दिन रविवार को पूर्व क्षेत्र (ईस्ट जोन) को वापसी करने का मौका नहीं दिया और पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। वहीं मध्य क्षेत्र ने भी पहली पारी में बढ़त के आधार पर अंतिम चार में प्रवेश किया। पहली पारी में 183 रन की बढ़त लेने वाली नार्थ जोन ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन से आगे से की। टीम ने चार विकेट पर 658 रन पर पारी घोषित की, तब उसकी बढ़त 833 रन की हो चुकी थी और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। बडोनी ने उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजी जारी रखने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हुए प्रथम श्रेणी करियर का दूसर दोहरा शतक पूरा किया। बीते दिन 56 रन पर नाबाद रहे दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 93 रन के स्कोर पर छक्का जड़ा और फिर एक रन चुरा कर 123 गेंद में अपना शतक पूरा किया। कप्तान अंकित शर्मा दो रन से दोहरा शतक पूरा करने से चूक गए। दिन की शुरुआत 168 रन से करने वाले अंकित 198 रन बनाकर तेज गेंदबाज मुख्तार हुसैन की गेंद को मिड ऑन पर सूरज जायसवाल के हाथों में खेल गए। उन्होंने आउट होने से पहले बडोनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। निशांत सिंधू (68) ने बडोनी के साथ 157 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 600 के पार पहुंचाया। पहली पारी में हैट्रिक सहित पांच विकेट लेने वाले नार्थ जोन के गेंदबाज आकिब नबी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




आयुष बडोनी (204*)

### एंडरसन और जोनाथन के अर्धशतक

पूर्वोत्तर क्षेत्र ने चौथे और आखिरी दिन मध्य क्षेत्र को जीत से वंचित कर दिया, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर उन्हें दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने से नहीं रोक सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र ने जीत के लिए मिले 679 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 200 रन बनाए, जिससे मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में चार विकेट पर 532 रन बनाने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र को 185 रन पर आउट कर दिया था। टीम ने अपनी दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय सात विकेट पर 331 रन पर घोषित की। विकेटकीपर बल्लेबाज जेहू एंडरसन (64) और कप्तान रोंगसेन जोनाथन (60) ने अर्धशतकीय पारियों से मध्य क्षेत्र के गेंदबाजों को हताश किया।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता दूसरा पदक

### चीनी जोड़ी से हारकर कांस्य पदक के साथ अभियान का समाप्त

जेएनएन, पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के




बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था, लेकिन शनिवार शाम 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

## एशिया कप: भारत ने जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

### पूल-ए में आज कजाकिस्तान से होगा आखिरी मैच

**राजगीर (बिहार), जेएनएन।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोलों की मदद से भारत ने रविवार को पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल-ए में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में गोल किए, जबकि मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में भारत के लिए दूसरा गोल किया। जापान के लिए कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में गोल किए। भारत ने अपने अभियान के पहले मैच में चीन को 4-3 से हराया था। मेजबान टीम सोमवार को अपने आखिरी पूल मैच में कजाकिस्तान से खेलेगी। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेगा। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने की प्रबल दावेदार है।




**150** कृष्ण बहादुर पाठक का बतौर गोलकीपर यह 150वां मैच है। मैच से पूर्व उन्नका का सम्मान किया गया। यह साल 2018 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले पाठक ने श्रीजेश की परछाई में अपने करियर को दिशा दी।

### नीरज विश्व चैंपियनशिप में करेंगे भारत की अगुआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अगुआई में रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की। देश के इतिहास में पहली बार भारत के चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी शामिल हैं। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालिफाई किया था, लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की सीनियर चयन समिति की बैठक के बाद भारतीय टीम का चयन किया गया पांच महिलाएं भी शामिल हैं। भारत ने 2023 में हंगरी में हुए पिछले टूर्नामेंट में 28 एथलीट भेजे थे, जिनमें सात रिले धावक शामिल थे।

## अल्प प्रवास पर महेश्वर पहुंचे सचिन

**जागरण, महेश्वर।** महान क्रिकेटर और भारत रत्न से सम्मानित सचिन तेंदुलकर रविवार को अपने परिवार के साथ पवित्र एवं पर्यटन नगरी महेश्वर पहुंचे। यह उनका निजी प्रवास है, जहां वे दो दिन रुकेंगे। सचिन तेंदुलकर 19 सदस्यों के साथ महेश्वर आए हैं और यहां अहिल्या फोर्ट स्थित हेरिटेज होटल में ठहरे हैं। अपने प्रवास के दौरान सचिन तेंदुलकर महेश्वर के प्राचीन किला, घाट और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की समृद्ध विरासत को नजदीक से देखेंगे। पहले दिन उन्होंने किला परिसर स्थित होटल में विश्राम किया। सचिन तेंदुलकर के महेश्वर आगमन को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारियां की थीं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच जब वे किला परिसर पहुंचे, तो नगर के क्रिकेट प्रेमियों, होटल स्टाफ और देवी अहिल्या क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने उनका



स्वागत किया। सचिन भी सहज रूप से सभी से मिले और उनके अभिवादन को स्वीकार किया। सचिन तेंदुलकर के प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मप्र के सूरज कजाकिस्तान में चमके, जीते दोहरे स्वर्ण पदक

#### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप




**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी के खिलाड़ी सूरज कुमार ने 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कजाकिस्तान के शिमकेंट शहर में खेली जा रही चैंपियनशिप में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किए। इनमें 12 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। मध्यप्रदेश के सूरज कुमार ने व्यक्तिगत एवं टीम इवेंट में एक-एक सोने का तमगा हासिल किया। सूरज ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल (जूनियर वर्ग) में उत्कृष्ट निशानेबाजी करते हुए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही टीम स्पर्धा में भी अहम योगदान देकर भारत को टीम स्वर्ण पदक दिलाया। इस प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में एशिया के 27 देशों के 748 खिलाड़ी भाग लिया।

### पांच किमी लंबी फिट इंडिया साइकिल रैली और वाटर स्पोर्ट्स के साथ खेल महोत्सव का समापन

**भोपाल, खेप्र।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन रविवार को राजधानी भोपाल में फिट इंडिया साइकिल रैली और वॉटर स्पोर्ट्स शो के साथ हुआ। साइकिल रैली का नेतृत्व खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। खेल विभाग तथा भारतीय खेल प्रधिकरण (साई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साइकिल रैली वीआईपी रोड स्थित राजाभोज प्रतिमा से शुरू हुई, जिसमें हजारों की संख्या में साइकिलिस्टों ने भाग लिया। रैली वीआईपी रोड होते हुए लेक व्यू स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी तक पहुंची। पूरे मार्ग में फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और अनुशासन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, खेल संचालक राकेश गुप्ता, सयुंक्त संचालक बीएस यादव, साई भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



#### वॉटर स्पोर्ट्स शो में दिखाए करतब

साइकिल रैली के समापन पर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में जल क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन हुआ। यहां खिलाड़ियों ने बड़े तालाब में अपने खेल कौशल का रोमांचक प्रदर्शन किया। कायकिंग, कैनोइंग, स्लैलम और सेलिंग जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मप्र की गौरांशी डेफलंपिक्स में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश की मूकबधिर बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा टोक्यो में होने वाले 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह खेल नवम्बर 2025 में आयोजित किए जाएंगे। गुजरात खेल प्राधिकरण खोखरा (अहमदाबाद) में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में गौरांशी ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके कारण उनका डेफलंपिक्स के लिए चयन हुआ है। विमेंस सिंगल्स डेफलंपिक्स के लिए चयन होने वाली गौरांशी मध्य प्रदेश की एक मात्र खिलाड़ी हैं। गौरांशी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण सहित 6 पदक जीते हैं। इसमें 1 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 2 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 13 पदक मध्य प्रदेश को दिलाए हैं। गौरांशी ने 24वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स 2022 (ब्राजील) में टीम स्वर्ण पदक जीता था।



### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 4 सितंबर को

**सतना।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक 4 सितंबर को सायं 5 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को अपने विभाग से संबंधित जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### समाधान आनलाइन कार्यक्रम आज

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया जाने वाला समाधान आनलाइन कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को सायं 4 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन तो बन गया संबल कार्ड

## मौत के बाद बना कार्ड, वीरपुर पंचायत का मामला

**जागरण, सतना**

ग्राम पंचायतो में पदस्थ सचिव किस कदर मनमानी करते है इसका एक उदाहरण रविवार को उस समय देखने को मिल गया जब एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसका संबल कार्ड बनवाने ग्रामीणो ने शव रखकर जाम लगा दिया। जिसके बाद आनन फानन में सचिव ने मृत व्यक्ति का संबंल कार्ड जारी कर दिया। यह पूरा मामला नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत वीरपुर का बताया जा रहा है।



**ये है मामला :** जानकार बताते है कि वीरपुर में रहने वाले महेन्द्र कुशवाहा उम्र 57 साल की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। उसका संबल कार्ड नही बना था जिसके चलते उसे सरकारी सहायता नही मिल रही थी। परिजनो ने मृतक का शव सडक पर रखकर जाम लगा दिया जिसके बाद संबल कार्ड जारी कर उसे अनुग्रह राशि प्रदान की गई।

**नाराज थे ग्रामीण :** राशि न मिलने से नाराज ग्रामीण शव लेकर पोड़ी चौराहे पर प्रदर्शन करने पहुंच गए। तभी सचिव तरुण मिश्रा ने मृतक का संबल कार्ड बनाकर स्वीकृत कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे सरपंचए सचिव और रोजगार सहायक से कई बार कार्ड बनाने की मांग कर चुके थे लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही के कारण गांव के कई पात्र लोग वंचित हैं। मृतक महेंद्र कुशवाहा के परिवार को भी अंतिम संस्कार के लिए संबल योजना से मदद नहीं मिल रही थी।

### सचिव ने जारी किया मृत व्यक्ति का कार्ड

गुस्सा ग्रामीणों ने जब शव लेकर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया तो सचिव ने आनन फानन में मृतक का कार्ड जारी कर दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। आधे घंटे बाद सरपंच शिवेंद्र सिंह भी वहां पहुंचे और मृतक के परिजनों को 5 हजार रुपए की अंत्येष्टि सहायता राशि सौंपी। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। सूत्र बताते है कि संबल कार्ड बनवाने के लिए कई बार आवेदन किया गया लेकिन हरबार सचिव की मनमानी ही सामने आई।

### जिला पंचायत सीईओ ने सचिव को किया निलंबित

ग्राम पंचायत वीरपुर में पदस्थ पंचायत सचिव तरूण मिश्रा को संबल कार्ड बनाने में लापरवाह मानते हुये जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी किये गये आदेश में जिला पंचायत सीईओ ने निलंबन अवधि के दौरान सचिव का मुख्यालय जनपद उचेहरा नियत किया है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतिम दिवस मैहर में साइकिल रैली का आयोजन

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन मैहर जिले में 29 से 31 अगस्त 2025 तक किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को मां शारदा मंदिर रोपवे रोड मैहर से आल्हा मंदिर तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं संतोष सोनी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह, यातायात थाना प्रभारी नृपेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी अरविन्द द्विवेदी सहित बडी संख्या में छात्र-छात्रायें ने रैली में सहभागिता की।

### शासकीय महाविद्यालय के अटल सभागार में हुआ विमुक्त दिवस पर कार्यक्रम

**सतना।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार विमुक्त दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कालेज आफएक्सीलेंस) के अटल सभागार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग केके शुक्ला सहित विमुक्त, घुमन्तु समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विमुक्त, घुमन्तु समाज के पदाधिकारियों तथा लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस का साइकिल रैली के साथ हुआ समापन

**सतना।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली रविवार को प्रातः 8 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना से प्रारंभ होकर पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। इस अवसर पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, पीएम श्री एक्सीलेंस कालेज सतना के प्राचार्य एससी राय, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, जिला संगठक क्रांति मिश्रा, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी श्यामकिशोर द्विवेदी, खेल अधिकारी एसपी तिवारी सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर रैली में सहभागिता की।













### विद्यालय में बनाया युवा संसद भवन

**सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनुभव कराने के उद्देश्य से यूथ पार्लियामेंट एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री डायरेक्टर, रामकृष्णा कॉलेज टेक्निकल विंग अध्यक्ष अशुतोष दुबे, विशिष्ट अतिथि शुभी खरे उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर सीए सनातन अग्रवाल, प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह और उपप्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यूथ पार्लियामेंट का मुख्य विषय श्वन नेशन वन इलेक्शनश् बिल रहा। विद्यार्थियों ने सांसद की भूमिका निभाते हुए प्रश्नकालए बहस और निर्णय प्रक्रिया को जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने तर्क.वितर्क के माध्यम से अपनी वाक्पटूता और तार्किक क्षमता से सभी मेहमानों के दिल में अमिट छाप छोड़ी।इस प्रस्तुति ने न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को उजागर किया बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी किया। इसके साथ ही पूरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। डांस प्रतियोगित की निर्णायक की भूमिका में बचपन प्ले ग्रुप की डांस टीचर मुस्कान गुप्ता रहीं। डिबेट प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अकेडमिक कोऑर्डिनेटर कल्पना सिंह और कम्युनिकेशन स्किल डिपार्टमेंट हेड जीतेन्द्र गर्ग ने निभाई। वहीं क्विज़ प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच को परखा।

# निजी ई-अटेंडेंस ऐप थोपे जाने का हजारों शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

### राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षक उतरे सड़कों पर

### अफसरों की सद्बुद्धि के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना।** शिक्षकों पर जबरन निजी ई.अटेंडेंस ऐप थोपे जाने के विरोध में रविवार को राज्य शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिले भर के हजारों शिक्षक सिविल लाइन चौपाटी पर एकत्रित हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरुआत अफ़सरशाही की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पाठ से की गई जिसके बाद गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम राहुल सिलाड़िया को सौंपा गया। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों पर एक निजी मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है जो कि न केवल शिक्षकों की निजता का उल्लंघन है बल्कि विदेशी ताकतों के हाथों में नियंत्रण सौंपने जैसा खतरनाक कदम है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर आ रहा है जिसे स्वयं मुख्यमंत्री भी सार्वजनिक मंचों पर सराह चुके हैं। फिर ऐसी स्थिति में शिक्षकों को अव्यावहारिक तकनीकी उपायों में उलझाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह अधिकारियों की बेलगाम कार्यशैली का भी प्रतीक है।



### ऐप का कोई आधिकारिक आदेश नहीं

श्री त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि यदि ई-अटेंडेंस को लागू करना आवश्यक होता तो इस संबंध में विधिवत आदेश बल्लभ भवनए भोपाल से जारी किए जाते। लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से ऐसा कोई अधिकृत निर्देश नहीं आया हैए और फिर भी कुछ अधिकारी शिक्षकों पर मानसिक दबाव बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि षिक्षक देश का भविष्य गढ़ने का कार्य करते हैं और हम उन पर इस तरह का अवांछनीय दबाव बनाकर भारत को विश्वगुरु बनने की कल्पना नहीं कर सकते। यदि कोई अधिकारी शिक्षकों को जबरन परेशान करता है तो संघ उसके विरुद्ध सख्त कदम उठाने को तैयार है। श्री त्रिपाठी ने यह भी जानकारी दी कि स्थानीय समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा हो चुकी है। वे 12 एवं 24 वर्ष की क्रमोन्नति संबंधी आदेश 5 सितंबर तक और शेष आदेश 30 सितंबर तक हर हाल में जारी कर देंगी । साथ ही हजारों शिक्षकों ने प्रधानमंत्री की अपील पर दो पेड़ लगाकर उनके सुरक्षा की शपथ ली। सभा को संबोधित करते हुए मैहर जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने कहा कि यह ऐप शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण की एक गुप्त शुरुआत हैए जिसका सभी शिक्षकों को मिलकर विरोध करना चाहिए। धरना सभा को जिला सचिव जे पी पटेल, राजा भैया त्रिपाठी, उमाशंकर गौतम,अखिलेश शुक्ला, रवीन्द्र गौतम,अभिषेक सिंह, चंद्रकांत द्विवेदी,मानव शुक्ला, आशीष सिंह, गणेश शंकर सरावगी, पियूष तिवारी, यशवंत सिंह बागरी, विजय मिश्रा, आभा तिवारी, प्राची सिंह, संजय सिंह बघेल,विजय रावत , सत्येंद्र पांडे , सहित कई प्रमुख शिक्षक नेताओं ने संबोधित किया और इस संघर्ष में एकजुट रहने का आह्वान किया।







## सतना और मैहर जिले में खेल के क्षेत्र में विपुल संभावनायें : गणेश सिंह

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर सम्मानित हुए सभी खेल विधाओं के खिलाड़ी

**जागरण, सतना।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सतना जिले के दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन अवसर पर सांसद श्री गणेश सिंह ने सतना और मैहर जिले के संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। सांसद श्री सिंह ने कहा कि सतना और मैहर जिले में खेल के क्षेत्र में विपुल संभावनायें है। जिले में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल की अधोसंरचना एवं सुविधायें उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास भी किये जा रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में परचम फहरा कर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों को सांसद ने सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिलाध्यक्ष सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय, मैहर कमलेश सुहाने, विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, नरेन्द्र त्रिपाठी, उमेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र सिंह सेठी, श्रीराम मिश्रा, सौभाग्य केशरी, पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरिया, खेल अधिकारी एसपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव सहित जिले के विभिन्न खेल संघों, संगठनों और एसोशिएशन के पदाधिकारी, खिलाडी तथा युवा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। सांसद गणेश सिंह ने सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया फिट के नारे के साथ देश के उदीयमान खिलाडियों को विश्व के पटल पर ऊंचाइयों तक ले जाने का सपना देखा है। आज पूरे देश में खिलाडियों के लिए खेलों की अधोसंरचना का बडा स्ट्रक्चर खडा हुआ है। सतना में दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, धवारी क्रिकेट स्टेडियम, स्पोर्ट काम्पलेक्स जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधायें उपलब्ध की जा रही है।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com